राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 29
लखनऊ, बुधवार 7 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लेखपालों के चार्ज छोड़ने से जाति प्रमाणपत्र अटके 10

आवास निर्माण में रचा नया कीर्तिमान : शर्मा 03

### सर्राफा बाजार

गोल्ड 24 कैरेट = 1,50,370/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,37,850/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,12,820/10 ग्राम
चांदी = 2,35,000/किग्रा



## एसआईआर के विरोध में इंडिया ब्लॉक का मार्च और धरना

# राहुल-प्रियंका, अखिलेश हिरासत में

- रात 10 बजे के बाद नेताओं को किया रिहा
- आठ घंटे से अधिक चला विपक्ष का धरना

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस समेत इंडिया ब्लाक के नेताओं ने मार्च लिकाला, प्रदर्शन किया और धरने पर बैठे। आकाशवाणी भवन पर धरना दे रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेताओं को पुलिस ने रात में हिरासत में ले लिया और परिसर को खाली करा लिया। देर रात उन्हें रिहा किया गया। हिरासत में लिए जाने से पहले तक राहुल और प्रियंका आठ घंटे से अधिक समय से धरने पर बैठे रहे।

प्रदर्शन के दौरान कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। आकाशवाणी भवन के बाहर दिल्ली पुलिस, महिला पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई।

विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार से चुनाव आयोग मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर मार्च रोक दिया। इसके बाद कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। राहुल और प्रियंका बाद में आकाशवाणी भवन परिसर पहुंचे और बरगद के पेड़ के नीचे धरने पर बैठ गए। राहुल गांधी ने कहा कि जब तक उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलने नहीं दिया जाता, वे वहां से नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है। राहुल ने पुलिस से कहा कि यदि आकाशवाणी परिसर में प्रदर्शन से परेशानी है, तो उन्हें दूसरी जगह उपलब्ध कराई जाए।

धरने के दौरान प्रियंका गांधी तिरंगे के सामने हाथ फैलाकर खड़ी नजर आई। इसी दौरान राहुल की पुलिस अधिकारियों से बातचीत हुई। राहुल ने एक पुलिस अधिकारी से प्रियंका को नहीं छूने के लिए कहा। राहुल गांधी ने दावा किया कि करीब 300 लोकसभा और राज्यसभा सांसद मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें रोका गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से चुनाव आयोग को मिलना चाहिए। इंडिया ब्लाक का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' सुबह करीब 10 बजे संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए बैरिकेड लगाए। कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेड पर चढ़ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आकाशवाणी के गेट पर भी धक्का दिया। इसके बाद कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बसों में बैठाया गया। राहुल और प्रियंका भी हिरासत में लिए गए, लेकिन बाद में दोनों बस से उतरकर आकाशवाणी परिसर पहुंचे और धरने पर बैठ गए।



नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन से राहुल गांधी को हिरासत में लेती पुलिस।

### विपक्ष की 5 प्रमुख मांगें

इंडिया ब्लाक की पांच प्रमुख मांगों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा, एसआईआर रद्द करने, मतदाता सूची में पारदर्शिता, ईवीएम के स्थान पर मतपत्र से चुनाव कराने और चुनाव प्रक्रिया में विपक्षी दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग शामिल है।

ज्ञानेश, इट्स डन ब्रो, अब इस्तीफा देने का समय है।
**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

लोकतंत्र और मताधिकार की लड़ाई।
**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद**

निष्पक्ष हैं तो हमारी बात सुनें।
**-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**

हम अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

यह चुनावी हार की हताशा है।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

कांग्रेस देश में अराजकता फैलाना चाहती है।
**-संबित पात्रा, भाजपा नेता**

## सपाइयों की यूपी के कई जिलों में पुलिस से झड़प



- लखनऊ में सपाईयों को बस में ले गई पुलिस
- आगरा में धक्का-मुक्की बरेली-मथुरा में भी प्रदर्शन

**लखनऊ।** सेव डेमोक्रेसी मार्च में शामिल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश में सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, बरेली, बहराइच, मऊ, सीतापुर, देवरिया, मथुरा और महोबा समेत कई जिलों में प्रदर्शन हुए।

लखनऊ में सपा कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन कर सीईसी के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई।

पुलिस कई कार्यकर्ताओं को बस में बैठाकर ले गई। आगरा में सीईसी का पुतला फूंकने की कोशिश के दौरान पुलिस और सपाइयों के बीच नोकझोंक हुई। बरेली में चौकी चौराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा और सीईसी ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। बहराइच में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और रास्ता रोक दिया।

पुलिस ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो धक्का-मुक्की हुई। गोरखपुर में 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर धरना दिया। मथुरा में कार्यकर्ताओं ने सीईसी का पुतला जलाया। देवरिया और मऊ में भी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के झटकों से कांपा उत्तर भारत

**नई दिल्ली।** मंगलवार रात करीब 10:25 बजे दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता 4.4 बताई गई। हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी झटके महसूस हुए। दिल्ली-एनसीआर में लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। शुरुआती जानकारी के अनुसार भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### आशुतोष दीक्षित होंगे नए वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित 31 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख का पदभार संभालेंगे। वर्तमान में वह वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर कार्यरत हैं। दीक्षित अनुभवी लड़ाकू विमान पायलट हैं और उन्हें 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3,300 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव है। उन्होंने मिराज-2000, मिग-21, जगुआर और हॉक समेत कई प्रमुख विमानों को उड़ाया है।

### दवाओं की खरीद-बिक्री कीमत होगी सार्वजनिक

**लखनऊ।** दवाओं की खरीद कीमत और मरीजों से वसूली जाने वाली रकम में बड़े अंतर पर उत्तर प्रदेश में शिकंजा कसने की तैयारी है। एफएसडीए आयुक्त डा. रोशन जैकब ने राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) को पत्र भेजकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश में एक नवंबर से अस्पतालों की फार्मेसियों में दवाओं की खरीद और बिक्री कीमत सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा।

### विशेषाधिकार हनन मामले पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पत्रकारों के खिलाफ पारित विशेषाधिकार हनन के 23 साल पुराने मामले में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ सुनवाई कर रही है। विधानसभा ने 2003 में प्रस्ताव पारित किया था, जिसे 2004 में वापस ले लिया गया था। मामला 'द हिंदू' और 'मुरासोली' के तत्कालीन संपादकों की याचिकाओं से जुड़ा है।

### उपचुनाव में जमकर बरसे वोट, बंगाल में 79%

**नई दिल्ली।** तीन राज्यों और पुडुचेरी की पांच विधानसभा सीटों तथा असम की नागांव लोकसभा सीट पर मंगलवार को हुए उपचुनाव में मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम में 79.39 और रेजीनगर में 78.42 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु की मदुरंतकम सीट पर 83.86 और धारापुरम में 78.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

## मोबाइल असेंबल से माइक्रोचिप तक पहुंचा हमारा राज्यः सीएम

- सेमीकंडक्टर व एआई से रखी जा रही नई डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब मोबाइल असेंबली से आगे बढ़कर माइक्रोचिप निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में निवेश से प्रदेश नई डिजिटल अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव तैयार कर रहा है।

योगी ने मंगलवार को कहा कि साढ़े नौ वर्षों में देश के करीब 60 प्रतिशत मोबाइल फोन और 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक घटकों के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी है। जेवर में 3,706 करोड़ रुपये की लागत से एचसीएल-फॉक्सकॉन की चिप इकाई स्थापित की जा रही है। प्रदेश में 644 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर के प्रस्ताव भी आए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 24 हजार से अधिक स्टार्टअप और आठ यूनिकॉर्न हैं। 'एआई प्रज्ञा' पहल के तहत 10 लाख युवाओं को उभरती तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तकनीकी यात्रा अब मोबाइल से मॉड्यूल और मॉड्यूल से माइक्रोचिप तक पहुंच गई है।



एचसीएल टेक लखनऊ कैंपस के 10वीं वर्षगांठ का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री।

### बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हैल्जेन को भौतिकी का नोबेल

**एजेंसी, स्टॉकहोम।** अंतरिक्ष से धरती तक पहुंचने वाले रहस्यमयी और अत्यधिक ऊर्जावान कणों को पकड़ने की नई राह दिखाने वाले बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हैल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। उन्हें यह सम्मान न्यूट्रिनो का पता लगाने और उनके अध्ययन के लिए विशाल डिटेक्टर के रूप में दक्षिणी ध्रुव की बर्फ का इस्तेमाल करने की अवधारणा विकसित करने के लिए मिला है। उनके विचार से आगे चलकर आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला अस्तित्व में आई, जिसने वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड की अत्यंत शक्तिशाली घटनाओं और उनके स्रोतों को समझने का नया माध्यम दिया।



**जीत की खुशी:** मंगलवार को लखनऊ में भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद विक्ट्री सिंबल दिखाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। (खबर देखें पेज 3 पर)

## लखनऊ में भारत की 'नवाबी जीत'

- अय्यर के शतकीय तूफान में उड़ी वेस्टइंडीज टीम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

श्रेयस अय्यर के तूफानी शतक की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज का शानदार आगाज किया। इकाना स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए पहले मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। 172 रन के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत ने लक्ष्य 32 गेंद शेष रहते हासिल किया। भारत की जीत के नायक श्रेयस अय्यर रहे। उन्होंने महज 43 गेंदों में नाबाद 102 रन की विस्फोटक पारी खेली। अय्यर ने अपनी पारी में 10 चौके और छह छक्के लगाए।

यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका पहला शतक है। उन्होंने ईशान किशन के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिलाई।



## खुशखबरी: शिक्षामित्रों के बढ़े मानदेय का बजट जारी

**अब मिलेंगे 18 हजार**

- सितंबर-अक्तूबर के लिए 460.23 करोड़ की धनराशि जारी
- प्रदेश के 1.27 लाख से अधिक शिक्षामित्रों को मिलेगा लाभ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश सरकार ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय के भुगतान का रास्ता साफ कर दिया है। प्रदेश में कार्यरत 1,27,841 शिक्षामित्रों के सितंबर और अक्तूबर के मानदेय के लिए 460.23 करोड़ रुपये की धनराशि की सीमा जारी की गई है। जिलावार धनराशि निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में 8,000 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि की घोषणा की थी। इसके बाद उनका मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़कर 18 हजार रुपये प्रतिमाह हो गया है। बढ़ी हुई दर से भुगतान होने पर शिक्षामित्रों को पहले की तुलना में अतिरिक्त आर्थिक सहायता मिलेगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार शिक्षामित्रों के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पूरी की जाए।

मानदेय भुगतान की व्यवस्था में बदलाव के कारण अभी तक शिक्षामित्रों को सितंबर का मानदेय जारी नहीं हो सका था।

## लखनऊ में बाढ़: तेज बहाव में छह दोस्त बहे, एक की मौत



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी में बाढ़ के हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। गोमती नदी का जलस्तर आठवें दिन भी बढ़ने से फैजुल्लागंज समेत निचले इलाकों में संकट गहरा गया है। फैजुल्लागंज में करीब 40 हजार घरों में पांच से छह फीट तक पानी भरने की बात सामने आई है। तीन लाख से अधिक लोग प्रभावित बताए जा रहे हैं। हालात बिगड़ने पर बड़ी संख्या में लोग घरों में ताला लगाकर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

इटौंजा में मंगलवार को बाढ़ के तेज बहाव में छह दोस्त बह गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों को बचा लिया गया। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रशासन और स्थानीय लोग राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। बाढ़ का असर धार्मिक स्थलों पर भी पड़ा है। लेटे हनुमानजी मंदिर के गर्भगृह में करीब 13 फीट पानी भर गया है।

## पंजाब के सीएम मान के कैंप ऑफिस पर सीबीआई छापा

- हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश के बाद कार्रवाई
- मान बोले, मुझे और सरकार को बदनाम करने की कोशिश

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कैंप ऑफिस में मंगलवार को सीबीआई की टीम पहुंची। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन के संगरूर स्थित घर और उनके भाई गुरकिरपाल सिंह थिंद के मोहाली स्थित आवास पर भी छापेमारी की गई। कार्रवाई के बाद पंजाब में सियासी हलचल तेज हो गई है।



सीबीआई की टीम ने मोहाली के फेज-11 स्थित गुरकिरपाल सिंह थिंद के घर पर भी जांच की। इसी दौरान अधिकारियों की एक टीम मुख्यमंत्री के कैंप ऑफिस पहुंची। हालांकि, छापेमारी के दौरान क्या दस्तावेज या अन्य सामग्री बरामद हुई, इसकी तत्काल जानकारी सामने नहीं आई है। यह कार्रवाई ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन पर लगे कथित भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी बताई जा रही है।

**गुड न्यूज**

### केंद्रीय कैबिनेट में एमएसएमई को 10 हजार करोड़ व आईटीएलए को मंजूरी

# एक छत के नीचे आएगा देश का पूरा परिवहन तंत्र

- 500 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का होगा मूल्यांकन
- सड़क-रेल, बंदरगाह व हवाई अड्डों की एकीकृत दीर्घकालिक योजना

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

देश के परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी (आईटीएलए) के गठन को मंजूरी दे दी गई। यह प्राधिकरण सड़क, रेल, बंदरगाह, विमानन, अंतर्देशीय जलमार्ग, तटीय जहाजरानी और शहरी परिवहन को एकीकृत करते हुए देश की दीर्घकालिक परिवहन योजना तैयार करेगा। इसके साथ ही एमएसएमई क्षेत्र को विस्तार और प्रतिस्पर्धा के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के ग्रोथ फंड को भी मंजूरी दी गई।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था सात से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि लॉजिस्टिक्स की मांग करीब 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। ऐसे में आने वाले वर्षों की जरूरतों का अभी से आकलन करना जरूरी है।



आईटीएलए परिवहन और लॉजिस्टिक्स से जुड़े विभिन्न मंत्रालयों तथा एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत करेगी। यह 10 से 30 वर्ष आगे की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अध्ययन करेगी कि देश को कितने नए रेलवे नेटवर्क, राजमार्ग, हवाई अड्डे, समुद्री बंदरगाह और अंतर्देशीय जलमार्गों की आवश्यकता होगी। पीएम गतिशक्ति के आधार को आगे बढ़ाते हुए परियोजनाओं की योजना अधिक वैज्ञानिक और एकीकृत तरीके से तैयार की जाएगी। आईटीएलए 500 करोड़ रुपए या उससे अधिक लागत वाली सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन और निगरानी करेगी। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय कराया जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उसके वास्तविक प्रभाव का भी आकलन किया जाएगा। प्राधिकरण जीएसटीएन ई-वे बिल, फास्टैग, वाहन, जीपीएस और शहरी यातायात से जुड़े आंकड़ों को एकीकृत करेगा। माल ढुलाई के प्रवाह और परिवहन के आरंभिक तथा अंतिम बिंदुओं से जुड़े आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर भविष्य की परियोजनाओं की योजना बनाई जाएगी।

### छोटे उद्योगों को बड़ा सहारा

एमएसएमई के लिए मंजूर 10 हजार करोड़ रुपए का ग्रोथ फंड छोटे और मध्यम उद्यमों को इक्विटी सहायता उपलब्ध कराने के लिए बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य कारोबारियों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी पूंजी उपलब्ध कराना है।

# अदालती आदेश पर कब्जे की कार्रवाई आठवीं बार अटकी

- प्रशासनिक सहयोग पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



अदालत के आदेश के बावजूद कब्जा दिलाने की कार्रवाई आठवीं बार भी पूरी नहीं हो सकी। सिविल जज सीनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय के आदेश पर निष्पादन वाद संख्या 4/2022, देवनारायण बनाम झिनकू आदि में कब्जा दिलाने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराने पहुंची न्यायालय की टीम को प्रशासनिक सहयोग के अभाव में बैरंग लौटना पड़ा। मौके पर मौजूद न्यायालय अमीन कमिश्नर ने प्रशासनिक स्तर पर सहयोग न मिलने पर नाराजगी जताई। न्यायालय अमीन कमिश्नर के अनुसार, न्यायालय ने उन्हें उक्त वाद में आदेश के अनुपालन के लिए ध्वस्तीकरण एवं कब्जे की कार्रवाई संपन्न कराने के लिए अधिकृत किया था। आदेश के तहत शांतिपूर्ण ढंग से कार्रवाई कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि तथा संबंधित क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी अपेक्षित थी। अमीन कमिश्नर ने बताया कि वह अपने सहकर्मी कमलेश कुमार, टीम और पुलिस बल के साथ दोपहर से मौके पर मौजूद रहे। उनके मुताबिक उस समय विपक्ष की ओर से कोई स्थगन आदेश भी प्रस्तुत नहीं किया गया था। पुलिस बल और संबंधित थाना प्रभारी मौके पर मौजूद रहे, लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी नहीं होने के कारण कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। अमीन कमिश्नर का कहना था कि प्रशासनिक अधिकारी के स्तर से आवश्यक सहयोग नहीं मिलने के चलते पुलिस ने भी बिना प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी के कार्रवाई करने में असमर्थता जताई। इससे न्यायालय के आदेश के अनुपालन की प्रक्रिया एक बार फिर रुक गई।

न्यायालय अमीन कमिश्नर ने बताया कि यह पहली बार नहीं है। उनके अनुसार, प्रशासनिक सहयोग के अभाव में कब्जे की कार्रवाई आठवीं बार पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश का प्रभावी अनुपालन तभी संभव है, जब न्यायालय, प्रशासन और पुलिस के बीच आवश्यक समन्वय हो। उन्होंने मौके की स्थिति और कार्रवाई पूरी न हो पाने के कारणों की रिपोर्ट तैयार कर उच्च न्यायिक अधिकारियों को भेजे जाने की बात कही है।

अमीन कमिश्नर के मुताबिक मौके की पूरी वस्तुस्थिति, प्रशासनिक स्तर पर सामने आई परिस्थितियों और कार्रवाई के विफल रहने की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट जनपद न्यायाधीश तथा सिविल जज सीनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय को भेजी जाएगी, ताकि मामले में आगे के विधिक निर्देश प्राप्त किए जा सकें।

अब मामला इस बात पर टिक गया है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रशासनिक और पुलिस तंत्र के बीच समन्वय कैसे स्थापित होता है और अगली कार्रवाई कब तक पूरी हो पाती है।

# एनसीसी के नौ कैडेट होमगार्ड परीक्षा में सफल

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



एमएलके पीजी कॉलेज के एनसीसी से जुड़े नौ कैडेटों ने उत्तर प्रदेश सरकार की होमगार्ड परीक्षा के अंतिम परिणाम में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि सफल कैडेटों में गणेश यादव और देशराज यादव ने सी प्रमाणपत्र, जबकि अमित तिवारी, बबलू चौधरी और आशीष पाठक ने बी प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। अवधेश वर्मा ने भी सी प्रमाणपत्र हासिल किया है। वर्तमान में एनसीसी प्रशिक्षण ले रहे सत्य प्रकाश तिवारी और दीप्ति पाण्डेय ने सी प्रमाणपत्र के लिए प्रशिक्षण लिया है। आनंद सिंह और वीरेंद्र कुमार भी सी प्रमाणपत्र प्राप्त कर चुके हैं। लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण से कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व, जिम्मेदारी और टीम भावना विकसित होती है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न सेवाओं में सफलता के लिए उपयोगी साबित होती है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने सफल कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी एनसीसी से जुड़कर बेहतर अवसर हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के कैडेट विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा विश्वकर्मा, प्राणि विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश मौर्य, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन, डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. रमेश शुक्ल, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. स्वदेश भट्ट, डॉ. ए.के. दीक्षित सहित बटालियन के पीआई स्टाफ ने कैडेटों को बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### महिला को जेठ-जेठानी ने लाठी-डंडों से पीटा, हालत गंभीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र के सरांय पाण्डेय गाँव में पुश्तैनी मकान की साफ-सफाई करने को लेकर एक महिला पर उसके ही ससुराल वालों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित महिला रीना पत्नी रमानन्द रावत ने बताया कि वह अपनी सास नन्दरानी के साथ अपने पुराने पुश्तैनी मकान की सफाई कर रही थी। इसी दौरान उनके जेठ रामसागर, जेठानी, भतीजे टिंकू व आलोक और रामकिशोर की पत्नी ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने महिला को लाठी-डंडो और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। गंभीर रूप से घायल पीड़िता ने लोनीकटरा थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही में जुट गई है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट व जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** जनपद के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर मजरे दूंदीपुर गाँव में घर के अंदर खाना बना रही एक महिला के साथ दबंगों द्वारा मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता कमरूल फातिमा पत्नी मो0 अनीस ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 5 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे विपक्षी इमरान और अरमान पुत्रगण लुकमान बिना किसी कारण के उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने महिला के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता को पूरे परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला व उसके पति से मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुरुदयाल पुरवा में दबंगों द्वारा एक महिला और उसके पति के साथ बेरहमी से मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता पुष्पा पत्नी उपदेश रावत ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही आशू, करन, नन्दकिशोर रावत और गुड्डा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, 4 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे सभी आरोपी शराब के नशे में धूत होकर उनके दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूसों व डंडों से पीड़िता को पीटना शुरू कर दिया। जब उसके पति उपदेश रावत बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे पहले भी कई बार प्रताड़ित कर चुके हैं।

### सपा कार्यकर्ताओं व पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

**बहराइच।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की खबर के बाद मंगलवार दोपहर सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। दोपहर तीन बजे जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अगुवाई में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर इकट्ठा हुए। उन्होंने अखिलेश यादव की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लेटकर रास्ता रोक दिया, जिससे जाम लग गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की तो दोनों पक्षों में झड़प हुई। देखते ही देखते पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों का आमना-सामना होता रहा। कुछ कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ते भी दिखे, जिससे कलेक्ट्रेट के बाहर अफरातफरी मच गई। सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव की गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया, तत्काल रिहाई मांगी। प्रदर्शन से यातायात पर असर पड़ा, पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई।

### बंकू सिस्टर्स के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**बहराइच।** रिसिया के श्री सीता राम दरबार कुट्टी बाबा तपोस्थली पर राम नाम संकीर्तन कार्यक्रम हुआ। इसमें अयोध्या धाम की बंकू सिस्टर्स ने अपने मधुर भजनों से समा बांध दिया। उनके भजनों पर लोग खूब झूमे और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यह कार्यक्रम पितृ पक्ष में पितरों की शांति और कृपा पाने के लिए आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री राम चरित मानस गायन का हिस्सा है। इसका आयोजन पं. धर्मेंद्र तिवारी की देखरेख में चल रहा है, जो सरल भाषा में मानस की व्याख्या भी कर रहे हैं। मानस कार्यक्रम के बीच पिछले चार दिनों से देर शाम शास्त्रीय, कर्नाटकीय और अवधी शैली में भजन गाए जा रहे हैं। मानस गायन के दसवें दिन बंकू सिस्टर्स ने 'राधे राधे जपो, चले आंएगे बिहारी' और 'राम जी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी' जैसे भजनों से मंदिर परिसर में खूब झुमाया। महिलाएं और युवा इन भजनों पर झूम उठे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। युवाओं की टोली भी खास आकर्षण रही। कार्यक्रम में प्रमोद मित्तल, दिलीप कुमार, राकेश मित्तल, हरि शंकर, अंकुर, कान्हा, अनंत श्रीवास्तव, जतिन, सूरज और प्रकाश गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### व्हाट्सऐप लिंक खोलते ही खाते से 5.77 लाख उड़े

**बहराइच।** व्हाट्सऐप पर आए एक लिंक को खोलना दरगाह थाना क्षेत्र की एक महिला को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने महिला के बैंक खाते से 5,77,905 रुपये ऑनलाइन निकाल लिए। बैंक मैसेज से महिला को ठगी का पता चला। पीड़िता के पति राजेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। बघौड़ा गांव निवासी राजेंद्र की पत्नी सावित्री का सिंघा परासी स्थित बैंक शाखा में बचत खाता है।

# वन्य जीव सप्ताह में जागरूकता अभियान तेज



**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

वन्य जीव सप्ताह के तहत सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग में मानव-वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम और वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। भांभर, रामपुर, तुलसीपुर, बरहवा, बनकटवा तथा पूर्वी और पश्चिमी सोहेलवा रेंज में वन विभाग की टीमों ने गांवों में गश्त कर ग्रामीणों को सतर्क किया। भांभर रेंज में 4 से 5 किलोमीटर पैदल गश्त कर वन्य जीवों के पगचिह्न और गतिविधियों की निगरानी की गई। बेलभरिया, परसरामपुर, मड़नी और गोड़नी सहित अन्य गांवों में गोष्ठियां आयोजित कर वन्य जीव दिखाई देने पर सुरक्षित व्यवहार की जानकारी दी गई। विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कर विद्यार्थियों को वन्य जीव एवं वन संरक्षण का संदेश दिया गया। बच्चों को मानव-वन्य जीव सह-अस्तित्व, वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। वन क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। प्रवेश मार्गों और पगडंडियों पर निगरानी के साथ रात्रि गश्त भी की जा रही है। वन विभाग ने लोगों से वन्य जीव दिखाई देने पर भीड़ न लगाने, उनके करीब न जाने और तत्काल वन विभाग या पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

# हरैया में नवरात्र-दशहरा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



आगामी नवरात्रि, मां दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना हरैया परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी ललिया डीके श्रीवास्तव ने की। बैठक में दुर्गा प्रतिमा एवं रामलीला आयोजकों के साथ ग्राम प्रधान, दोनों समुदायों के धर्मगुरु, डीजे संचालक तथा क्षेत्र के अन्य लोग शामिल हुए। अधिकारियों ने शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

अधिकारियों ने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी समस्या या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही। उपस्थित लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुआ श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों/निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श हेतु श्रम विभाग बहराइच द्वारा गेंद घर परिसर में आयोजित ''श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर'' का जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी द्वारा शुभारम्भ किया गया। श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों को आयोजन स्थल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाये स्टालों के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण, ओपीडी सुविधा, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक जाँच, रेफरल, स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता एवं आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ साथ श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित जानकारी यथा श्रमिकों का पंजीकरण, नवीनीकरण एवं योजनाओं के लिए पंजीकरण एवं आवेदन तथा हितलाभ भी प्रदान किया जायेगा। श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर में लगभग 700 श्रमिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाये स्टालों पर उपस्थिति चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा 471 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण तथा उचित परामर्श प्रदान किया गया तथा 271 श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन/नवीनीकरण की कार्यवाही करते हुए विभागीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि पूर्वान्ह में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ गेंद घर परिसर का भ्रमण कर श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर के लिए लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा व श्रम विभाग की टीम ने दिया सहयोग



**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में जिला चिकित्सा विभाग और श्रम विभाग की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। चिकित्सा दल में डॉ. ए.के. चौधरी, डॉ. ए.के. शुक्ला (एसीएमओ), डॉ. फ़ैज़ान रज़ा, डॉ. अमित कुमार वर्मा, डॉ. अक्षय कुमार वर्मा, डॉ. सुजीत कुमार (मेडिकल अधीक्षक, सीएचसी तुलसीपुर), मोनिका अवस्थी (पैरामेडिकल स्टाफ), कुसुम (डेंटल हाइजीनिस्ट), प्रीति मिश्रा (काउंसलर), दिलीप (मनोचिकित्सकीय नर्सिंग अधिकारी) तथा डॉ. पुष्कर सिंह (चिकित्सा अधिकारी) शामिल रहे। श्रम विभाग की ओर से रिज़वान खान और शिशिर श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने सहभागिता की। चीनी मिल प्रबंधन की ओर से यूनिट हेड आर.एस. प्रसाद, मानव संसाधन प्रमुख आशीष प्रताप सिंह, इंजीनियरिंग हेड टीकम सिंह, कमर्शियल हेड रवीन्द्र कुमार जायसवाल और प्रोडक्शन हेड उमेश राय ने शिविर में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# 17 स्थानों पर स्थापित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं शांति व सौहार्द बनाए रखने पर दिया जोर

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच**



थाना खैरीघाट क्षेत्र में आगामी दुर्गा पूजा एवं अन्य त्योहारी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चौकी बैवाही परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं आयोजकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चौकी बैवाही क्षेत्र में कुल 17 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। उन्होंने सभी पूजा समितियों के आयोजकों से अपील की कि त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि पूजा समितियां अपने सदस्यों का चयन जिम्मेदारी के साथ करें और यह सुनिश्चित करें कि समिति में शामिल कोई भी सदस्य नशे का सेवन न करता हो। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूजा समिति के सदस्यों को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करना होगा। पंडाल में आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने के साथ ही दानपात्र की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में डीजे संचालन को लेकर भी आयोजकों एवं डीजे संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने कहा कि डीजे पर केवल धार्मिक एवं मर्यादित गीत ही बजाए जाएं। ऐसे किसी भी गीत या संगीत का प्रयोग न किया जाए, जिससे किसी धर्म या समुदाय की भावनाएं आहत हों अथवा सांप्रदायिक माहौल प्रभावित हो। साथ ही निर्धारित मानकों के अनुरूप कम आवाज में डीजे बजाने के निर्देश दिए गए।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर व विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

- विधवा पेंशन के लिए आई महिला से मिले डीएम
- स्वयं साथ लेकर पेंशन प्रकरण की ली जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर संयुक्त कार्यालय, अभिलेखागार, उप निबंधक कार्यालय सहित विभिन्न पटलों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट में विधवा पेंशन से सम्बन्धित समस्या लेकर पहुंची महिला से जिलाधिकारी ने स्वयं मुलाकात कर उसकी समस्या जानी। इसके बाद जिलाधिकारी महिला को अपने साथ सम्बन्धित पटल पर ले गए तथा उसके पेंशन प्रकरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्र महिला को पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न कार्यालयों में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने तथा कार्यालयों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। उप निबंधक कार्यालय में भी उन्होंने कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों की स्थिति का जायजा लिया।

# सपा महिला सभा का चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन, की नारेबाजी

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



समाजवादी महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को तुरंत पद से हटाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया।समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष मन्नू देवी के नेतृत्व में कई महिला कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचीं।

उन्होंने कहा कि वोटों में हेराफेरी कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। कार्यकर्ताओं ने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। महिला कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव प्रक्रिया को साफ-सुथरा और सही तरीके से कराने की बात कही।

उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए नगर मजिस्ट्रेट के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इसमें जांच और कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन को देखते हुए धरना स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

# विद्युत विभाग के खिलाफ उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, सड़क जामकर किया प्रदर्शन

- बीते 10 दोनों से अंधेरे में बीता रहे जीवन
- संचार माध्यम प्रभावित

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज महसी मार्ग पर बेहडा पावर हाउस के सामने सड़क जामकर सैकड़ों उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान आवागमन प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बीते 10 दिनों से बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है। कोई कर्मचारी व अधिकारी लाइन सही कराने की तो दूर फोन उठाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। प्रदीप कुमार सिंह, जयंकर सिंह सहित अन्य कई लोगों ने बताया कि बीते एक सप्ताह पूर्व हुई अतिवृष्टि में बेहडा पावर हाउस से बेलामकन गांव के बीच करीब आठ पोल टूटे हुए हैं। जिस कारण विद्युत व्यवस्था ठप पड़ी है। सही कराने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश जा रही। लेकिन कोई फोन उठाने को तैयार नहीं है। विद्युत व्यवस्था बहाल न होने से बच्चों की पढ़ाई, दूरसंचार माध्यम सहित अन्य तमाम जरूरी कार्य प्रभावित है। रात के अंधेरे में कीड़ों मकोड़े एवं विषैले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। प्रदर्शनकारियों ने जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं इस संबंध में जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया। लेकिन फोन नहीं उठा।

# जननी-जनक महोत्सव में लगा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान का मेला

- 175 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान
- बेटे-बेटियों ने किया माता-पिता का पूजन
- माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई पूजा नहीं : विवेक वर्मा

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**



माता-पिता के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता की भावना को सामाजिक संस्कार बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छन्दवल स्थित निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल परिसर में भावनाओं और संस्कारों से ओतप्रोत 20वां जननी-जनक महोत्सव एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह-2026 आयोजित किया गया। स्वयंसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान/बिरजू संस्थान द्वारा आयोजित इस महोत्सव में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 175 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान बेटे-बेटियों और बहुओं ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उनके सम्मान, सेवा और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधी साहित्यकार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रामबहादुर मिश्र ने की।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शफात अहमद व उसकी पत्नी फरीदा बानों को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**इफ्तिखार अहमद पुत्र जलील अहमद, निवासी नाला पार दक्षिणी, गिरदही टोला, फतेहपुर, जनपद-बाराबंकी।**

## लखनऊ-फर्रुखाबाद से चित्रकूट-झांसी तक व विंध्य-गंगा एक्सप्रेसवे का नेटवर्क होगा मजबूत

# 8 लिंक एक्सप्रेसवे पर होगी हाईस्पीड कनेक्टिविटी

- एक्सप्रेसवे के एंट्री प्वाइंट को चित्रकूट धाम व एमपी से जोड़ेगा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



यूपी में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे जैसे बड़े एक्सप्रेसवे बन चुके हैं या पूरे होने के करीब हैं। सरकार ने एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़कर प्रदेश में एक्सप्रेसवे ग्रिड बनाने पर फोकस किया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा ने एक्सप्रेसवे नेटवर्क की ग्रिड कनेक्टिविटी के लिए 67800 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। 932 किमी के आठ नए लिंक और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण का रास्ता साफ होगा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े एक्सप्रेसवे का ग्रिड बनेगा। झांसी लिंक एक्सप्रेसवे 6 लेन का है। ये ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सीधे झांसी और बीडा इंडस्ट्रियल सिटी से जोड़ता है।इससे बुंदेलखंड डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड को रफ्तार मिलेगी।ये 118.9 किमी का सबसे बड़ा हो सकता है। इसकी निर्माण लागत 5001 करोड़ हैं जो भूमि अधिग्रहण समेत 7968 करोड़ रुपये हो सकती है। टेंडर जारी करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर रहेगी और निर्माण कार्य 3 साल में पूरा होगा।जेवर-गंगा लिंक एक्सप्रेसवे 6 लेन का ग्रीनफील्ड कॉरिडोर है, जो जेवर में नोएडा एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेसवे को बुलंदशहर के रास्ते 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा।इससे वेस्ट यूपी, मेरठ और दिल्ली समेत पूरे एनसीआर की जेवर एयरपोर्ट से सीधी हाईस्पीड कनेक्टिविटी होगी। 75 किमी में 9 किमी एलिवेटेड रोड होगा, इसकी लागत 4500 से 5200 करोड़ रुपये हो सकती है।15 अक्टूबर तक टेंडर की समयसीमा के साथ ढाई से 3 साल में कंप्लीट होगा।लखनऊ लिंक एक्सप्रेसवे 6 लेन का है, जो 294 किमी लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को 341 किमी लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को लखनऊ शहर के बाहर जोड़ेगा। दिल्ली-नोएडा से आगरा होते हुए गाजीपुर, बिहार जाने वाले वाहनों को लखनऊ के ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।51 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेसवे की लागत लगभग 4776 करोड़ है। 15 अक्टूबर तक टेंडर जारी करने के साथ दो से ढाई साल में बनाने का टारगेट है। फर्रुखाबाद का 6 लेन का लिंक एक्सप्रेसवे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को फर्रुखाबाद से जोड़ते हुए शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे से सीधे कनेक्ट करेगा। यह कॉरिडोर इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई और शाहजहांपुर को राज्य के दो मुख्य एक्सप्रेसवे से जोड़कर हाईस्पीड कनेक्टिविटी देगा। 91 किमी के लिंक एक्सप्रेसवे की लागत 5500 से 6 000 करोड़ रुपये है। 15 अक्टूबर तक टेंडर के साथ 30 माह में पूरा होगा। परियोजना में 95फीसदी भूमि अधिग्रहण हो चुका है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे 4 लेन बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के एंट्री प्वाइंट को चित्रकूट धाम और मध्य प्रदेश बॉर्डर से जोड़ेगा। इससे चित्रकूट और बुंदेलखंड डिफेंस नोड को डायरेक्ट सुपरफास्ट कनेक्टिविटी मिलेगी।15 किमी के लिंक एक्सप्रेसवे की लागत 800 करोड़ रुपये है। 30 अक्टूबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ दो से ढाई साल में पूरा होगा।यह 6 लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही होते हुए सोनभद्र से सिंगरौली, एमपी बॉर्डर तक जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे के प्रयागराज टर्मिनल और बुंदेलखंड, पूर्वांचल के साथ विंध्य क्षेत्र के खनन-ऊर्जा हब को लखनऊ और दिल्ली से सीधे जोड़ेगा। 320 से 333 किमी के विंध्य एक्सप्रेसवे की लागत 25 हजार करोड़ रुपये है।30 नवंबर तक टेंडर की समयसीमा के साथ 4 सालों में पूरा करने का लक्ष्य है।16 लेन का ये लिंक एक्सप्रेसवे विंध्य एक्सप्रेसवे को वाराणसी-गाजीपुर क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा।सोनभद्र, मिर्जापुर और वाराणसी को गाजीपुर, बलिया और बिहार बॉर्डर तक हाईस्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी। 117 किमी के एक्सप्रेसवे 7500-8000 करोड़ खर्च होंगे.30 नवंबर तक टेंडर तीन साल में पूरा होगा।

# 'निगाह तीन पर नहीं, 403 पर' : अखिलेश यादव

- राज्यसभा में तीसरा उम्मीदवार नहीं उतारेगी सपा
- यूपी में राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी के तीसरे उम्मीदवार को लेकर चल रहा सस्पेंस लगभग खत्म हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर संकेत दिया कि पार्टी तीसरा प्रत्याशी नहीं उतारेगी। उन्होंने लिखा, 'अब हमारी निगाह तीन पर नहीं, चार सौ तीन पर है।' उनके इस बयान को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर पार्टी के फोकस से जोड़कर देखा जा रहा है।

सपा पहले ही वरिष्ठ नेता प्रो. राम गोपाल यादव और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अधिकारी धनराज परिमल नाथवानी को राज्यसभा प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। दोनों नामांकन भी दाखिल कर चुके हैं। तीसरे उम्मीदवार को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलें चल रही थीं। पार्टी प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने पहले दावा किया था कि पर्याप्त संख्या बल जुटने पर तीसरा प्रत्याशी उतारा जाएगा। हालांकि, अखिलेश के ताजा बयान के बाद इसकी संभावना लगभग समाप्त मानी जा रही है। अखिलेश यादव के '403' वाले बयान को 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति का संकेत माना जा रहा है। सपा का जोर संगठन को मजबूत करने और प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर अपनी स्थिति बेहतर करने पर है। राज्यसभा चुनाव में तीसरा प्रत्याशी उतारने के बजाय पार्टी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर संसाधन और राजनीतिक ऊर्जा केंद्रित कर सकती है। इस बीच भाजपा ने राज्यसभा की 10 सीटों में से अपने आठ प्रत्याशी घोषित किए हैं। धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और दोनों उपमुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में नामांकन दाखिल करेंगे। तीसरे प्रत्याशी को लेकर सपा पर निशाना साधते हुए सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने भी अखिलेश यादव से सवाल किया था कि यदि तीसरा उम्मीदवार उतारा जाता है तो वह पीडीए के 'डी' और 'ए' वर्ग से होगा या नहीं। अब अखिलेश के बयान के बाद राजभर के सवालों पर भी विराम लग गया है।

## खबरें एक नजर में

### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में धरने पर बैठे राहुल और प्रियंका गांधी के समर्थन में प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त (ईसीई) ज्ञानेश कुमार का विरोध जताकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्षी नेताओं को हिरासत में रखना लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हजरतगंज में प्रदर्शन बढ़ने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छैन्प् कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सभी हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया गया। हिरासत में लिए जाने से पहले एनएसयूआई कार्यकर्ता लगातार राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की रिहाई की मांग करते रहे। प्रदर्शन के दौरान हजरतगंज क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई थी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर यातायात और कानून-व्यवस्था सामान्य बनाए रखने की कार्रवाई की।

### लखनऊ एयरपोर्ट के लेबर कैंप में आग, दूसरी मंजिल से कूदा मजदूर

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट परिसर में बने लेबर कैंप में मंगलवार सुबह 6.30 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में तीन मंजिला बिल्डिंग जल गई। धुआं 2 किमी दूर से दिखाई दिया। तुरंत फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां पहुंचीं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दो मजदूर घायल हुए हैं। एक आग की चपेट में आने से झुलस गया, जबकि दूसरा दूसरी मंजिल से कूदने की वजह से चोटिल हुआ। जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह टर्मिनल से करीब 800 मीटर दूर है। इसे मजदूरों के रहने के लिए अस्थायी तौर पर पीवीसी यानी प्लास्टिक से बनाया गया था। यही वजह थी कि आग बहुत तेजी से फैली। हालांकि, हादसे से विमानों के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है। एयरपोर्ट परिसर की इस बिल्डिंग में बिल्डिंग के प्रत्येक तल में 11 -11 कमरे ( कुल 33) कमरे हैं। लेकिन जले सिर्फ 17 हैं।

### पंखे का तार लोहे की चारपाई से टच हुआ, तीन बच्चे घायल

**लखनऊ।** मंगलवार सुबह कटे हुए पंखे का तार लोहे की चारपाई से टच हो गया। इससे चारपाई में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से तीन बच्चे हो गए। हादसे के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। तीनों बच्चों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, 6 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे मलिहाबाद क्षेत्र के टाड़खेड़ा गांव में हादसा हुआ। टाड़खेड़ा निवासी संदीप मौर्य की बेटी आराध्या (6) और बेटा मयंक (5) तथा काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया निवासी कृष्ण मौर्य का बेटा दुर्गेश चारपाई के संपर्क में आने से करंट की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि पंखे का तार कटा हुआ था। तार लोहे की चारपाई से टच हो गया, जिससे उसमें करंट दौड़ गया। बच्चे चारपाई के संपर्क में आए तो उन्हें करंट लग गया।

### सपाईयों का अखिलेश यादव की हिरासत के विरोध में प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर चुनाव आयोग कार्यालय की ओर मार्च कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया। हजरतगंज में सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

# बाढ़ में फंसे गांव पहुंचने को डीसीपी ने चलाई नाव



- ग्रामीणों के बीच लगाई चौपाल
- लाइफ जैकेट पहनकर बेहता नाला किया पार
- बच्चों को बांटे बिस्किट और खाद्य सामग्री

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद, लखनऊ।**

बाढ़ प्रभावित गांवों में फंसे लोगों का हाल जानने के लिए मंगलवार को डीसीपी उत्तरी अमित कुमार ने बेहता नाला नाव से पार किया और ग्राम पंचायत रूसेना के मजरा झाऊबेरिया पहुंचे। उनके साथ एसीपी मलिहाबाद और रहीमाबाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी। बेहता नाले में आई भीषण बाढ़ के कारण झाऊबेरिया का संपर्क प्रभावित है। तीन तरफ जंगल और एक तरफ नाले से घिरे इस मजरे में ग्रामीणों के आवागमन के लिए प्रशासन ने नाव की व्यवस्था की है। जरूरी काम और आपात स्थिति में ग्रामीण इसी नाव के सहारे गांव से बाहर निकल रहे हैं। गांव पहुंचने के बाद डीसीपी ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बाढ़ के दौरान सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। बच्चों को पानी के पास न जाने दें और आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें।

डीसीपी ने महिलाओं और बुजुर्गों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

उन्होंने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान बच्चों को बिस्किट भी बांटे गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और बाढ़ के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की।

# भाजपा के आठों प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

- सीएम योगी की मौजूदगी में विधान भवन में भरे पर्चे
- उपमुख्यमंत्री समेत सरकार के कई मंत्री रहे मौजूद

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के सभी आठ प्रत्याशियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के अंतिम दिन विधान भवन में भाजपा प्रत्याशियों ने अपने-अपने पर्चे दाखिल किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं। भाजपा की ओर से धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, रामप्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार ने नामांकन किया। इस दौरान विधान भवन परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों की मौजूदगी रही। नामांकन के दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत प्रदेश सरकार के कई मंत्री मौजूद रहे। इनमें सुरेश खन्ना, राकेश सचान, आशीष पटेल, डॉ. संजय निषाद, कपिलदेव अग्रवाल, जेपीएस राठौर, दिनेश प्रताप सिंह, गिरीश चंद्र यादव, ब्रजेश सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, रजनी तिवारी और बलदेव सिंह औलख प्रमुख रहे। राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उत्तर प्रदेश से आठ प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी तस्वीर और स्पष्ट हो गई है। पार्टी ने संगठन और सरकार के स्तर पर प्रत्याशियों के समर्थन में विधायकों को एकजुट रखने की रणनीति पर भी जोर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में एक साथ सभी आठ प्रत्याशियों का नामांकन कराया जाना भाजपा की चुनावी तैयारी और एकजुटता का संदेश माना जा रहा है। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा विधायक, मंत्री और संगठन के पदाधिकारी भी विधान भवन पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्याशियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और दोनों उपमुख्यमंत्रियों की मौजूदगी ने भी नामांकन कार्यक्रम को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया।

### फेस पेंटिंग से दिया वन्य जीव संरक्षण का संदेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी के नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है। 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाले वन प्राणी सप्ताह में मंगलवार को स्कूली बच्चों के लिए फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित इस प्रतियोगिता में राजधानी के 50 से अधिक स्कूलों के 400 से अधिक बच्चों ने चेहरे को कैनवास बनाकर वन्य जीव और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राणी उद्यान के शिक्षा अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि वन प्राणी सप्ताह के अंतर्गत 12 वर्ष की आयु तक के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क है। प्रतियोगिताओं का तथा वन्य प्राणी सप्ताह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ 8 अक्टूबर को होगा।

# शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी कैबिनेट मंत्रियों से मिले

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

68,500 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार सुबह 'दस्तक दो अभियान' के तहत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, स्वतंत्र देव सिंह सहित पाँच कैबिनेट मंत्रियों और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने सभी नेताओं के समक्ष मांग रखी कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेश का अनुपालन करते हुए 68,500 शिक्षक भर्ती में पूर्णांक 150 में से 60 अंक अर्थात 40 प्रतिशत पर संशोधित परिणाम जारी किया जाए और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह ने बताया कि पिछले सात वर्षों से यह सभी अभ्यर्थी आंदोलनरत हैं और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। इसी मांग को लेकर पिछले 36 दिनों से ईको गार्डन में धरने पर बैठे है। आज अभ्यर्थियों की अलग अलग टोलियों ने मंत्रियों के आवास पर जाकर दश्तक दी ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों की पहली टोली ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों के अनुसार, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और विभागीय कार्यवाही में चल रही है तथा विभाग के मंत्री भी इस मामले में कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ÷आपके साथ न्याय होगा। इसके बाद दूसरी टोली ने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों के अनुसार, ज्ञापन लेते हुए उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और जल्द कार्रवाई होगी। तीसरी टोली ने कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद से मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत कराया। अभ्यर्थियों के अनुसार, मंत्री ने कहा कि वह मामले को उच्च अधिकारियों और बेसिक शिक्षा मंत्री के समक्ष रखकर वार्ता करेंगे। चौथी टोली ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों के अनुसार, उन्होंने कहा कि वह इस प्रकरण पर जल्द मुख्यमंत्री से वार्ता कर मामले का निस्तारण कराने का प्रयास करेंगे।

# कैफे पर छापा, 42 लोग पकड़े गए, 14 हुक्के व 6 चिलम बरामद

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी के कैसरबाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार देर रात सिटी होटल के ऊपर संचालित कैफे टेल्स कैफे में छापा मारा। जहां लोगों को अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने मौके से हुक्का पीने और परोसने वाले 42 लोगों को हिरासत में लिया। मौके से 14 हुक्के, छह भरी चिलम, 20 खाली चिलम, 10 पाइप और 11 फ्लेवर पैकेट बरामद किए गए। कैफे संचालक सैय्यद जिया अली उर्फ दाऊद, बिलाल और सारिक पुलिस को देखकर पीछे के रास्ते से भाग निकले। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि 5 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिटी होटल के ऊपर स्थित कैफे टेल्स कैफे में ग्राहकों को अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना पर कैसरबाग पुलिस टीम ने कैफे में छापा मारा। चौथी मंजिल पर पहुंचने पर कई लोग टेबल के आसपास बैठे हुक्का पीते मिले। हुक्के का धुआं कैफे के हॉल और सीढ़ियों तक फैला था। पुलिस को देखकर कैफे संचालकों में से एक ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया और अंदर दाखिल हुई। वहां 11 टेबलों पर 14 हुक्के रखे मिले। पुलिस को देखते ही कैफे संचालन से जुड़े तीन लोग पीछे के रास्ते से भाग निकले। पुलिस ने घेराबंदी कर हुक्का पीने और परोसने वाले 42 लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने किचन की तलाशी ली तो छह क्षतिग्रस्त हुक्के, छह भरी चिलम, 20 खाली चिलम, 10 पाइप और 45-45 ग्राम के 11 फ्लेवर पैकेट मिले। काउंटर से तीन मोबाइल फोन और 2,420 रुपए भी बरामद किए गए। पूछताछ में पकड़े गए कर्मचारी शाहरूख अंसारी ने बताया कि कैफे में चोरी-छिपे हुक्का परोसा जाता था।

# सितंबर में आबकारी राजस्व में छलांग 800 करोड़ रुपए की अधिक कमाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अवैध शराब के कारोबार और माफिया तंत्र के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति का सीधा और बड़ा असर उत्तर प्रदेश के आबकारी राजस्व पर दिख रहा है। आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के सितंबर महीने में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए गत वर्ष के मुकाबले राजस्व संग्रह में 21 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में 4,611.29 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल हुआ है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि 3,811.70 करोड़ से 799.59 करोड़ रुपए अधिक है। विभाग ने इस माह 120.98फीसदी की उपलब्धि हासिल की है।

**मंथन**

## एएफसी इंडिया में 'ग्राम स्वराज' विषयक राष्ट्रीय विमर्श के तहत हाईब्रिड बैठक

# तीसरी सरकार को सशक्त बनाने के लिए व्यापक संवाद पर जोर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



पंचायतों को अधिक सशक्त, सक्षम एवं प्रभावी बनाने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से 'ग्राम स्वराज' विषयक राष्ट्रीय विमर्श के अंतर्गत मंगलवार को एएफसी इंडिया लि. लखनऊ में एक महत्वपूर्ण हाइब्रिड बैठक आयोजित की गई। यह राष्ट्रीय विमर्श 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत देश में ग्राम स्वराज, स्थानीय स्वशासन और पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक संवाद किया जा रहा है।

बैठक का प्रमुख विषय यह रहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था की 'तीसरी सरकार' के रूप में पंचायतों को किस प्रकार और अधिक अधिकार-संपन्न, सक्षम एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रतिभागियों ने ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत की ऐतिहासिक और संवैधानिक भूमिका, स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता, जनभागीदारी तथा पंचायतों के संस्थागत सशक्तीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

विमर्श के दौरान यह बात प्रमुखता से सामने आई कि पंचायतों को केवल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई के रूप में देखने के बजाय स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और विकास की प्राथमिकताएं तय करने वाली प्रभावी संस्था के रूप में मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। पंचायतों के सामने मौजूद वित्तीय संसाधनों, निर्णय लेने की क्षमता, प्रशासनिक समन्वय और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई।

बैठक का शुभारंभ एएफसी इंडिया लि., जो एक यूनियन गवर्नमेंट कंपनी है, के लखनऊ कार्यालय के उप महाप्रबंधक एवं प्रभारी अवनेश कालिक तथा 'तीसरी सरकार अभियान' के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य चंद्रशेखर प्राण द्वारा किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर प्राण को 'तीसरी सरकार अभियान' के साथ उनके दीर्घकालीन जुड़ाव एवं योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

बैठक में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इसमें माननीय प्रधान मंत्री के पूर्व के सलाहकार श्री राम बहादुर राय सहित कई वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों, पंचायती राज क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों, ग्रामीण विकास एवं शासन विशेषज्ञों तथा सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों ने भी विचार-विमर्श में सहभागिता की।

बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना, केंद्र एवं राज्य वित्त आयोग की भूमिका, स्थानीय संसाधन एवं कराधान, पंचायत प्रतिनिधियों और वार्ड सदस्यों का क्षमता निर्माण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर अभिसरण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों और स्थानीय शासन की प्रक्रियाओं के प्रति अधिक जागरूक एवं सक्षम बनाने पर जोर दिया।

ग्राम सभा को मजबूत करना और जनभागीदारी बढ़ाना भी बैठक के प्रमुख विषयों में रहा। प्रतिभागियों ने ग्राम सभा में विभिन्न हितधारकों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्थानीय निर्णय प्रक्रिया में समुदाय की भूमिका को बढ़ाने की आवश्यकता पर विचार रखा।

# आवास निर्माण में रचा नया कीर्तिमान : शर्मा

- उपलब्धि पर रुकना नहीं बल्कि और तेजी से करना है कार्य



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा, लखनऊ मे नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने इस उपलब्धि के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि का श्रेय विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को भी जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ने प्रदेश के लाखों परिवारों के अपने पक्के घर के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# एसडीएम और ब्लॉक प्रमुख ने बांटे किसानों को बाढ़ राहत चेक

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।

जिले की कलान तहसील सभागार में एसडीएम आशुतोष कुमार सिंह और ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने बाढ़ और अतिवृष्टि से नष्ट हुई किसानों की फसलों के एवज में राहत चेक का वितरण शुरू कर दिया है। तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिवृष्टि और बाढ़ से किसानों की क्षतिग्रस्त हुई फसलों की राहतध्सहायता राशि की चेक वितरण कार्य शुरू कर दिया है। चेक वितरण कार्यक्रम में एसडीएम आशुतोष सिंह के साथ युवा ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, मिर्जापुर के प्रधान कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी, उद्योगपति दिलीप गुप्ता, विजय मोहन मिश्रा, पंकज गुप्ता के साथ क्षेत्र के अन्नदाताओं को राहत राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर तहसील सभागार में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने कहा कि किसान हमारे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधार शिला हैं। प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में उनके साथ खड़ा होना हम सभी का दायित्व है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं उन्हें हर संभव राहत और सहायता उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिसके लिए हमसब मिलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की डबल इंजन सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।



## मामूली नाराजगी में खो दी जान

**सेहरामऊ, शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम डीगुरपुर में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डीगुरपुर निवासी होरीलाल (45) का सोमवार की देर शाम परिजनों से विवाद हो गया था। इसके बाद वह घर में ही सो गया। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे वह घर से निकल गया। कुछ देर बाद गांव के बाहर खेत में उसका शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। सूचना पर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के पुत्र अवनीश की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। मृतक अपने पीछे पत्नी पुष्पा देवी, पुत्र अवनीश, जीतू व पुत्री नीता को छोड़ गया है। इस संबंध में सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। तहरीर के आधार पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई है।

# पोस्टर प्रतियोगिता में निगोही की छात्रा आशिया प्रथम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद स्तरीय मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा प्रतियोगिता का आयोजन अटल सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा में प्रत्येक ब्लॉक से चयनित पाँच विजेता बच्चों द्वारा बनाये गए चित्रों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें विकास क्षेत्र निगोही के उच्च प्राथमिक विद्यालय राघवपुर सिकंदरपुर की छात्रा के पोस्टर को प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवा, पुवायां की छात्रा दिव्या शर्मा एवं संविलियन विद्यालय मझोला, मदनापुर की छात्रा साहिबा खान को द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय लाखोहा, तिलहर की छात्रा नन्ही को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मूल्यांकन समिति में अनीता, अनामिका तोमर एवं योगेश शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी के द्वारा विजेता बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जीजीआईसी प्रधानाचार्या सोनिया गुप्ता एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अरविन्द कुशवाहा के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में निगोही एआरपी बृजेश कुमार, खुशीराम, सिकंदर अली, सुरेन्द्र कुमार, महेश गौतम, प्रज्ञा मिश्रा, गरिमा दिनकर, खैरुल उमम, शिवानी सीखवाल, अर्चना समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### शिकायतों की जांच में दोषी मिले सफाई कर्मचारी रवि निलंबित

**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम सरथोली में तैनात सफाई कर्मचारी रवि को ग्रामीणों की शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश ने निलंबित कर दिया। एडीओ पंचायत अरविंद शर्मा ने बताया कि सफाई कर्मचारी के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा लगातार सफाई कार्य नहीं करने और नशे की हालत में रहने की शिकायतें ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक की जा रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराई गई। जांच में कर्मचारी अपने कार्य के प्रति लापरवाह और दोषी पाया गया।एडीओ पंचायत अरविंद शर्मा एवं ग्राम विकास अधिकारी निशा कुशवाहा द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट जिला स्तर पर भेजी गई। रिपोर्ट के आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भेड़ॉले ने सफाई कर्मचारी रवि को निलंबित कर दिया। इससे पहले इसी ब्लॉक के सफाई कर्मचारी मनोहर को भी निलंबित किया जा चुका है। अधिकारियों की कार्रवाई से सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारियों में हड़कंप है।

### अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन



**शाहजहांपुर।** दिल्ली में धरने में शामिल होने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हिरासत में लिए जाने के विरोध में मंगलवार दोपहर शाहजहांपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने धरना शुरू कर दिया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम स्थित शहीद प्रतिमाओं के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने अखिलेश यादव की तत्काल रिहाई की मांग की। तनवीर खां ने कहा कि जब तक अखिलेश यादव को रिहा नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इंडिया गठबंधन के सांसदों का धरना चल रहा है, जिसमें शामिल होने पहुंचे अखिलेश यादव को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान तमाम सपा नेता मौजूद रहे।

### दहेज प्रताड़ना में पति समेत पांच के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दहेज प्रताड़ना मामले में पीड़िता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव पिपरोली निवासी अंशिका पुत्री जगदीश ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि माता पिता की मृत्यु हो जाने के कारण उसके भाइयों ने एक वर्ष पूर्व उसकी शादी गांव राजनपुर निवासी गौरव कुमार पुत्र राम सिंह के साथ की थी। पीड़िता के मुताबिक कुछ दिन तक ससुराल में सब ठीक रहा। आरोप है कि बाद में उसके पति गौरव कुमार, सास टिकोली देवी, जेठ राजकुमार , जेठानी मालती और चचेरे देवर रोहित उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पति, सास और जेठ ने उससे मायके से मोटरसाइकिल, सोने की जंजीर और एक लाख रुपये लाने को कहा। असमर्थता जताने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसका कीमती सामान व टच मोबाइल छीनकर उसे घर से भगा दिया। पुलिस ने आरोपी पति समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला को टैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** महिला को टैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे बह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और महिला को सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलबार को ग्राम मित्रपुर बरुआ निवासी 46 वर्षीय सीमा देवी पत्नी रामपाल सुबह पैदल दूध लेने जा रही थी इसी दौरान तेजरफ्तार टैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### संभव जनसुनवाई: नगरायुक्त ने समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**शाहजहांपुर।** नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 6 प्रकरण प्रस्तुत किए गए।



नगर आयुक्त द्वारा सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को 6 समस्याओं का नियमानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जीएम जल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिर चेयरमैन के वित्तीय प्रशासनिक अधिकार हुए सीज

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।

नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में चेयरमैन मुनारा बेगम के स्थान पर उनके बेटे रईस मियां के शामिल होने के मामले में शासन द्वारा दोबारा कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किया था। जांच के बाद शासन ने कांट चेयरमैन के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करते हुए प्रशासक नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

नगर पंचायत कांट में आयोजित होने वाली बोर्ड बैठकों में अध्यक्ष के रूप में चेयरमैन मुनारा बेगम के शामिल न होने के बावजूद बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था का उल्लंघन किए जाने की डीएम से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को जांच सौंपी। सीडीओ ने जांच के बाद भेजी रिपोर्ट में लिखा था कि वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में बोर्ड की 14 बैठकें हुई हैं। जिसमे अपने बेटे रईस मियांको प्रतिनिधि वनाकर वर्चुअली माध्यम से प्रतिभाग किया रईस मियां का बोर्ड से कोई सरोकार नहीं है।



अधिशासी अधिकारी को दिए गए अपने जवाब में चेयरमैन ने स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण प्रतिनिधि के माध्यम से प्रतिभाग करने की बात कही गई थी। सीडीओ ने जांच रिपोर्ट में लिखा है कि बोर्ड बैठक में 27 फरवरी 24, 23 सितंबर 2024, 23 नवंबर 2024, सात अप्रैल 2025 को चेयरमैन मुनारा बेगम ने अपने प्रतिनिधि रईस मियां के माध्यम से वर्चुअली प्रतिभाग किया। यह शासनादेश के विरुद्ध है। जांच के आधार और शासन के निर्देश पर नगर पंचायत अध्यक्ष मुनारा बेगम के अधिकार सीज कर दिए गए थे। शासन की इस कार्यवाही के विरुद्ध मुनारा बेगम ने माननीय उच्च न्यायालय की ओर रुख किया। कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए। प्रकरण की फिर से जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिससे नई सिरे से जांच शुरू की गई। मुनारा बेगम को अपना पक्ष रखने के लिए कई बार शासन के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए गए। लेकिन वो उपस्थित नही हुई। शासन ने अब चेयरमैन के वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों सीज करते हुए पदमुक्त कर दिया। वही जब तक उपचुनाव नही होते तब तक जिला मजिस्ट्रेट अथवा उनके द्वारा नामित किसी अधिकारी के द्वारा ही नगर पंचायत अध्यक्ष के दायित्वो का निर्वाहन करने के निर्देश दिए।

# 40 घंटे के बाद डूबे युवक का शव बरामद

- रामगंगा के सहायक नाले में डूब गया था युवक

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।

रविवार को क्षेत्र के ग्राम सादिकपुर जैतपुर में रामगंगा के सहायक नाले में डूबे 28 वर्षीय दीपू यादव का भी शव घटना स्थल के समीप ही झाड़ियों में 40 घंटे बाद मिल गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी भेजा है। मालूम हो कि बीते रविवार को अपराह्न में साढ़े तीन और चार बजे के बीच ग्राम राजेरायपुर निवासी मानसिक रोगी सुनील कुशवाहा उर्फ नन्हें मिस्त्री ने कोलाघाट पुल से रामगंगा में कूद कर जान दे दी थी। उसका शव एनडीआरएफ टीम ने लगभग आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 24 घंटे के अंदर रामगंगा से ढूंढ निकाला था। किंतु ग्राम सादिकपुर जैतपुर में रामगंगा के सहायक नाले पर बनी बिना रेलिंग की पुलिया के ऊपर बह रहे बाढ़ के तेज पानी में बहे गांव के 28 वर्षीय दीपू यादव को स्थानीय गोताखोरों के साथ पीएसी की फ्लड यूनिट 40 घंटे के बाद भी नाले से नहीं ढूंढ पाई थी। मंगलवार सुबह करीब सात बजे गांव के लोग नाले के किनारे गए तो देखा कि दीपू का शव घटना स्थल के समीप ही उतराता हुआ झाड़ियों में फंसा हुआ था। परिवार के लोगों ने शव को खुद निकालकर पुलिस को सूचना दी। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शव मिल जाने की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार गौतम ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी भेज दिया है।



# मकान के गेट पर पहुंचा विशाल मगरमच्छ

- सैदूपुर में भी दिखा वन विभाग ने किया रेस्क्यू

समृद्धि न्यूज, खुदागंज शाहजहांपुर।

थाना क्षेत्र के ग्राम म्युना और सैदूपुर में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। म्युना गांव में सोमवार को एक विशाल मगरमच्छ गांव के बाहर स्थित एक मकान के गेट के पास पहुंच गया। मकान के पास मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आसपास के अन्य ग्रामीणों को भी इसकी जानकारी दी और मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने बिना देर किए वन विभाग को मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना दी। सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी सावधानी और कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इसी तरह ग्राम सैदूपुर में भी मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के दरोगा श्याम सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। वन विभाग की टीम द्वारा दोनों स्थानों पर मगरमच्छों को सुरक्षित रेस्क्यू किए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। घटनाओं के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मगरमच्छों के गांव के आबादी वाले क्षेत्र के आसपास दिखाई देने से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।

# रात में खनन की सूचना पर दौड़े खनन अधिकारी, दो ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ीं

- स्थानीय पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल
- खनन अधिकारी ने वाहनों को थाने किया सुपुर्द

समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।

क्षेत्र में बीती देर रात मिट्टी खनन की सूचना पर खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ लीं। खनन अधिकारी डीके आर्य ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में लिया और बाद में मदनापुर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में नियमानुसार कार्रवाई के लिए थाने में लिखित सूचना भी दी गई है। खनन अधिकारी डीके आर्य के अनुसार, रात में उन्हें एक नंबर से क्षेत्र में मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वह मौके के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्हें दो ट्रैक्टर-ट्रालियां मिट्टी लेकर जाती हुई दिखाई दीं। दोनों वाहनों को रोककर थाने के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खनन अधिकारी की इस कार्रवाई के बाद थाना पुलिस की रात्रि गश्त और निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। चर्चा यह है कि थाना क्षेत्र में रात के समय मिट्टी खनन की सूचना जिले के खनन अधिकारी तक पहुंच जाती है और वह मौके पर पहुंचकर वाहनों को पकड़ लेते हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि रात में मिट्टी का खनन और परिवहन चल रहा था तो पुलिस की रात्रि गश्त और स्थानीय सूचना तंत्र कितना सक्रिय था। क्या खनन अधिकारी के मौके पर पहुंचने के बाद ही स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी हुई? हालांकि इस संबंध में पुलिस का पक्ष अभी सामने नहीं आया है। खनन विभाग की कार्रवाई के बाद मिट्टी खनन में लगे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना होगा कि पकड़ी गई दोनों ट्रैक्टर-ट्रालियों के मामले में पुलिस और खनन विभाग की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है। साथ ही क्षेत्र में रात के समय हो रहे अन्य संभावित अवैध खनन पर विभाग की निगरानी कितनी प्रभावी रहती है, यह भी देखने वाली बात होगी।



# रोगग्रस्त प्रजातियां छोड़ें, नई प्रजातियां अपनाएं : डॉ. त्रिपाठी

समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर द्वारा गन्ना विकास एवं रोग प्रबंधन को लेकर क्षेत्र में किए जा रहे फील्ड विजिट के दौरान नौगवां अम्बर, मवैया, घुंघौरा में किसानों को गन्ने की रोगग्रस्त एवं पुरानी प्रजातियों को छोड़कर नई एवं उन्नत प्रजातियों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान मकसूदापुर चीनी मिल के युनिट हेड डॉ. हरेन्द्र त्रिपाठी ने अनेक किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ने में रोगों के प्रसार को रोकने के लिए स्वस्थ बीज का प्रयोग तथा सही प्रजाति का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से 8436, 5011 एवं 0238 जैसी रोग प्रभावित/समस्या वाली प्रजातियों से धीरे-धीरे क्षेत्र को मुक्त करने तथा उनके स्थान पर क्षेत्र के अनुकूल नई प्रजातियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को 0118, 8231, 16202 तथा 14201 जैसी नई प्रजातियों की बुवाई बढ़ाने की सलाह दी। वहीं जलप्लावित क्षेत्रों के लिए 98014 को उपयुक्त विकल्प के रूप में अपनाने पर जोर दिया गया। युनिट हेड ने कहा कि प्रजाति परिवर्तन के साथ-साथ स्वस्थ बीज का चयन, बीज उपचार, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा नियमित रोग एवं कीट निगरानी से गन्ने की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। फील्ड विजिट के दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि पिछले दिनों आंधी बारिश से गिरे गन्ने को शीघ्र खड़ा कर उसकी बधाई करा दे जिससे किसान भाइयों होने वाले नुकसान से बचा सके। किसानों ने गन्ने की नई प्रजातियों, रोग प्रबंधन तथा स्वस्थ बीज उत्पादन से संबंधित जानकारी प्राप्त की और क्षेत्र में प्रजाति परिवर्तन को बढ़ावा देने में सहयोग का आश्वासन दिया।



# त्रिदिवसीय श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर शुरू

**शाहजहांपुर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रोजा पॉवर सप्लाई कंपनी लिमिटेड मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सहायक श्रमायुक्त केके गुप्ता एवं कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एचआर धर्मेंद्र बैस द्वारा दीप जलाकर किया गया। चिकित्सा अधीक्षक भावलखेड़ा, वरुण अर्जुन मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों की टीम, पैरा मेडिकल टीम एवं कंपनी की मेडिकल टीम द्वारा निशुल्क ब्लड प्रेशर,श आदि जांचे की गयी और फिजिशियन द्वारा श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क आवश्यक दवाएं वितरित की गयी। शिविर 7, और 8 अक्टूबर को भी रिलायंस परिसर मे संचालित रहेगा। कार्यक्रम को सहायक श्रमायुक्त केके गुप्ता, धर्मेंद्र बैस ने संबोधित किया और श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्यों और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। शिविर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह, नागेंद्र त्रिपाठी, पवन सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सेवा ही संकल्प लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति : ललिता

- लायंस क्लब ने पेश की मानवता की मिसाल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

लायंस क्लब शाहजहांपुर क्लब द्वारा श्री बाबा विश्वनाथ बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में अध्ययनरत एक जरूरतमंद बच्चे की फीस जमा की गई। क्लब अध्यक्ष शिक्षिका लायन ललिता यादव ने बताया कि हमारे क्लब के एक सदस्य के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि कक्षा 3 में पढ़ने वाले इस बच्चे के पिता जी का देहांत एक सड़क हादसे में हो गया था और उसकी माताजी भी अस्वस्थ रहती हैं। आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण वह बच्चे की पढ़ाई कराने में असमर्थ हैं। जानकारी को संज्ञान में लेते हुए हमारे क्लब ने निर्णय लिया और बच्चे की पूरे साल की फीस, कॉपी-किताबें तथा संपूर्ण शैक्षिक खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि हमारा क्लब हर वर्ष 2-3 जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का बीड़ा उठाता है और मैं व्यक्तिगत रूप से भी जरूरतमंद बच्चों को फीस व स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराती रहती हूं। इस नेक कार्य के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी गुप्ता ने लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति के सदस्यों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता, लायन शिखा, लायन विम्मी , निधि मिश्रा प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी गुप्ता एवं शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे।



# नवीन गल्ला मंडी में धान की आवक तेज

- सरकारी खरीद केंद्र संचालित न होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ी
- एक सप्ताह में आया 18 हजार कुंटल से अधिक धान

मनोज प्रबल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बरसात होने से धान की उपज खराब होने के बाबजूद नवीन गल्ला मंडी में इन दिनों धान की भारी आवक हो रही है। लेकिन सरकारी खरीद केंद्र संचालित न होने से किसान को अपनी उपज का वाजिब मूल्य मिल पाना दूर की कौड़ी नजर आ रही है।

अमूमन एक अक्टूबर से विभिन्न सरकारी एजेंसियों के सरकारी खरीद केंद्र संचालित हो जाते थे। लेकिन एक पखवाड़े तक धान में नमी अधिक होने के कारण सरकारी खरीद नहीं होती थी। और 15 अक्टूबर से नमी कम होने पर सरकारी केंद्रों पर खरीद शुरू की जाती थी। इस बार सरकारी खरीद केंद्र अभी तक संचालित नहीं हो सके हैं। यूं तो एक दस दिन पूर्व ही मंडी में धान आना शुरू हो गया था। आचानक तीन दिन तक हुई भारी बरसात के चलते मंडी में धान की आवक नगण्य हो गई। लेकिन मौसम साफ होते ही एक अक्टूबर से मंडी में धान की भारी आवक शुरू हो गई। जिसका शुरू में रेट करीब 15 सौ रुपए कुंटल खुला जो अब करीब 17 सौ रुपए कुंटल तक पहुंच गया है। हांलाकि इस समय धान में नमी काफी अधिक है। इससे रेट कम होना भी स्वाभाविक ही है। माना जा रहा है कि 15 अक्टूबर तक मंडी धान की आवक निरंतर बढ़ती रहेगी और किसानों की औने पौने भाव पर ही अपनी उपज बेचना मजबूरी होगी। जब तक केंद्रों का संचालन होगा तब तक क्षेत्रीय किसानों की आधे अधिक उपज की बिक्री हो चुकी होगी। मंडी में धान की आवक की बाबत पूंछे जाने पर मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बरसात से पूर्व दो तीन दिन ही बीस तीस ट्रॉली ही मंडी में धान की आवक हुई। उसके बाद एक अक्टूबर से धान की निरंतर आवक बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक करीब 18 हजार कुंटल धान की आवक हो चुकी है। जिसमे से 80 से 90 प्रतिशत मंडी से धान की निकासी भी हो चुकी है। जिसके सिक्स आर भी फीड कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि धर्मकांटा के दोनों ओर रिपेयरिंग की गई है। इसके चलते मंडी आने वाले धान की शत प्रतिशत आवक नहीं दर्ज हुई है। एक दो दिन में ही फाउंडेशन दुरुस्त हो जाने पर धर्मकांटे पर ही आबक की फीडिंग संभव हो जाएगी।



# धान खरीद : 15 से होगी खरीद, 72 रुपये बढ़ा धान का समर्थन मूल्य

- शाहजहांपुर में 188 क्रय केंद्रों की सूची फाइनल
- 444 किसानों का पंजीकरण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



धान क्रय करने के लिए तारीखों का इंतजार कर रहे, अन्नदाताओं के लिए खुशखबरी है। शासन की ओर से इस बार 15 अक्टूबर से सरकारी रेटों पर धान खरीद की जाएगी। धान खरीद की तारीख फाइनल होने के बाद जनपद स्तर पर भी 188 क्रय केंद्रों की सूची फाइनल करते हुए किसानों के धान खरीद के लिए क्रय केंद्रों पर तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है।

धान बेचने वाले किसानों को इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक मूल्य मिलेगा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 72 रुपये बढ़ाकर 2441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। जबकि पिछली साल धान का एमएसपी रेट 2369 रुपये निर्धारित किया गया था। इसी तरह ग्रेड-ए धान का एमएसपी भी 72 रुपये बढ़कर 2461 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

किसानों को उपज बेचने के बाद उनका भुगतान भी समय से ऑनलाइन कराने की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों को केंद्रों की निगरानी और किसानों की शिकायतों का समय से निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसको लेकर जिला विपणन कार्यालय की ओर से बैठकें जारी है। धान बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण खाद्य रसद विभाग के पोर्टल पर शुरू हो गया है। अब तक 444 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। खरीद प्रक्रिया से जुड़ी किसानों की जानकारी समय से उपलब्ध कराने और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर है, ताकि केंद्र पर पहुंचने के बाद उन्हें कागजी प्रक्रिया के कारण इंतजार न करना पड़े। किसानों से अपील की गई है कि धान को साफ करके और सूखाकर ही केंद्रों पर लाए, जिससे कि दिक्कतें न आए। बता दें कि अभी तक जो नमी आ रही है, वो 24-25 है। जबकि सरकारी केंद्रों पर 17 प्रतिशत नमी वाला धान ही खरीदा जाएगा।

> 188 क्रय केंद्रों की सूची अभी फाइनल कर दी गई है। इस पर 15 अक्टूबर से खरीद शुरू हो जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो और सेंटर खुलेगे। इस बार 72 रुपये समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। 444 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, अधिक से अधिक किसान अपना समय से पंजीकरण करा लें। जिससे समय से सत्यापन हो सके। किसी तरह की दिक्कत होने पर किसान संबधित मंडी में सचिव से संपर्क कर सकते है।
>
> -राकेश मोहन पाण्डेय, डिप्टी आरएमओ

## खिरनीबाग रामलीला महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, कल निकलेगी श्रीगणेश शोभायात्रा

**शाहजहांपुर।** खिरनी बाग रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले वार्षिक रामलीला महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। नव चेतना कला परिषद के अध्यक्ष मनोज पटेल के मार्गदर्शन में कलाकार पिछले एक माह से लगातार पूर्वाभ्यास में जुटे हैं। इस वर्ष रामलीला में पारंपरिक प्रसंगों के साथ नए संवाद, भावनात्मक प्रस्तुतियां एवं नए विचारों को शामिल किया गया है। अब तक शिव विवाह, नारद मोह, राम जन्म, ताड़का वध, मारीच-सुबाहु वध सहित कई प्रमुख प्रसंगों का अभ्यास पूरा हो चुका है। इस बार कलाकारों के लिए नई आकर्षक पोशाकें तैयार कराई गई हैं तथा मंच सज्जा का कार्य भी तेजी से चल रहा है। निर्देशक मंडल के अनिल शर्मा, संजय सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव एवं विनीत सक्सेना कलाकारों को संवाद अदायगी, भाव-भंगिमा और अभिनय की बारीकियां सिखा रहे हैं। सोमवार के पूर्वाभ्यास में राम सिंह, वेद प्रकाश, प्रद्युम्न मिश्रा, ऋषभ अवस्थी, सचिन शर्मा, अर्चित शर्मा सहित अन्य कलाकार उपस्थित रहे। रामलीला मैदान में मेले की तैयारियां भी जोरों पर हैं। मैदान की साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ दुकानों और झूलों को लगाने का कार्य शुरू हो गया है। रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ 8 अक्टूबर, गुरुवार को अपराह्न 4 बजे गांधीगंज से निकलने वाली श्री गणेश शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा गांधीगंज स्थित श्री नृसिंह भगवान मंदिर से चौक, घंटाघर होते हुए विभिन्न मार्गों से खिरनी बाग मैदान पहुंचेगी, जहां हवन एवं मंच पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा में एटा, मैनपुरी व छिबरामऊ से मंगाए गए विशेष रथ, लिल्ली घोड़ी, ढोल, डीजे, बग्घी, डमरू, राज बैंड एवं सिंहासन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। श्री रामलीला समिति के संरक्षक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जनपदवासियों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित शामिल होने की अपील की है।

# सीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

- रामलीला मेला में होने वाले अश्लील डांस का होगा विरोध : सभासद अभिषेक

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सीओ विदुष सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी बैठक में नगर के सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के सुझाव जाने गए। बैठक के दौरान आगामी त्यौहारों के अवसर पर आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक/अफवाहजनक सूचनाओं का प्रसार न करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस मौके पर सीओ ने नगर में होने वाली पोटरगंज की श्रीजनता रामलीला व दोदराजपुर प्राचीन रामलीला मेला आयोजकों से कार्यक्रम संबंधित जानकारी ली। इस दौरान सभासद अभिषेक सिंह व दिलीप सक्सेना ने सीओ को एक पत्र सौंपते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लीला में अमर्यादित अश्लील डांस का वह विरोध दर्ज कराते रहे हैं। इस बार भी यदि आयोजकों ने अश्लील डांस का आयोजन कराया तो विरोध किया जाएगा। इस पर आयोजकों ने कटरा रामलीला में डांस पार्टियों के होने का उदाहरण देते हुए तिलहर में रोके जाने का विरोध जताया। इस पर सीओ श्री सक्सेना ने कहा कि वहां कोई विरोध नहीं है। जबकि तिलहर में विरोध की बात सामने आ गई है। आपसी सामंजस्य बैठाकर ही आयोजन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कटरा में विरोध होगा तो वहां भी सख्ती अमल में लाई जा सकती है। इस मौक पर नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर, कोतवाल प्रभाष चंद्र के अलावा व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, हितेश गुप्ता रिंकू, सोनू खन्ना, नीलेश गुप्ता, राजू पंडित, परविंदर यादव, अब्दुल सादिक, शहजाद हुसैन, लल्ला भाई समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### अखिलेश की रिहाई को लेकर सपा का धरना-प्रदर्शन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए उनकी रिहाई की मांग की। मंगलवार अपरान्ह करीब दो बजे सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान के नेतृत्व में कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अखिलेश यादव की गिरफ्तारी एक अलोकतांत्रिक घटना है है। बोले जब तक अखिलेश यादव रिहा नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। राष्ट्रीय अनवर उल्ला खान ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दिल्ली में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें तत्काल रिहा किया जाए। अन्यथा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर ने की मजबूर होंगे। इस मौके पर सपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कोटेदारों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर डीएसओ को सौंपा ज्ञापन



**लखीमपुर-खीरी।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष करनपाल सिंह के नेतृत्व में कोटेदारों ने मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे डीएसओ कार्यालय में जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जूट के बोरे के लंबित भुगतान, नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण के अवशेष भुगतान और वर्ष 2001 से 2014 तक के लंबित परिवहन लाभांश के भुगतान की मांग की गई। संगठन ने मांग की कि कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर आवश्यक वस्तु निगम से बिल बनवाकर सीधे खातों में भुगतान कराया जाए। कोटेदारों ने सभी के लिए अन्नपूर्णा भवन बनवाने, सिंगल स्टेप डिलीवरी व्यवस्था में सुधार करने और खाद्यान्न वितरण से पहले सर्वर की समस्या दूर करने की भी मांग उठाई। इसके साथ ही जन उपयोगी वस्तुओं की बिक्री के आदेश को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई।ज्ञापन सौंपते हुए कोटेदारों ने कहा कि उनकी समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं हो रहा है, जिससे कार्य में परेशानी आ रही है। उन्होंने मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की है।

## जिला फुटबॉल लीग टूर्नामेंट 15 से, बैठक संपन्न



**शाहजहांपुर।** जिला फुटबॉल संघ की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला फुटबॉल लीग टूर्नामेंट का आयोजन 15 अक्टूबर 2026 से जीएफ कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने की इच्छुक टीमें 10 अक्टूबर 2026 तक जिला फुटबॉल संघ के महासचिव दिलीप कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव कौशल किशोर सक्सेना एवं अध्यक्ष गजेंद्र गंगवार से संपर्क कर सकती हैं। बैठक में अध्यक्ष गजेंद्र गंगवार, महासचिव दिलीप कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव कौशल किशोर सक्सेना, मुख्य संरक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर रवि कुमार, उपाध्यक्ष गौरव अग्निहोत्री, मयूर खन्ना, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, रेफरी कमेटी अध्यक्ष संजीव सिंह, सदस्य ए.के. तिवारी, श्याम कुमार, रंजन कश्यप, खुर्शीद आलम, बिंदु कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. शिव प्रताप के बेटे संकल्प माधव का राजकीय सीट पर चयन

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



बसखेडा बुजुर्ग निवासी स्व. डॉ शिव प्रताप सिंह के छोटे बेटे संकल्प माधव सिंह (भवानी सिंह) का नीट के माध्यम से राजकीय सीट पर फरीदाबाद के अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में चयन होने पर परिवार के सदस्यों ने उन्हें मिष्ठान्न खिलाकर हर्ष व्यक्त किया है। संकल्प माधव के एमबीबीएस में चयन होने पर इष्ट मित्रों और परिवार ने उन्हें मिष्ठान्न खिलाकर बधाई दी है। बता दें कि संकल्प माधव सिंह के पिता स्व. डॉ शिव प्रताप सिंह करुणा, कर्तव्यनिष्ठा, प्रामाणिकता और मानवसेवा की जीती जागती मिसाल थे। भवानी सिंह ने कहा कि पिताजी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, उनका आशीर्वाद, उनके संस्कार, उनकी विचार-ज्योति और उनकी अमिट स्मृतियाँ आज भी जीवित हैं। हर्ष व्यक्त करने वालों में बाबा देवेंद्र सिंह, दादी गायत्री देवी, मां सुशीला देवी, चाचा डॉ. अमरेंद्र सिंह, चाची दीपिका सिंह, भाई अखंड माधव मयंक चौहान, शंभू सिंह, डॉ. प्रदीप वैरागी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जंगली जानवरों से फसल बर्बाद, सुहेली नदी में सिल्ट से किसान परेशान

- वन विभाग के अधिकारियों को किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपा पत्र
- स्थलीय निरीक्षण और तत्काल कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर।**



पलिया कलां क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाए जाने और सुहेली नदी में भारी मात्रा में सिल्ट जमा होने की समस्या को लेकर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृज मौर्या ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र सौंपा है। उन्होंने दोनों समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण कराकर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृज मौर्या ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तर प्रदेश, लखनऊ अनुराधा वेमुरी को पत्र देकर पलिया क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया।

पत्र में बताया गया कि क्षेत्र में जंगली जानवरों के कारण किसानों की खड़ी फसलों को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। इससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए वन विभाग से प्रभावी और स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है। वहीं, सुहेली नदी में जमा सिल्ट की समस्या को भी गंभीरता से उठाया गया है। नदी में लंबे समय से सिल्ट जमा होने के कारण जल निकासी प्रभावित होने की आशंका है, जिससे क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र के माध्यम से नदी का स्थलीय निरीक्षण कराकर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सिल्ट की सफाई कराने का अनुरोध किया गया है।बृज मौर्या ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से दोनों मामलों में जल्द कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों को राहत दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्र की प्राकृतिक जल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना भी जरूरी है। समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसानों और ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

# लखीमपुर खीरी में एआरटीओ की एंबुलेंस के खिलाफ कार्रवाई

- छह चालान और चार एंबुलेंस सीज



**लखीमपुर खीरी।** एआरटीओ श्री शांति भूषण पांडे एवं प्रवर्तन अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में एंबुलेंस के खिलाफ चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान परिवहन विभाग ने कार्रवाई की। अभियान के अंतर्गत छह एंबुलेंस के चालान किए गए तथा चार एंबुलेंस को विभिन्न थानों पर बंद किया गया। इस अभियान का उद्देश्य एंबुलेंस के संचालन में नियमों का पालन सुनिश्चित करना और एंबुलेंस वाहनों के प्रपत्र एवं फिटनेस आदि पूर्ण करना एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना है। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ श्री शांति भूषण पांडे ने वाहन संचालकों से अपील की कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें और निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि मरीजों को सुरक्षित एवं बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

# स्वस्थ बचपन से बनेगा सशक्त भारत : स्वामी प्रवक्तानंद

## 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत हेल्दी बेबी कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों व लाभार्थियों का सम्मान

- बच्चों के पोषण पर सरकार का विशेष फोकस
- जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत हेल्दी बेबी कार्यक्रम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा लाभार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर एवं 128 विधानसभा बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और बेहतर भविष्य को लेकर सरकार की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्वस्थ बचपन ही विकसित और सशक्त भारत की वास्तविक नींव है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी आने वाली पीढ़ी से तय होता है। यदि बच्चे स्वस्थ, सुपोषित और शिक्षित होंगे तो निश्चित रूप से देश मजबूत होगा। इसलिए बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को केवल सरकारी जिम्मेदारी न मानकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां गांव और गरीब परिवारों तक पहुंचकर बच्चों तथा माताओं के स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनकल्याण को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन, सुरक्षा और विकास के साथ गरीब, महिला और बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं का उद्देश्य यही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि पात्र परिवारों के घर तक पहुंचे। स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' सेवा और समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना, बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता करना और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही वास्तविक जनसेवा है। कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ बच्चों के चयन एवं प्रोत्साहन के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार की योजनाओं के साथ जनभागीदारी भी जरूरी है।

# 4 करोड़ की सड़क 6 महीने में उखड़ी, बनवीरपुर खखरौला मार्ग पर भ्रष्टाचार की परतें उजागर

- भारत-नेपाल बॉर्डर जोड़ने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील
- गन्ना किसानों से लेकर एसएसबी तक परेशान

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।**



लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले अति महत्वपूर्ण बनवीरपुर-खखरौला मार्ग पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क छह महीने भी नहीं टिक पाई। करीब 4.02 करोड़ रुपये की लागत से बनी 5 किमी लंबी सड़क की ऊपरी परत जगह-जगह से उखड़ गई है, गिट्टियां बाहर निकल आई हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश में इन गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। उपलब्ध टेंडर रिकॉर्ड के अनुसार बनवीरपुर-इंद्रनगर-दाराबोझी-खखरौला घाट नेपाल सीमा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 4.02 करोड़ रुपये का टेंडर हुआ था। टेंडर 16 जून 2025 को अवार्ड किया गया और कार्य पूरा करने के लिए 365 दिन की अवधि निर्धारित थी। अप्रैल 2025 में ही शासन से इस मार्ग को मंजूरी मिली थी। यह मार्ग केवल गांवों को नहीं जोड़ता, यह भारत-नेपाल आवागमन, व्यापारियों, गन्ना किसानों और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की लाइफ लाइन है। गन्ना किसान इसी मार्ग से उपज बेलरायां चीनी मिल तक ले जाते हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि सड़क की मोटाई, बेस, सामग्री की लैब जांच कराई जाए। यदि कमी मिलती है तो दोषी ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कर सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए।

# पेंशन सत्यापन में लापरवाही पड़ी भारी ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

- जीवित बीरवल को रिकॉर्ड में मृत दर्शाने से बंद हो गई थी वृद्धावस्था पेंशन
- जनसुनवाई में शिकायत के बाद खुला मामला

वृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने विकास खंड मरौरी के ग्राम विकास अधिकारी पवन पटेल को निलंबित कर दिया है। ग्राम पुरवा भूड़ा निवासी बीरवल पुत्र दुलीराम को सत्यापन के दौरान सरकारी रिकॉर्ड में मृत दर्शा दिया गया था, जिसके चलते उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद हो गई थी। पेंशन बंद होने के बाद बीरवल ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी के पत्र और खंड विकास अधिकारी मरौरी की जांच आख्या के आधार पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने प्रकरण की जांच की। जांच में पाया गया कि ग्राम विकास अधिकारी पवन पटेल द्वारा पेंशन सत्यापन के दौरान बीरवल को मृतक दर्शाया गया था। पूछताछ में ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि पंचायत सहायक और प्रधान पुत्र से मिली जानकारी के आधार पर लाभार्थी को मृत दर्ज किया गया था। बाद में ग्राम पंचायत स्तर पर जानकारी करने पर बीरवल के जीवित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उनकी पेंशन बहाल कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। जांच में सत्यापन कार्य में अत्यधिक लापरवाही और पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित होने पर जिलाधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई की। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को किसी भी स्तर पर लापरवाही के कारण उनके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

# अखिलेश की गिरफ्तारी के विरोध में सपा का प्रदर्शन, डीएम कार्यालय पर धरना

- चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाये सवाल सौंपा ज्ञापन
- दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का किया विरोध

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को दिल्ली में विपक्षी सांसदों के मार्च के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव समेत कई नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में पीलीभीत में सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष को हिरासत में लिए जाने की सूचना के बाद सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता नक्तदाना चौराहा स्थित पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू', पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से जुलूस के रूप में कचहरी तिराहे की ओर रवाना हुए। इसके बाद कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अखिलेश यादव की तत्काल रिहाई की मांग की।

**चुनाव आयोग की निष्पक्षता का मुद्दा उठाया:** सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर जनता का विश्वास कायम रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दिया जाना चाहिए और समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों तथा निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को सुना जाना चाहिए। प्रदर्शन में जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव, प्रदीप सोनकर, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, सयुस जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सूचना

मेरा B.S.C.का माइग्रेशन प्रमाण पत्र कहीं खो गया है काफी ज्यादा खोजने के बाद भी नहीं मिल रहा है प्रमाण पत्र MJPRU बरेली है व मेरा नाम हृदेश कांत व रोल नंबर 2335020303 तथा इनरोलमेंट नंबर 16061258, migration certificate si no- 79038 हैं यह थाना द्वारा वास्तु व अभिलेख खोने की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। **हृदेश कांत पुत्र अरुण कुमार निवासी ग्राम जठियापुर बुजुर्ग पोस्ट बड़ागांव थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर।**

# भारत में क्यों गिर रहा शेयर बाजार ?


प्रह्लाद सबनानी

उक्त वर्णित युद्धों के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गए हैं, एक वर्ष पूर्व यह 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर थे, अर्थात इस एक वर्ष के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। हाल ही के समय में भारत के शेयर बाजार में लगातार तेज गिरावट दर्ज हुई है, इससे देश में इस तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी संकट आने वाला है और भारतीय नागरिकों पर इसका अत्यधिक कष्टकारी असर पड़ने वाला है। यह आंकलन किसी भी प्रकार से उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि शेयर बाजार में गिरावट विदेशी संस्थागत निवेशकों के मन में बैठ रहे डर के आधार पर देखी जा रही है, जबकि भारतीय संस्थागत निवेशक तो लगातार अपना निवेश भारतीय शेयर बाजार में बढ़ा रहे हैं एवं म्यूचुअल फंडस द्वारा प्रति माह 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का लगातार निवेश शेयर बाजार हो रहा है। यह सही है कि भारतीय शेयर बाजार का सेन्सेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 80,983 बिंदुओं के स्तर से 1 अक्टोबर 2026 को 71,910 बिंदुओं के स्तर पर नीचे आ गया है। इसी प्रकार, निफ्टी इंडेक्स भी 1 अक्टूबर 2025 के 24,836 बंदुओं के स्तर से नीचे गिरकर 1 अक्टूबर 2026 को 22,422 बिंदुओं के स्तर पर आ गया है। पिछले एक वर्ष की अवधि में 10 से 11 प्रतिशत के बीच की गिरावट दर्ज हुई है। जबकि, इस बीच भारत में अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक विकास दर लगातार उच्च स्तर की बनी हुई है। फिर, ऐसे क्या कारण हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था का चमकता चेहरा होने के बावजूद, भारतीय शेयर बाजार लगातार गिरावट दर्ज कर रहा है। दरअसल किसी भी देश का शेयर बाजार, स्टॉक एक्सचेंज पर दर्ज कम्पनियों की आगे आने वाले वर्षों में होने वाली अनुमानित आय के आधार पर, घटता अथवा बढ़ता रहता है। दूसरे, आजकल जब समस्त देश एक तरह से आपस में जुड़ से गए हैं और हम एक वैश्विक गांव में निवास कर रहे हैं तब एक देश में होने वाली घटनाओं का प्रभाव दूसरे देश के शेयर बाजार पर भी पड़ता हुआ दिखाई देता है। जैसे, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराईल-हम्मास युद्ध, अमेरिका-ईरान युद्ध, सऊदी अरब-हूथी युद्ध एवं खाड़ी के देशों का आपसी युद्ध, आदि कुछ ऐसे उदाहरण हैं, जिनके चलते भारतीय शेयर बाजार भी सहमा हुआ दिखाई दे रहा है, हालांकि भारत किसी भी प्रकार से, अप्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से, इन युद्धों से नहीं जुड़ा है । तीसरे, विदेशी निवेशक भारी मात्रा में कुछ देशों के शेयर बाजार में अपनी पूंजी का निवेश करते हैं, क्योंकि उन्हें इन देशों में किए गए निवेश से अच्छे रिटर्न की सम्भावना दिखाई देती है। परंतु, जब इन विदेशी निवेशकों द्वारा अपना निवेश शेयर बाजार से निकाला जाता है तब उस देश का शेयर बाजार तेजी से गिरने लगता है। उक्त वर्णित युद्धों के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गए हैं, एक वर्ष पूर्व यह 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर थे, अर्थात इस एक वर्ष के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। भारत कच्चे तेल की कुल खपत का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है, अतः भारत के उक्त युद्धों से किसी भी प्रकार से नहीं जुड़े होने के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, ऐसा माहौल बनाए जाने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश भारी मात्रा में निकाल रहे हैं। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में बनाए रखने के प्रयास अभी तक तो सफल ही रहे हैं।



फिर भी, केलेंडर वर्ष 2026 में अभी तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 2.8 लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि निकाल ली है। सितम्बर 2024 तक के 24 माह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 38,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था जबकि सितम्बर 2026 तक के 24 माह में 56,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की निकासी की गई हैं। विदेशी संस्थागत निवेशक इतनी भारी मात्रा में अपना निवेश भारत से निकालकर अमेरिकी बांडस, अमेरिका के शेयर बाजार, वियतनाम एवं दक्षिणी कोरिया के शेयर बाजार एवं चीन के शेयर बाजार में कर रहे हैं। क्योंकि, अमेरिका में ब्याज दरों (यूएस फेड दर) में वृद्धि के चलते, बांडस की यील्ड पिछले लगभग 24-25 वर्षों के उच्चत्तम स्तर 5.60 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई है। साथ ही, अमेरिकी शेयर बाजार में अभी भी तेजी बनी हुई है क्योंकि वहां की कम्पनियों द्वारा उच्च तकनीकी के नवाचार करने के चलते उनकी उत्पादकता एवं लाभप्रदता में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इसी प्रकार, वियतनाम एवं दक्षिणी कोरिया में आरटीफिशीयल इंटेलीजेंस के क्षेत्र की कम्पनियों में उच्च स्तर की लाभप्रदता दर्ज होने की सम्भावनाएं दिखाई दे रही है, इसलिए विदेशी निवेशक अमेरिका, वियतनाम एवं दक्षिणी कोरिया जैसे देशों की ओर आकर्षित हो रहे है एवं अपना निवेश इन देशों में बढ़ा रहे हैं। चीन का शेयर बाजार बहुत ही तेजी से नीचे गिरा था जिसके कारण वहां पर कम्पनियों के शेयरों का (Price to Earning - PE Ratio) कीमत/आय रेशो भारतीय कंपनियों के कीमत/आय रेशो की तुलना में अत्यधिक आकर्षक हो गया है। चीन में औसतन यह रेशो 12 प्रतिशत के नीचे है जबकि भारत में यह रेशो औसतन 20 प्रतिशत से अधिक है। अतः विदेशी संस्थागत निवेशकों को भारतीय कम्पनियों के शेयर, चीनी कम्पनियों के शेयर की तुलना में महंगे दिखाई दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने चलते भारतीय रुपया लगातार कमजोर हो रहा है, इस कारण से भी विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकाल रहे है। आज भारतीय रुपए की कीमत 96 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। साथ ही, डॉलर इंडेक्स जो 1 अक्टोबर 2025 को 97.71 के स्तर पर था वह 1 अक्टोबर 2026 को बढ़कर 101.80 के स्तर पर आ गया है। स्वर्ण की कीमतें भी 3,871 अमेरिकी डॉलर प्रति ओंस से बढ़कर 4,170 अमेरिकी डॉलर प्रति ओंस पर पहुंच गई है। भारत स्वर्ण का भारी मात्रा में (कुल खपत का 90 प्रतिशत से अधिक) आयात करता है, स्वर्ण के आयात का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करना होता है, अतः भारतीय रुपए पर इससे अतिरिक्त दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त संदर्भो को यदि भारतीय अर्थव्यवस्था से जोड़कर देखा जाय तो स्थिति कुछ अलग ही दिखाई देती है। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह वृद्धि केवल 3 प्रतिशत एवं तेजी से आर्थिक विकास कर रही अर्थव्यवस्थाओं में यह 3.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। जब भारत में आर्थिक विकास दर तुलनात्मक रूप से अधिक तेज गति से आगे बढ़ेगी तो भारतीय कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में भी तेज गति से वृद्धि सम्भव होगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## यूजीसी व एससी-एसटी कानून को लेकर सवाल

बदलते भारत में शिक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े कानूनों में सुधार जरूरी है, लेकिन इन सुधारों का असर समाज के विभिन्न वर्गों पर भी दिखाई देता है। केंद्र सरकार की ओर से यूजीसी से जुड़े नियमों और एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून में किए गए बदलावों को लेकर सामाजिक न्याय, समान अवसर और निष्पक्षता के बीच संतुलन की बहस तेज हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि वंचित वर्गों को संवैधानिक संरक्षण देते हुए यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि कानून और नियम किसी वर्ग में असुरक्षा या दूसरे वर्ग के प्रति अविश्वास पैदा न करें। उच्च शिक्षा में समान अवसर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की है। आरक्षण और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा संवैधानिक व्यवस्था का हिस्सा है। हालांकि विश्वविद्यालयों में प्रवेश, नियुक्ति और पदोन्नति से जुड़े नियमों को लेकर समय-समय पर विवाद सामने आते रहे हैं। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि नियम स्पष्ट, पारदर्शी और सभी वर्गों के लिए भरोसेमंद हों। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम, मूल्यांकन और संस्थानों की कार्यप्रणाली में कई बदलाव किए गए हैं। इसके साथ विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और शोध को बढ़ावा देने पर भी जोर है। विशेषज्ञों का कहना है कि सामाजिक न्याय के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है, ताकि उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप आगे बढ़ सकें। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग को सामाजिक भेदभाव और अत्याचार से सुरक्षा देने के लिए एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम बनाया गया था। समय के साथ इसमें कई संशोधन किए गए। केंद्र सरकार ने भी कानून के प्रावधानों को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया है। कानून के कड़े प्रावधानों का उद्देश्य पीड़ितों को तत्काल संरक्षण और न्याय दिलाना है। हालांकि इसके साथ यह सवाल भी उठता रहा है कि कहीं किसी मामले में कानून का गलत इस्तेमाल तो नहीं हो रहा। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। वास्तविक पीड़ित को सुरक्षा मिले और निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक उत्पीड़न का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था में संतुलन जरूरी है। शिक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े प्रावधानों का उद्देश्य समाज में अवसरों की असमानता को कम करना है। मगर यदि नीतियों को लेकर एक वर्ग में यह भावना पैदा हो कि उसके अवसर सीमित किए जा रहे हैं और दूसरे वर्ग में यह आशंका हो कि उसके अधिकार कमजोर पड़ रहे हैं, तो सामाजिक दूरी बढ़ सकती है। आज बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा में अवसरों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में आरक्षण, प्रवेश और नियुक्ति संबंधी नियमों को लेकर पारदर्शिता और स्पष्टता बेहद जरूरी है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सामाजिक न्याय की नीतियां किसी वर्ग के खिलाफ खड़ी दिखाई न दें। सामाजिक न्याय और मेरिट को एक-दूसरे का विरोधी मानना उचित नहीं है। कमजोर वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराना सामाजिक न्याय है, जबकि अवसर मिलने के बाद प्रतिभा और योग्यता को आगे बढ़ाना मेरिट का हिस्सा है। दोनों के बीच संतुलन बनाकर ही उच्च शिक्षा और प्रशासन में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। यूजीसी के नियमों में भी इसी दृष्टिकोण की जरूरत है। आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। इसी तरह एससी-एसटी कानून को प्रभावी बनाते हुए जांच प्रक्रिया को भी निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाना जरूरी है। बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश को देखते हुए शिक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े कानूनों की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। सरकार को विश्वविद्यालयों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद कर नियमों के प्रभाव का आकलन करना चाहिए। एससी-एसटी कानून के मामलों में भी आंकड़ों के आधार पर समीक्षा हो कि कितने मामलों में आरोप सही पाए गए, कितने मामलों में कार्रवाई हुई और कहां जांच प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है। इससे कानून की प्रभावशीलता बढ़ाने के साथ उसके प्रति विश्वास भी कायम किया जा सकेगा। भारत को ऐसी व्यवस्था की जरूरत है जिसमें कमजोर वर्ग को संरक्षण मिले, योग्य व्यक्ति को अवसर मिले और निर्दोष व्यक्ति को भय में न जीना पड़े। यूजीसी और सामाजिक न्याय से जुड़े कानूनों में सुधार का अंतिम लक्ष्य भी यही होना चाहिए। कानून और नीतियां समाज को बांटने के बजाय जोड़ने का माध्यम बनें। केंद्र सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यही है कि सामाजिक न्याय की व्यवस्था को मजबूत करते हुए सभी वर्गों के बीच समान अवसर और विश्वास का वातावरण तैयार किया जाए। यही विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।

## दो टूक




# क्या विश्वस्तरीय है भारत के मेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई का स्तर

विवेक शुक्ला

भारत में मेडिकल शिक्षा का भविष्य बहुत सुनहरा दिखता है। हर साल नए कॉलेज खुल रहे हैं। सीटों की संख्या बढ़ रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। प्राइवेट कॉलेजों में इमारत भी बड़ी है और फीस भी। फिर भी कुछ सवाल जस के तस हैं। क्या हमारे सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई विश्वस्तरीय है? क्या हम अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर के कॉलेजों के स्तर पर पहुँच गए हैं? सीधा जवाब यह है कि कुछ जगह हम उस स्तर के करीब हैं। बाकी ज्यादातर जगहों पर अभी लंबा रास्ता बाकी है।

विश्वस्तरीय पढ़ाई का मतलब सिर्फ बड़ी इमारत नहीं होता। अमेरिका और ब्रिटेन में छात्र किताब रट कर पास नहीं होते। उन्हें मरीज के सामने खड़े होकर फैसला लेना सिखाया जाता है। कौन-सी जाँच करनी है, कौन-सी दवा देनी है, कब रेफर करना है। सिंगापुर में क्लास छोटी होती है। टीचर पहले से तैयार होते हैं। हॉस्पिटल का काम पढ़ाई से जुड़ा रहता है। किताब अलग और वार्ड अलग, ऐसा नहीं चलता।

हमारे यहाँ विशेषज्ञ मानते हैं कि सरकारी कॉलेज की असली ताकत मरीज है। एम्स और कुछ बड़े अस्पतालों से जुड़े कॉलेजों में हर तरह की बीमारी दिख जाती है। छात्र वार्ड में सीखते हैं। इतना एक्सपोजर कई अमेरिकी हॉस्पिटल में भी छात्रों को नहीं मिलता। मरीज ज्यादा हैं तो सीखने का मौका भी ज्यादा है।

इसी मुद्दे पर बीते दिनों राजधानी में पुष्पांजलि मेडिकॉन 2026 कांफ्रेस में दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च के प्रो चांसलर डॉ. वेदप्रकाश मिश्र ने कहा कि करिकुलम और क्लिनिकल एजुकेशन को अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और सिंगापुर के बराबर लाना पहला लक्ष्य है। मतलब निशाना साफ है, मंजिल अभी बाकी है।

उनकी बात का सीधा मतलब यह है कि हमारे यहाँ मेडिकल कॉलेजों की संख्या तो बढ़ गई, पर स्तर उसी गति से नहीं बढ़ा।

सरकारी अस्पताल मरीजों का इलाज करते हैं, यह उनकी ताकत है। कमी दूसरी जगह है। टीचर कम पड़ते हैं। लैब और शोध से जुड़ी सुविधाएँ कई जगह काफी नहीं हैं। पढ़ाई अक्सर लेक्चर पर टिकी रहती है। टीचर बोलते जाते हैं, छात्र लिखते जाते हैं। वार्ड में जो सीखा, उसकी कक्षा में ठीक से चर्चा नहीं हो पाती।

प्राइवेट कॉलेज भी सब एक जैसे नहीं हैं। देश में मेडिकल कॉलेज आठ सौ के पार हैं।

बड़ी संख्या में साल 1991 के बाद खुली है और इनमें प्राइवेट कॉलेज ज्यादा हैं। कुछ जगह स्किल लैब, लाइब्रेरी और टाइमटेबल अच्छे हैं। पर हर कॉलेज में मरीज उतने नहीं मिलते। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमारे यहाँ कई मेधावी परिवारों के गरीब बच्चे मोटी फीस की वजह से मेडिकल कॉलेज से बाहर रह जाते हैं।

ये गलत है इसलिए प्राइवेट कॉलेजों की फीस को भी देखना होगा। सीट भरना और अच्छा डॉक्टर बनना, दोनों एक बात नहीं है।

पढ़ाई को श्रेष्ठ और विश्वस्तरीय कैसे बनाएँ? विशेषज्ञ चार रास्ते बताते हैं। पहला, अंडरग्रेजुएट कोर्स कंपिटेंसी बेस्ड हो। आसान शब्दों में छात्र सिर्फ याद करके पास न हो। उसे पता हो कि मरीज देखकर क्या करना है। बुखार आए तो कौन-सी बात पूछनी है।

साँस फूल रही हो तो पहला कदम क्या हो। हुनर पास हो, तभी डिग्री मिले।

दूसरा, टीचिंग इंटीग्रेटेड हो। मतलब विषय अलग-अलग भागों में न पढ़ाए जाएँ। आज एनाटॉमी, कल फिजियोलॉजी, परसों बीमारी, ऐसा न हो। एक मरीज के आसपास सब जुड़ जाए। दिल की बनावट, दिल का काम और दिल की बीमारी एक साथ समझ आए।

तीसरा, पढ़ाई मॉड्यूल में हो। मॉड्यूल यानी छोटे और पूरे हिस्से। जैसे एक महीना सिर्फ माँ और बच्चे की सेहत पर। दूसरा महीना साँस की बीमारियों पर। हर हिस्से का मकसद शुरू में साफ हो और अंत में पता चले कि छात्र ने वो हुनर सीख लिया या नहीं।

चौथा, सिस्टम क्रेडिट बेस्ड हो ताकि लचीलापन आए। क्रेडिट का सीधा मतलब है कि हर विषय के अंक या घंटे गिने जाएँ। छात्र एक रास्ते पर अटका न रहे। जो हिस्सा पूरा कर लिया, उसका हिसाब जुड़ता जाए। जरूरत पड़े तो गति अपनी रख सके। पढ़ाई कठोर ढाँचे में न बँधी रहे।

बारहवीं के बाद सुपर स्पेशलिटी तक अक्सर बारह साल लग जाते हैं। इसे करीब दस साल किया जा सकता है। बात साल काटने की नहीं है। हर साल का मकसद साफ होना चाहिए ताकि समय खाली लेक्चर में न कटे।

सबसे बड़ा काम टीचर का है। कॉलेज तेजी से खुले, टीचर उतनी तेजी से तैयार नहीं हुए। सिंगापुर और ब्रिटेन में टीचर बनने से पहले पढ़ाने की ट्रेनिंग जरूरी मानी जाती है। भारत में कई जगह अच्छा डॉक्टर अपने आप अच्छा टीचर मान लिया जाता है।

बिना तैयार टीचर के नया करिकुलम भी पुरानी क्लास बन जाता है। आने वाले वर्षों में हर कॉलेज में टीचर ट्रेनिंग नियमित होनी चाहिए। एग्जाम भी हुनर और फैसला नापे, सिर्फ याददाश्त नहीं।

आगे क्या करना होगा? सरकारी कॉलेज अपने मरीजों की भीड़ को अच्छी टीचिंग से जोड़ें। प्राइवेट कॉलेज मरीज, रिसर्च और गाँव-मोहल्ले की पोस्टिंग बढ़ाएँ। सोशल वर्क और हमदर्दी पहले साल में पढ़ाई जाए ताकि इलाज के साथ देखभाल भी आए।

शिक्षा पर देश की कमाई का छह प्रतिशत खर्च करने का वादा अब भी अधूरा है। वह पूरा हुआ तो सरकारी कॉलेज, लैब और टीचर का वेतन संभल सकता है। फीस और स्कॉलरशिप ऐसी हो कि प्रतिभा रुक न जाए।

हमारी ताकत मरीज की विविधता और युवाओं की संख्या है। अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर के स्तर तक पहुँचने के लिए नकल काफी नहीं।

पाठ्यक्रम वैश्विक हो, टीचर तैयार हों, एग्जाम हुनर नापे, फीस होशियार बच्चे को न रोके। जब ये बातें कक्षा और वार्ड तक पहुँचेंगी, तभी कह सकेंगे कि हमारी मेडिकल शिक्षा विश्वस्तरीय है। अभी यह संभावना है, पूरा सच अभी नहीं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## कोरस


संजय एम. तराणेकर

### चंदेल मायका गोंड ससुराल– दुर्गावती हमारी ढाल

हाँ, वह चंदेलों की बेटी थी, गोंडों की बनी थी बहू,
माटी की आन बचाने गई, रण की धधकती धू-धू।
जन्म मिला राजमहल में पर मन था जन-जन का,
तलवार उठी नाम हुआ भारत के स्वाभिमान का।
दलपत का साथ मिला गढ़-मंडला का मान मिला,
शासन की कठिन राह दुर्गावती को सम्मान मिला।
नन्हे वीर नारायण को माता ने भी 'शौर्य' सिखाया,
'राज्य, धर्म और स्वाभिमान' का पाठ उसे पढ़ाया।
यूं मुगलों की जब सेना आई, धरती काँप उठी थी,
पर दुर्गावती की आँखों में ज्वाला तब भी जगी थी।
तीर चले, तलवारें चमकीं, रण में गर्जी है वीरांगना,
कम ही सैनिक थे, फिर भी न झुकाया सर अपना।
शत्रु बड़ा था, सेना भारी, लेकिन हौसला भारी था,
'मातृभूमि की रक्षा' करें उसका पहला कर्तव्य था।
विजय-पराजय की बातें, पहले 'राष्ट्र का मान' था,
दुर्गावती के जीवन का बस यही महान विधान था।
चंदेल मायका गर्वित था और गोंड ससुराल निहाल,
वे दोनों कुल की शान बनी, भारत की वीर मशाल।
आज भी जब इतिहास पुकारे, गूँजता उसका नाम,
रानी दुर्गावती 'अमर' रहें, अमर रहे उनका सम्मान!

# दिल्ली में कांग्रेस किसी चमत्कार के भरोसे

मनोज कुमार मिश्र

दिल्ली भले केन्द्र शासित प्रदेश है। कुल 1483 वर्ग मीटर का एक शहर है लेकिन देश की राजधानी होने के चलते दिल्ली का राजनीतिक समीकरण पूरे देश का दिशासूचक माना जाता है। दिल्ली विधानसभा में पिछले फरवरी से भाजपा का बहुमत है यानी दिल्ली सरकार में भाजपा का शासन है। जिन मतदाताओं के समर्थन से कांग्रेस परंपरा तोड़ कर साल 1998 से 2012 तक शासन में रही, उन्हीं मतदाताओं के समर्थन से आम आदमी पार्टी (आआपा) दस साल प्रचंड बहुमत से दिल्ली सरकार में काबिज रही। यह माना जाता रहा है कि आआपा न तो कार्यकर्ताओं की पार्टी है और न उसकी कोई विचारधारा है। वह तो पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल की पार्टी है जो मुफ्त की योजनाओं के लाभार्थियों की पार्टी है। एक बार पराजित होते ही इसके बिखरने का खतरा बना। अगर पंजाब में आआपा की सरकार न होती तो यह पार्टी तेजी से बिखर जाती। समस्या यह है कि कांग्रेस आआपा की जगह यानी विकल्प बनने को तैयार नहीं लगती। न तो संगठन दिखता है और न ही जमीन से जुड़े नेता। शीला दीक्षित के समय के कई नेता या तो बूढ़े हो गए या दुनिया से विदा हो गए। जो बच गए उनमें कई पार्टी छोड़ गए या घर बैठ गए। कुछ से तो सत्ता का नशा (हैंगओवर) उतर ही नहीं रहा है। दिल्ली में कांग्रेस ने साल 2008 में आखिरी बार विधानसभा चुनाव जीता था। उस चुनाव में जीत के साथ शीला दीक्षित लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनी थी। उस चुनाव में कांग्रेस की जीत का एक कारण तो भाजपा की ओर से आखिरी समय में मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बदलना माना गया लेकिन एक बड़ा कारण 2006-7 का दिल्ली का परिसीमन भी था। शीला दीक्षित के समर्थन से उनके करीबी वरिष्ठ कांग्रेस नेता चतर सिंह ने जी जान से परिसीमन आयोग के साथ मिलकर दिल्ली का ऐसा परिसीमन कराया जिससे भाजपा के खांटी इलाके 15 विधानसभा सीटों में सिमट गए। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। चुनाव आयोग के मतदाता जांच अभियान यानी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काटे जा रहे वोटरों को कांग्रेस मुद्दा नहीं बना पाई । पिछले दिनों उन्होंने संवाददाता सम्मेलन करके बताया कि



2025 विधानसभा चुनाव के समय कुल एक करोड़ 56 लाख 26 हजार 756 वोटर थे। इसमें 94 लाख 34 हजार 638 वोट पड़े। इसमें यदि आयोग के वर्तमान आंकड़े जिसमें एक करोड़, 45 लाख 10 हजार 299 मतदाता घटा दें तो फिर 11 लाख 20 हजार 495 मतदाता कहां गए? किसी को नोटिस नहीं मिली। कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया और एक दल के इशारे पर जिस विधानसभा में लगा कि भाजपा की स्थिति कमजोर है और विपक्ष मजबूत तो वहां के वोटर को सीधे कम कर दिया गया। उन्होंने साल 1993 से लेकर अभी तक के वोटरों की संख्या, कितने वोट डाले और कितने फीसदी मतदान पड़े, इसके सिलसिलेवार आंकड़े प्रस्तुत किए। चतर सिंह ने बताया कि दिल्ली में जनगणना के हिसाब से 68 से 70 फीसदी युवा हैं। यहां एक करोड़ 61 लाख 39 हजार 364 सौ वयस्क मतदाता होना चाहिए। एसआईआर के बहाने इन्होंने 47 लाख 56 हजार 722 सौ वोटरों के नाम काट दिए। तर्क दिया गया कि इसका फार्म नहीं आया या वे अपना पुख्ता कागजात दिखा नहीं पाए। उनका दावा था कि जिस तरह महाराष्ट्र में नौ लाख और बीते विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम काट दिए गए। उसी तरह दिल्ली में नाम काटे जा रहे हैं। देशभर में कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्षी दल इसे मुद्दा बनाए हुए हैं लेकिन दिल्ली में संगठन के अभाव में यह मुद्दा बन ही नहीं रहा है।

कॉकरोच जनता पार्टी के जिस जेन जी आंदोलन से भाजपा की अगुवाई वाली सरकार को धाराशायी करने का विपक्ष दावा कर रहा है, उसी जेन जी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में भाजपा समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् को इस बार भी जीत दिला कर विपक्ष के दावे की कलई खोल दी। आआपा को तो हर स्तर पर भाजपा की ताकत बढ़ने और कांग्रेस की जमीन खिसकने का अंदाजा साल 2024 के लोकसभा चुनाव में हो गया था। उस चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीट कांग्रेस और चार आआपा लड़ी। चुनाव में सभी सातों सीटें भाजपा लगातार तीसरी बार जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। माना जा रहा है कि कांग्रेस के समर्थक वोट पर दिल्ली में राज कर रही आआपा को लग रहा है कि उसके साथ तालमेल करने से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए उसने विधानसभा चुनाव अकेले चुनाव लड़ना तय किया। चुनाव में भाजपा को जीत मिली और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में उसकी वापसी हुई। 70 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा 45.86 वोट के साथ 48 और आआपा 43.57 फीसद वोट के साथ 22 सीट जीत पाई। कांग्रेस को करीब छह फीसद वोट मिले।

चुनाव नतीजों के बाद भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेता प्रसन्न थे। उन्हें लगता था कि आआपा के पराजय के साथ कांग्रेस की वापसी होगी लेकिन अभीतक एक भी कार्यक्रम ऐसा न हुआ जिससे लगे कि कांग्रेस दिल्ली में वापसी का कोई प्रयास कर रही है।

दिल्ली में कांग्रेस एक दिन में हाशिए पर नहीं पहुंची, सालों से ठोस संगठन बनाने पर काम नहीं हुआ। इतना ही नहीं गुटबाजी को खूब हवा दी गई। साल 2019 में शीला दीक्षित ने आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। बीमारी की हालत में चुनाव लड़कर वे पराजित हुई और कुछ समय बाद उनका निधन हो गया।

सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक ही चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया। साल 2013 के विधानसभा चुनाव की हार के बाद पार्टी बिखरती गई। साल 2015 के चुनाव के समय प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। अब लवली भाजपा में हैं। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया, शीला दीक्षित ने उससे समझौता करने का भारी विरोध किया। समझौता न होने पर अजय माकन भारी मन से नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़कर हारे। उन्होंने भी बिना प्रदेश अध्यक्ष तय हुए बीमारी के बहाने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ दी। वही अजय माकन आज राहुल गांधी के बेहद करीबी हैं। उन्हें लोकसभा चुनाव हारने के बाद पहले हरियाणा और वहां से पराजित होने के बाद कर्नाटक से राज्यसभा का सदस्य बनाया गया। वे पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं।

विधानसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस का दिल्ली में प्रयोग ही चल रहा है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली और कांग्रेस का वोट औसत घटकर 4.26 हो गया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में शीला दीक्षित के निधन के बाद चौधरी अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बने। लवली थोड़े ही समय भाजपा में रहकर कांग्रेस में लौट गए और साल 2019 का लोकसभा चुनाव पूर्वी दिल्ली सीट से मजबूती से लड़े। उन्हें साल 2023 में अनिल कुमार के इस्तीफा देने पर दोबारा अध्यक्ष बनाया गया लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में अपनी भूमिका न होने से नाराज होकर उन्होंने फिर कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन पकड़ लिया।

अब विधायक बनने के बाद भाजपा ने उन्हें यमुना पार विकास बोर्ड का अध्यक्ष बना दिया है। उसी दौरान बड़ी तादाद में कांग्रेस के अनेक नेता भाजपा में शामिल हुए। अब आर्थिक रूप से संपन्न पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष हैं। वे केवल पार्टी चलाने की औपचारिकता ही कर पा रहे हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किसान मसीहा टिकैत की 91वीं जयंती मनाई



**बिवांर (हमीरपुर)।** छानी खुर्द में मंगलवार को किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती मनाई गई। किसानों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके किसान हितैषी संघर्षों को याद किया। भारतीय किसान यूनियन के मंडल सचिव एवं युवा जिलाध्यक्ष पवन शिवहरे, जोनल बुंदेलखंड सचिव महेश तिवारी ने टिकैत के योगदान पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि टिकैत ने किसानों को संगठित कर उनके अधिकारों की आवाज बुलंद की। इस दौरान किसानों ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने और समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस मौके पर गंगाप्रसाद तिवारी, धनराज सिंह, रामकिशुन, ओमप्रकाश, सुखराम सहित दो दर्जन से अधिक किसान मौजूद रहे।

### घरेलू विवाद में पुत्र ने पिता को पीटा, सिर में चोट

**बिवांर (हमीरपुर)।** मवईजार गांव निवासी रामप्रसाद खंगार ने पत्नी और पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। रामप्रसाद के अनुसार घरेलू विवाद के दौरान पत्नी से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विरोध करने पर पुत्र प्रियांशु ने मां का पक्ष लेते हुए उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे सिर में चोट लग गई। उन्होंने बताया कि पत्नी और पुत्र ने उन्हें घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह स्वासा गांव में अपनी बुआ की ससुराल चले गए। मंगलवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पत्नी ने पति के आरोपों को गलत बताते हुए उनके द्वारा अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### पुष्टाहार प्लांट बंद मिला, डीसी ने जताई नाराजगी

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे में थाना परिसर के सामने संचालित अन्नपूर्णा माइक्रो इंटरप्राइजेज पुष्टाहार निर्माण इकाई का मंगलवार को उपायुक्त ज्ञानप्रकाश ने औचक निरीक्षण किया। प्लांट बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए नियमित संचालन के निर्देश दिए। समूह की महिलाओं ने रोल उपलब्ध न होने के कारण प्लांट बंद होने की जानकारी दी। उपायुक्त ने रोल की जरूरत होने पर संबंधित अधिकारियों को समय से सूचना देने को कहा। परिसर में गंदगी मिलने पर समूह अध्यक्ष नीलम देवी को सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की हिदायत दी। उन्होंने कर्मचारियों को समय से पहुंचकर उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्लांट में प्रतिदिन करीब तीन मीट्रिक टन पुष्टाहार का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने क्षमता बढ़ाकर पांच मीट्रिक टन प्रतिदिन करने के निर्देश दिए।

### बाइक की टक्कर से छात्र घायल, हालत गंभीर



**सुमेरपुर।** कॉलेज से घर आ रहे साइकिल सवार छात्र को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बे के देवगांव मार्ग में राधे राधे पैलेस के पीछे रहने वाले रामनरायन प्रजापति का पुत्र राघवेंद्र 12 वर्ष कस्बे के रोटी राम इंटर कॉलेज में कक्षा 6 में पढता है। सोमवार को करीब 1:30 बजे वह कॉलेज से साइकिल से घर लौट रहा था। देवगांव मार्ग में राधे-राधे पैलेस के समीप बाइक सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्र सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर एवं चेहरे में गंभीर चोटें लगी है। छात्र के पिता ने बाइक सवार के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### जनसुनवाई में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अशोक कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कर दूरदराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी लेकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि फरियादियों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

### जिले में डीएपी, यूरिया और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता

**हमीरपुर।** जिला कृषि अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि जिले के सहकारी केंद्रों पर 743 मीट्रिक टन डीएपी और 1,546 मीट्रिक टन यूरिया तथा निजी केंद्रों पर 1,695 मीट्रिक टन डीएपी और 6,244 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। सहकारी बफर गोदाम में भी 467 मीट्रिक टन डीएपी और 3,009 मीट्रिक टन यूरिया मौजूद है। उन्होंने किसानों से इफको के साथ कृभको, उत्तम, आईपीएल व मोजेक की प्रमाणित डीएपी खरीदने की अपील की। दलहनी-तिलहनी फसलों में एनपीके व एसएसपी के उपयोग की भी सलाह दी।

### निर्वाचन क्षेत्र व आरक्षण निर्धारण पर यूटा ने जताई आपत्ति

**झांसी।** जिला बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति लिमिटेड, झांसी के प्रस्तावित निर्वाचन क्षेत्र एवं आरक्षण निर्धारण पर यूटा ने आपत्ति दर्ज कराई है। जिलाध्यक्ष अंकित बाबू राय एवं जिलामंत्री प्रशांतदीप बाजपेई ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को ज्ञापन सौंपकर प्रक्रिया के पुनर्विचार की मांग की।यूटा पदाधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र व आरक्षण तय करने से पहले समिति सदस्यों या शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से कोई बैठक अथवा विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने प्रकाशित व्यवस्था का पुनः परीक्षण कर संबंधित सदस्यों एवं संगठनों को पक्ष रखने का अवसर देने तथा बिना समुचित विचार-विमर्श के आरक्षण को अंतिम रूप न देने की मांग की।

### शिक्षक नेता ने स्नातक मतदाताओं से किया संपर्क

**गुरसरांय, झांसी।** एमएलसी चुनाव को लेकर शिक्षक नेता डॉ. चंद्रभान सिंह यादव ने क्षेत्र का भ्रमण कर स्नातक मतदाताओं से संपर्क किया और शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी।उन्होंने वित्तविहीन एवं तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण, पुरानी पेंशन, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों एवं व्यावसायिक शिक्षकों को स्थायी करने जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि मतदाता प्रत्याशियों के मुद्दों और शिक्षकों के हितों के प्रति उनके रुख को ध्यान में रखकर मतदान करें।

### अतिवृष्टि प्रभावित 53 हजार किसानों को जल्द मिलेगी राहत

**उरई(जालौन)।** जिले में इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा साथ ही 25, 26 और 27 सितंबर को हुई भारी बारिश से फसलों को व्यापक क्षति हुई है। सरकार द्वारा भी अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। भारी बारिश से करीब 34 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में मूंग, तिल सहित विभिन्न फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे लगभग 53 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। किसानों को राहत उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने करीब 29 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा, जिसके सापेक्ष शासन से पहली किस्त के रुप में 5 करोड़ की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। डीएम के निर्देश पर अब राहत राशि को पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए पोर्टल पर डाटा फीडिंग और अभिलेखों के सत्यापन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। तहसीलों के माध्यम से खतौनी आदि के सत्यापन के बाद अब तक 6 हजार से अधिक किसानों का डाटा पोर्टल पर फीड किया जा चुका है। दो पशुहानि के मामलों में प्रभावित परिवारों को 75 हजार की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं, 577 आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त मकानों के सापेक्ष 23 लाख से अधिक की धनराशि प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। जिले में करीब 59 हजार किसानों का फसल बीमा है। अब तक करीब 33 हजार बीमित किसानों का डाटा पोर्टल पर अपडेट किया जा चुका है, जबकि 22,304 किसानों का सर्वे पूरा हो चुका है।डीएम ने बीमित किसानों से अपील की है कि वे फसल बीमा की क्षतिपूर्त के लिए बीमा कंपनी की हेल्पलाइन 14447 पर आवश्यक पंजीकरण कराएं।

# डीएम ने खाद केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिलाधिकारी अशोक कुमार ने मंगलवार को उप निदेशक कृषि डॉ. प्रमोद कुमार और जिला कृषि अधिकारी हरिशंकर के साथ इंगोहटा खाद वितरण केंद्र तथा सुमेरपुर स्थित सहकारी समिति के खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर मौजूद किसानों से बातचीत कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं सुनीं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को टोकन व्यवस्था के माध्यम से क्रमबद्ध और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराई जाए। किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो और उसकी आवश्यकता के अनुसार समय से खाद मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है और आगामी बुवाई को देखते हुए भी स्टॉक बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल की आवश्यकता के अनुसार ही खाद खरीदें और अनावश्यक भंडारण न करें।

### मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर सचिव पर धमकाने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** विकासखंड मुस्करा के न्यूरिया गांव निवासी कन्हैया प्रजापति ने रास्ते में जलभराव और दलदल की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। आरोप है कि समस्या का समाधान किए बिना ग्राम पंचायत सचिव रामू ने शिकायत निस्तारण के लिए फोन पर ओटीपी मांगा। कन्हैया ने समस्या दूर होने तक ओटीपी देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद सचिव ने फोन पर अभद्रता करते हुए शिकायत करने के बावजूद लंबे समय तक गांव में काम न कराने की धमकी दी। बातचीत का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। कथित ऑडियो वायरल की पुष्टि अखबार नहीं करता है।

# पेयजल शिकायतों पर एडीएम ने गांवों का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर/हमीरपुर।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विजय सिंह ने मवई जार, स्वासा खुर्द और स्वासा बुजुर्ग गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। मवई जार में पानी की समस्या पर कार्यदायी संस्था को सुचारु आपूर्ति के निर्देश दिए। स्वासा खुर्द में टूटी सीसी सड़क पर पानी बहने से कीचड़ मिलने पर ग्रामीणों और प्रधान से चार-पांच दिन रास्ते पर पानी न बहाने को कहा, ताकि सड़क का निर्माण हो सके। एडीएम ने ग्रामीणों से शिकायत दर्ज कराते समय अपना सक्रिय मोबाइल नंबर देने की अपील की।

### महात्मा टिकैत की जयंती पर सफाईकर्मी व अधिकारी सम्मानित

**मौदहा (हमीरपुर)।** किसान नेता महात्मा टिकैत की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने 'चलो-चलें गांव की ओर' अभियान के तहत चकदहा गांव में कार्यक्रम आयोजित किया। जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने किसानों को महात्मा टिकैत के जीवन और किसान हित में उनके योगदान की जानकारी दी। इस दौरान गांव में तैनात सफाई कर्मी राकेश को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय को सम्मानित किया गया। जिला महासचिव पारस सैनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोना गौतम समेत किसान मौजूद रहे।

### घरेलू विवाद में पत्नी के सिर पर डंडा मारा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में घरेलू विवाद के दौरान पति ने पत्नी के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पीआरवी घायल महिला को अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा ले गई। बताया गया कि लोहा सिंह पुत्र जयप्रकाश का पत्नी उमा देवी से विवाद हो गया था। इसी दौरान गुस्से में उसने डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर दिया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल निरंकार गुप्ता और अरविंद कुमार ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना महिला को अस्पताल पहुंचाया।

# इंगोहटा छानी मार्ग का होगा चौड़ीकरण शासन से मिली स्वीकृति

**पौने चार मीटर की जगह साढ़े पांच मीटर चौड़ी होगी सड़क**



**सुमेरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के सबसे पुराने और व्यस्ततम मार्ग को अब 3:45 मीटर की जगह 5:30 मी चौड़ा बनाया जाएगा। 18 किलोमीटर लंबी इस सड़क को 3591.52 लाख से बनाया जाना है। शासन ने इसकी स्वीकृत प्रदान कर दी है। मार्च से कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। इंगोहटा से छानी तक इस सड़क का निर्माण 70 के दशक में हुआ था। इस मार्ग से दो दर्जन से ज्यादा पंचायत के लोगों का प्रतिदिन आना-जाना होता है। यह मार्ग नेशनल हाईवे से सीधे स्टेट हाईवे के साथ रेल मार्ग से जोड़ता है। सपा शासन काल में इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया गया था। अब भाजपा सरकार इस मार्ग को और अच्छा बनाने जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता मुन्नीलाल ने बताया कि शासन ने इंगोहटा छानी मार्ग के चौड़ीकरण की अनुमति प्रदान की है। इस मार्ग का चौड़ीकरण 3591.52 लाख की लागत से होना है। इंगोहटा, विदोखर मेदनी, मवईजार, कल्ला में आबादी के मध्य इसको सीसी बनाया जाएगा। शेष में डामरीकरण होगा। मौजूदा समय यह 3:45 मीटर चौड़ा है। अब इसकी चौड़ाई साढे 5 मी हो जाएगी। इंगोहटा में नेशनल हाईवे 34 से जुड़ा है। जबकि छानी में यह स्टेट हाईवे राठ हमीरपुर मार्ग से जुड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन अतरार,छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, कल्ला,धनपुरा, खड़ेही ज़ार,मवई जार, बंडा, विदोखर पुर्ई, विदोखर मेदनी, इंगोहटा,पाटनपुर आदि गांव के लोगों का प्रतिदिन आना जाना होता है। यह मार्ग रेलवे लाइन से भी जुड़ता है। उक्त गांवों के लोग इसी मार्ग से कानपुर बांदा मानिकपुर प्रयागराज झांसी आदि जगहों को जाने के लिए इंगोहटा से ट्रेन पकड़ कर आते जाते हैं। अवर अभियंता ने बताया कि सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत मार्च तक चौड़ीकरण करने का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इसके चौड़ीकरण से लोगों को आवागमन में और ज्यादा सहूलियत होगी।

### आढ़ती समेत चार पर दलित उत्पीड़न व छेड़खानी का मुकदमा

**मौदहा (हमीरपुर)।** नाबालिग से अश्लीलता, गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के आरोप में पुलिस ने आढ़ती समेत परिवार के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला छह सितंबर का बताया जा रहा है। सुमेरपुर कस्बा निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ मौदहा मंडी में गेहूं लेने गई थी। धर्मात्मा की आढ़त पर पहुंचने के बाद वह पानी लेने मंडी गेट चली गई। आरोप है कि इसी दौरान आढ़ती के पुत्र ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ अश्लीलता की। महिला के अनुसार, शिकायत करने पर आरोपितों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धर्मात्मा, सविता, विशाल और सौरभ के खिलाफ दलित उत्पीड़न, छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीआईईटी में चार दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का शुभारंभ

**'मेकमोशन 3.0' में विद्यार्थियों को आधुनिक डिजाइन व निर्माण तकनीकों का प्रशिक्षण**

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीआईईटी) में मर्सेनरी मोटरस्पोर्ट्स क्लब की ओर से चार दिवसीय तकनीकी कार्यशाला 'मेकमोशन 3.0' का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग की आधुनिक डिजाइन, निर्माण और व्यावहारिक तकनीकों से परिचित कराना है।निदेशक प्रो. जितेंद्र कुमार शर्मा और छात्र क्रिया-कलाप परिषद अध्यक्ष प्रो. यशपाल सिंह ने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में सीएडी/सीएई, 3डी डिजाइनिंग एवं निर्माण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।कार्यशाला के दौरान 'पिट स्टॉप चैलेंज' समेत विभिन्न व्यावहारिक एवं मोटरस्पोर्ट्स आधारित गतिविधियां होंगी। इससे विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल, टीमवर्क, समस्या समाधान और समय प्रबंधन की क्षमता विकसित होगी। कार्यशाला क्लब के अधिकारी प्रभारी डॉ. विजय वर्मा एवं अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

### खुली चौपाल की सूचना नहीं देने की विधायक से शिकायत

**डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को जानकारी देने की मांग**

**गुरसरांय।** ग्राम पंचायत खड़ौरा में खुली बैठक और ग्राम चौपाल की सूचना ग्रामीणों को नहीं दिए जाने की शिकायत क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत से की गई है।भाजपा सेक्टर संयोजक सुमित पाठक ने विधायक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम सचिव द्वारा खुली बैठक और चौपाल की सूचना गांव में नहीं कराई जाती, जिससे ग्रामीण सरकारी योजनाओं की जानकारी से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठकें गांव के अंदर ही कर ली जाती हैं। उन्होंने खुली बैठक और चौपाल की सूचना डुग्गी पिटवाकर सार्वजनिक कराने की मांग की है।

# विश्व अंतरिक्ष सप्ताह पर चार दिवसीय आयोजन

**आज से 10 अक्टूबर तक स्पेस क्राफ्ट, क्विज व मॉडल प्रदर्शनी होगी**

**झांसी।** विश्व अंतरिक्ष सप्ताह के अवसर पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 7 से 10 अक्टूबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से होने वाले आयोजन में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, नवाचार और वैज्ञानिक सोच से जोड़ा जाएगा। पहले दिन स्पेस क्राफ्ट, दूसरे दिन स्पेस क्विज, तीसरे दिन स्पेस मॉडल प्रदर्शनी और अंतिम दिन पुरस्कार वितरण होगा। मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थी अंतरिक्ष विज्ञान एवं जैव-प्रौद्योगिकी से जुड़े मॉडल प्रस्तुत करेंगे। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, पदक एवं प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।कार्यक्रम का आयोजन प्रो. एमएम सिंह एवं प्रो. डीके भट्ट के निर्देशन में किया जा रहा है। डॉ. बृजेंद्र कश्यप, डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मुकुल सक्सेना, इंजी. दिनेश द्विवेदी, डॉ. आनंद कुमार पांडेय सहित विभागीय शिक्षक एवं विद्यार्थी आयोजन में सहयोग कर रहे हैं।

# बंद मंडी को पुनः संचालित कराने के लिए डीएम ने पचपहरा मंडी का किया निरीक्षण

सम्प्रद्धि न्यूज, महोबा।



जिलाधिकारी ने बंद मंडी को पुनः स्थापित एवं संचालित किए जाने के संबंध में मंडी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं, दुकानों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से मंडी को पुनः संचालित किए जाने की संभावनाओं एवं आवश्यक कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मंडी के पुनः संचालन से क्षेत्र के किसानों एवं व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा कृषि उपज के क्रय-विक्रय को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मंडी परिसर में साफ-सफाई, जल निकासी, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सड़कों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडी की सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्यों का प्रस्ताव तैयार करने तथा मंडी को पुनः सुचारु रूप से संचालित करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मंडी के पुनर्संचालन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, एक लाख का अर्थदण्ड

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

दो साल पहले टाफी देने के बहाने ले जाकर सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी के न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि वादी मुकदमा ने थाना मऊरानीपुर में तहरीर देते हुए बताया था कि 18 मई 2024 को शाम करीब 5 बजे उसके पड़ोस का रहने वाला गोविन्ददास उर्फ बल्लू उम्र लगभग 47 वर्ष उसके घर के पास आया वहाँ पर उसकी पुत्री कुछ बच्चों के साथ खेल रही थी, बेटी उम्र करीब सात साल को टॉफी खिलाई और टॉफी देने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ लिवा ले गया, जब कुछ समय बाद बच्ची घर के अन्दर नहीं आई तो वह बच्ची को देखने बाहर आया किन्तु वहां बच्ची मौजूद नहीं मिली।शाम करीब 06.30 बजे बच्ची घर पर रोती आ गई व उसने सारी घटना बताई कि गोविन्द दास उर्फ बल्लू ने अपने खेत वाले घर पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया है। उसने गोविन्द दास को तलाश किया तो वह नहीं मिला। धारा-376 (क) (ख) भा.द.सं. व धारा-5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत थाना-मऊरानीपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना उपरांत आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर दोषसिद्ध अपराधी गोविन्द दास उर्फ बल्लू कुशवाहा को धारा-5एम/6 पॉक्सो एक्ट के अपराध के लिए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदण्ड ,अर्थदण्ड न अदा करने पर 03 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

# रामावतार का कारण बना नारद का भगवान विष्णु को श्राप देना

**कोंच के ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव में हुआ नारद मोह लीला का मंचन**

समृद्धि न्यूज़, कोंच(जालौन)।



नगर में चल रहे 174 वें ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव में सोमवार की रात रामलीला भवन पर नारद मोह लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने-अपने पात्रों का जीवंत अभिनय कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। लीला का शुभारंभ भगवान लंबोदर गणेश जी आरती के साथ हुआ। नारद का विष्णु को दिया श्राप रामावतार का हेतु बना।

मंचन में दिखाया गया कि देवर्षि नारद गंगा तट पर आसनस्थ होकर तपस्या में लीन हैं। उनकी तपस्या भंग करने के लिए इंद्रदेव कामदेव और अप्सरा को भेजते हैं, लेकिन कामदेव नारद की तपस्या भंग करने में सफल नहीं हो पाते। जिससे नारद मुनि के मन में अभिमान उत्पन्न हो जाता है कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है, और अब वह कामजीत नारद हो गए हैं। अपनी इस उपलब्धि को लेकर अभिमान में भरे नारद पहले अपने पिता ब्रह्मा और फिर भगवान शंकर के पास जाकर अपनी विजय का बखान करते हैं। इसके बाद वह भगवान विष्णु के सामने भी अपने तप और विजय का प्रदर्शन करते हैं। नारद के अभिमान को समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु उन्हें मृत्युलोक की स्थिति देखने भेजते हैं। और अपनी मोह-माया रचते हैं। नारद मुनि राजा शीलनिधि की राजकुमारी शीलमणि के रूप-सौंदर्य से प्रभावित होकर उनसे विवाह करने के लिए आतुर हो जाते हैं। भगवान विष्णु अपनी माया से नारद का मुख वानर जैसा बना देते हैं। राजकुमारी नारद की उपेक्षा करके भरी सभा में पहुंचे श्रीहरि विष्णु का वरण कर लेती हैं और नारद के साथ चल रहे रुद्रगण उनका उपहास बना देते हैं। अपमानित और क्रोधित नारद भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि वह भी पत्नी वियोग का त्रास झेलेंगे और उन्हें इसी वानर रुप की सहायता लेनी पड़ेगी। तुलसीदास की भूमिका संतोष त्रिपाठी, नारद मृदुल शुक्ला, शंकर हरिश्चंद्र तिवारी, पार्वती सूरज शर्मा, इंद्र जवाहर अग्रवाल, विष्णु राघवेंद्र तिवारी, रुद्रगण राघवेंद्र तिवारी चमेंड़ व आकाश शांडिल्य, कामदेव गौरीशंकर झा, अप्सरा प्रशांत चौहान, ब्रह्मा लकी दुवे, ऋषिगण विनीत मिश्रा, शिवकुमार गुप्ता, नंदी की रुचिर रस्तोगी, राजा शीलनिधि छोटे सोनी, घनचक्कर पवन यादव ने निभाई। रामलीला समिति के अध्यक्ष राजीव पटेल, अमित नगाइच सहित अन्य कार्यकर्ता सहयोग कर रहे थे।

### स्नातक निर्वाचन की शिकायत प्रेक्षक से करें

**झांसी।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा गुर्राला श्रीनिवासुलु, आईएएस को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक 5 अक्टूबर से झांसी के नवीन सर्किट हाउस में ठहरे हैं।सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/अपर आयुक्त प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए उम्मीदवार एवं मतदाता प्रातः 10 से 11 बजे तक सर्किट हाउस के सूट नंबर-1 में संपर्क कर सकते हैं। मोबाइल नंबर 9559215469 अथवा दूरभाष 0510-2970834 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# अवैध मिट्टी खनन करते जेसीबी और 2 ट्रैक्टर पकड़े

सम्प्रद्धि न्यूज, पनवाड़ी, महोबा।

**पनवाड़ी थाने के सामने से बालू से भरा स्वराज ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़ा**

महोबा के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के खंगरां गांव में मंगलवार सुबह अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया। उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर और थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचते ही खनन कर रहे लोगों में पर एक जेसीबी मशीन से खेत खलबली मच गई। मौके पर एक खलबली मच गई। मौके पर एक जेसीबी मशीन से खेत की खुदाई और दो ट्रैक्टरों से मिट्टी की ढुलाई हो रही थी। प्रशासन ने जेसीबी मशीन और दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया बताया गया कि निजी खेत से निकाली जा रही मिट्टी को एक निजी प्लाट में डाला जाना था। हालांकि, इसके लिए संबंधित विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। बिना अनुमति खनन की जानकारी मिलने पर यह कार्रवाई हुई। एसडीएम और थानाध्यक्ष की इस कार्रवाई से इलाके में बिना अनुमति मिट्टी खनन करने वालों में हड़कंप है। ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि मशीनों से काम होने के बावजूद स्थानीय लेखपाल को इसकी जानकारी कैसे नहीं हुई।वही पनवाड़ी थाने के उप निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा ने एक स्वराज ट्रैक्टर ट्राली बालू से भरा हुआ हमराही सिपाही रामकुमार तिवारी के साथ थाने से कुछ दूरी पर पकड़ा गया है जो ट्रैक्टर भरवारा गांव में एग्रीकल्चर एनजीओ के तहत खेती के उपयोग में लाया जाना था लेकिन इस ट्रैक्टर को बालू की अवैध खनन करने में लिप्त पाया गया जिस पर इसे खींचकर मामले की रिपोर्ट खनिज विभाग आरटीओ व कृषि विभाग सहित अन्य अधिकारियों को भेज कर कानूनी कार्रवाई की गई है पुलिस की कार्यवाही से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया उप निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि चालक मुकेश कुमार राजपूत और ट्रैक्टर केयर ऑफ में भान प्रकाश पुत्र सुंदरलाल निवासी भरवारा के नाम दर्ज है जबकि ट्रैक्टर एक एग्रीकल्चर एनजीओ के नाम से पंजीकृत है।

# लोकतंत्र बचाओ-वोट बचाओ कार्यक्रम आयोजित

▸ वोट नहीं कटने देंगे का विधायक ने कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प

समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।

समाजवादी पार्टी द्वारा इसौली विधानसभा क्षेत्र के शिव दयाल का पुरवा गंजेहड़ी गांव में वोट बचाओ लोकतंत्र बचाओ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को इसौली विधायक मो ताहिर खान ने वोट कटने से बचाने व पात्र मतदाताओं को वोटर लिस्ट में शामिल करवाने की शपथ दिलाई। मंगलवार को लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत वोट बचाओ देश बचाओ गोष्ठी आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित लोगों से इसौली विधायक द्वारा वोट कटने से बचाने के लिए अपील की।उन्होंने कहा कि सत्तासीन पार्टी द्वारा एसआईआर के दौरान पात्र मतदाताओं के वोट कटवाने के लिए भारी मात्रा में फॉर्म 07 भरकर बीएलओ को दिए गए थे लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की सजगता से उनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए। उसी तरह अब भी वोटो की रखवाली करना है जिससे कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न हो।साथ ही जो पात्र मतदाता अभी सूची में शामिल नहीं है उनका नाम फॉर्म 06 भरकर बीएलओ के माध्यम से सूची में शामिल करवाए।उन्होंने कहा कि पीडीए का मतलब प्रेम,दया व अपनापन है।बाबा साहब का सपना था कि लोकतंत्र में सभी को बराबर हक मिले।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव,जिला महासचिव सलाउद्दीन,जिलाध्यक्ष महिला नफीसा बानो, डीके यादव,बृजेश यादव,प्रधान हसीब, अनंतराम चौरसिया,अमर यादव सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।


बैठक को संबोधित करते विधायक इसौली मो ताहिर खान

## शिक्षकों की पदोन्नति की कवायद तेज, मांगी सूचना

सुल्तानपुर। परिषदीय शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर कवायद तेज हो गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर शिक्षकों की वरिष्ठता सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बीईओ से 37 बिंदुओं पर विस्तृत सूचना मांगी गई है। बीएसए ने निर्देश दिया है कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रविष्टियां उपलब्ध कराई गई एक्सेल शीट में साक्ष्यों के आधार पर दर्ज की जाएं। इसके बाद वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर शिक्षकों से आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। वरिष्ठता सूची उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली-1981 के अद्यतन प्रावधानों के तहत नियम 18 और 22 के अनुसार तैयार की जानी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राहुल राष्ट्रवादी ने बीएसए के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता की उम्मीद बढ़ी है।

# अस्पताल से दवा लेकर लौट रही महिला से गैंगरेप

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।

संगम नगरी में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एसआरएन अस्पताल से दवा लेकर घर लौट रही एक महिला के साथ ऑटो चालक और उसके दो साथियों ने सुनसान इलाके में ले जाकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता लालपुर की रहने वाली है। पति नौकरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। महिला के अनुसार वह स्वरूपरानी अस्पताल से दवा लेकर घूरपुर जाने के लिए नए पुल से ऑटो में बैठी थी। ऑटो चालक घूरपुर ले जाने के बजाय उसे करछना के सुनसान इलाके में ले गया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चालक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सबसे दुखद पहलू पुलिस की लापरवाही है। पीड़िता न्याय के लिए कीडगंज, घूरपुर और करछना तीनों थानों के चक्कर लगाती रही, लेकिन कहीं भी उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। गैंगरेप जैसे गंभीर मामले में भी पुलिस द्वारा टाल-मटोल करना कई सवाल खड़े करता है। इस मामले में एक बार फिर कीडगंज थाना प्रभारी चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि 4 महीने पहले भी लापरवाही के मामले में इन पर कार्रवाई हुई थी और इन्हें निलंबित किया गया था।

## पांच मांगों पर अड़ीं एएनएम ने दिया धरना

चांदा, सुल्तानपुर। वर्षों से लंबित मांगों के समाधान को लेकर एएनएम कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा परिसर में मोर्चा खोल दिया है। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एएनएम ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी यादव को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने स्पष्ट किया कि मांगों के निस्तारण तक आंदोलन जारी रहेगा। धरनारत एएनएम का कहना है कि लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने के बावजूद संविदा कर्मियों को नियमितीकरण और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने शासन से संविदा एएनएम को अनुभव के आधार पर नियमित कर राज्यकर्मी का दर्जा देने तथा ओवरएज एएनएम के लिए आयु सीमा की बाध्यता समाप्त करने की मांग की इसके अलावा समान कार्य के लिए समान वेतन के तहत 30 हजार रुपये मानदेय, कैशलेस उपचार की सुविधा और गृह जनपद में स्थानांतरण की मांग भी उठाई गई। एएनएम ने कहा कि मांगों के प्रति लंबे समय से उदासीनता बरती जा रही है, जिससे उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

# पति ने बहादुरगंज में 3 स्कूटियों को फूंका, वीडियो वायरल

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।

प्रयागराज में लव मैरिज का ऐसा खौफनाक अंजाम देखा है कभी। शहर के घनी बस्ती बहादुरगंज लोहिया पांडे का हाता में आधी रात को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक सनकी पति ने पत्नी से बदला लेने के लिए 3 स्कूटियों में एक साथ आग लगा दी! पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है और अब वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने कुछ महीने पहले ही लव मैरिज की थी। शादी के बाद किसी बात को लेकर पत्नी नाराज होकर अपने मायके बहादुरगंज आ गई थी। पत्नी को मनाने की कोशिश में फेल होने के बाद पति का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गुस्से में आग-बबूला पति देर रात हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर ससुराल पहुंचा। वहां घर के बाहर खड़ी 3 स्कूटियों पर पेट्रोल छिड़का और माचिस मार दी। देखते ही देखते तीनों गाड़ियां धू-धू कर जलने लगीं। गली में लगा सीसीटीवी सब रिकॉर्ड कर रहा था। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे एक युवक आता है, बोतल से कुछ छिड़कता है और आग लगाकर भाग जाता है। आग इतनी भीषण थी कि तीनों स्कूटियां जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि आग घर तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची शाहगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपी सनकी आशिक पति की तलाश तेज कर दी गई है।

## अवैध नर्सिंगहोम के खिलाफ जिले भर में चला अभियान

सुल्तानपुर। पिछले सप्ताह चांदा बाजार में संचालित न्यू आयुषी पाली क्लीनिक में हुई नवजात शिशु की मौत के बाद जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सख्त रुख अख्तियार किया है। डीएम के कड़े निर्देश के बाद आज जिले 14 ब्लाकों में टीम बनाकर अवैध रूप से संचालित नर्सिंगहोम व बिना डिग्री के प्रैक्टिस करने वाले झोलाछाप की जांच पड़ताल की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भारत भूषण ने बताया कि शहर और ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई छापेमारी में 71 संदिग्ध के ऊपर कार्यवाही करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन में जवाब न देने उनके खिलाफ विधिक कार्यवाई की जाएगी। चांदा बाजार में शुक्रवार को न्यू आयुषी पाली क्लीनिक में एक नवजात शिशु की मौत के मामले में सीएमओ डॉ भारत भूषण द्वारा गठित टीम द्वारा उस दिन भर्ती एक अन्य मरीज किरण यादव के परिजनों के बयान दर्ज किए गए।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और नोडल डॉ जे सी सरोज ने बताया कि प्रसव पीड़िता के शिकायतकर्ता पिता को भी बयान के लिए बुलाया गया था लेकिन वो नहीं आए ।

## बूथ मजबूत कर मिशन-2027 की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : विजय रघुवंशी



सुलतानपुर। इसौली विधानसभा के धम्मौर मंडल की मासिक बैठक पिकौरा स्थित एक विद्यालय में मंडल अध्यक्ष राम जतन यादव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि जिला मीडिया प्रभारी एवं मंडल प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं से मिशन-2027 के लिए बूथों को मजबूत करने और मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास व सुशासन को नई दिशा मिली है। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। कार्यकर्ता लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं का प्रभाव जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने लाभार्थियों के अनुभवों की एक मिनट की वीडियो कहानी तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का सुझाव दिया।मंडल अध्यक्ष ने सभी का आभार जताया। संचालन राजेश तिवारी ने किया। बैठक में कुसुम लता मौर्य, राम प्रकाश वर्मा, संदीप सिंह, राहुल सिंह, सुनील मौर्य, अमरनाथ वर्मा, विनोद चौरसिया समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

▸ रोवर्स रेंजर्स संयोजक और एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी के नेतृत्व में हुई प्रतियोगिता



समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत मंगलवार को केएनआई में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत-2027 थीम पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। 13 छात्र समूहों ने रंगोली के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया।बीए प्रथम सेमेस्टर की रोली समूह ने प्रथम, बीएससी पंचम सेमेस्टर की समीक्षा समूह ने द्वितीय और बीए तृतीय सेमेस्टर की दीपा भारती समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकायाध्यक्ष डॉ. रंजना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी पाण्डेय और गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दूबे ने रंगोलियों का निरीक्षण कर परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता रोवर्स रेंजर्स संयोजक प्रो. सुनीता राय और एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. आरपी मिश्र के नेतृत्व में हुई। प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह और परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने विजेताओं को प्रमाणपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

## खबरें एक नजर में

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष अभियान

सुलतानपुर। निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले में पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची में ईपी रेशियो एवं जेंडर रेशियो बढ़ाने के साथ ही आयोग के 'कोई मतदाता न छूटे' के लक्ष्य को साकार करना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रत्नप्रिया ने बताया कि अभियान के तहत पात्र युवाओं, छूटे हुए मतदाताओं, पहली बार मतदाता बनने की अर्हता रखने वाले नागरिकों, बेघर, दिव्यांग तथा महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इसके लिए महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास और युवा कल्याण विभाग का सहयोग लिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम अभी मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ फार्म-6 भरकर अपने बूथ के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल से ऑनलाइन फार्म-6 भरकर भी आवेदन किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ घायल, रेफर

चांदा, सुलतानपुर। बैतीकला टोल प्लाजा के पास मंगलवार को अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के शाढ़ांपुर निवासी जगन्नाथ यादव (45) घायल हो गए। वह लंभुआ से काम निपटाकर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। टोल प्लाजा के समीप अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया।

### प्रमोद आयुर्वेदिक एजेंसी में चोरों ने नगदी सहित माल किया पार

रायबरेली। शहर के कैपरगंज चौराहे स्थित प्रमोद आयुर्वेदिक एजेंसी में चोरों ने बीती रात छत के रास्ते घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर छत पर लगे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर दुकान में दाखिल हुए और गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफकर दिया।सुबह दुकान खोलने पहुंचे एजेंसी संचालक अतुल मिश्रा पुत्र स्व0 प्रमोद चन्द्र मिश्रा निवासी प्रभु टाउन (शहर कोतवाली) ने शटर खोला तो अंदर दवाइयां और अन्य सामान बिखरा पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान की जांच करने पर उन्हें छत के ऊपर लगा लकड़ी का दरवाजा टूटा मिला। इसके बाद वह पुनः नीचे आए और गले में देखा तो उनके द्वारा बीती रात दुकान बंद करने के बाद गिन कर रखे गए एक लाख पच्चीस हजार रुपए गायब मिले। एजेंसी के संचालक अतुल मिश्रा ने बताया कि रात्रि में लगभग 10 बजे हम दुकान बंद करके घर चले गए थे उसके बाद जब सुबह आए तो देखा कि दुकान के अंदर चोरों ने अपना काम बखूबी कर लिया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### मदाखेड़ा के पुरवा बरचंदा में घुसा बाढ़ का पानी

बछरावां-रायबरेली। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदाखेड़ा के मजरा बरचंदा में सई नदी का जलस्तर बढ़ जाने से गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। पूरे गांव में पानी भरने से सभी संपर्क मार्ग बाधित हो गए हैं और ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आज पूर्व विधायक रामलाल अकेला नाव के माध्यम से बाढ़ प्रभावित गांव बरचंदा पहुंचे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की और ग्रामीणों का हालचाल जाना। पूर्व विधायक ने कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़े रहना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने प्रशासन से भी बाढ़ पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की अपील की।

# एएसपी ने चांदा कोतवाली का किया निरीक्षण, चौकीदार सम्मानित

समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।

अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने मंगलवार को चांदा कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली के विभिन्न अभिलेखों एवं पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली। साथ ही उपनिरीक्षकों, हेड कांस्टेबलों और कांस्टेबलों से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था व पुलिसिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। एएसपी ने पुलिसकर्मियों से ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए अपने दायित्वों का गंभीरता और जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस के सहयोगी के रूप में कार्य करने वाले चौकीदारों से भी संवाद किया। इस दौरान मौजूद चौकीदारों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। एएसपी ने कहा कि स्थानीय गतिविधियों और महत्वपूर्ण सूचनाओं को पुलिस तक पहुंचाने में चौकीदारों की भूमिका अहम है।निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा, उपनिरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा, मेराज अहमद, शंकर बख्श सिंह, चौकी प्रभारी कोइरीपुर रजत कुमार पाण्डेय, अजय यादव समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# पीस कमेटी की बैठक, सौहार्दपूर्वक त्योहार मनाने की अपील

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।

आगामी त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कोतवाली मांधाता परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। दोपहर करीब 12 बजे हुई इस बैठक में नगर पंचायत मांधाता सहित आसपास के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से आए सभी समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रशासन ने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मांधाता धनंजय राय ने कहा कि नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, धनतेरस और दीपावली जैसे पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी तरह के विवाद से बचने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आम जनता का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है।



थानाध्यक्ष ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि पुलिस 24 घंटे सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना दी जा सकती है। वहीं बैठक में मौजूद लोगों ने भी पुलिस का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रहेगी और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मानदेय व स्थायी सेवा की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने दी चेतावनी

रानीगंज-प्रतापगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज के अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा संगिनियों ने विभिन्न लम्बित मांगों को लेकर मंगलवार को डॉ. वर्तिका सिंह डॉ. राममनोहर पटेल ए आर ओ मयंक मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन से मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए 6 अक्टूबर के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने स्थायी नियुक्ति प्रदान करने, 8वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन तय करने, 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन व पीएफ का लाभ देने, और सितंबर माह तक के समस्त बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान करने की मुख्य मांगें रखीं। साथ ही कार्यक्षेत्र में आकस्मिक दुर्घटना पर 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता व आश्रित को नियुक्ति, पतियों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा विभागीय कार्यों का लिखित प्रमाण दिए जाने की भी मांग की गई है।

# दबिश देने गई पुलिस से नोंकझोंक,वीडियो वायरल

▸ नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने दी थी दबिश

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

सोमवार की रात धम्मौर थाना क्षेत्र के उघड़पुर गांव निवासी यूट्यूबर संजय यदुवंशी के घर पर दबिश देने गई पुलिस से नोक झोक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।वायरल वीडियो पर सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने सफाई देते हुए नगर कोतवाली में दर्ज जानलेवा हमले के मुकदमे में दबिश देने की जानकारी दी। बता दे कि बीते 07 सितंबर को नगर कोतवाली क्षेत्र के अमहट निवासी अफरुल हसन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 05 -06 सितंबर की रात उसके बेटे सबीब रजा को सोशल मीडिया साइट पर फोन करके बुलाया गया कि तुम्हारे मित्र छोटू का अमहट में एक्सीडेंट हो गया।

जब सबीब रजा मौके पर पहुंचा तो पहले से मौजूद सादाब पठान,संजय यदुवंशी, शिवा यदुवंशी व सचिन कोरी सहित अन्य लोगो द्वारा मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया था।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की थी।विवेचना में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जानलेवा हमले की धारा की बढ़ोत्तरी की थी।

इसी मामले सोमवार की रात नगर कोतवाली पुलिस व धम्मौर पुलिस ने संजय यदुवंशी के घर पर छापेमारी की थी। दबिश के दौरान संजय यदुवंशी घर पर मौजूद नहीं थे। परिवारी जनों द्वारा पुलिस से नोक झोक की गई।जिसका वीडियो यूट्यूवर संजय यदुवंशी द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट पर वायरल किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने बयान जारी करते हुए कोतवाली नगर ने दर्ज मुकदमे में वांछित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई थी।सोशल मीडिया पर जो आरोप लगाए गए है निराधार है। प्रभारी निरीक्षक धम्मौर विपेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि संजय यदुवंशी के खिलाफ धम्मौर थाने में 02 मुकदमे,बंधुआ कला में 01 व नगर कोतवाली में दर्ज 01 मुकदमे में वांछित है।

### सपा मुखिया ने किया ट्वीट

सुल्तानपुर। यूट्यूबर संजय यदुवंशी द्वारा जिले की पुलिस द्वारा डाली गई दबिश का वीडियो टैग करते सपा मुखिया में ट्वीट करते हुए लिखा कि जैसे सत्ताधारी,वैसे अधिकारी। नैतिकता की सीमा लांघ,निजता का अतिक्रमण करने वाली उप्र सरकार की पुलिस का ये अपशब्द वचनीय मौखिक व शारीरिक व्यवहार किससे है ये सब जानते है।साथ ही उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा कि अब पुलिस का ये ही कहना है कि हम किसी नियम कानून को मानने के मूड में नहीं है। हालांकि इस ट्वीट पर सुल्तानपुर पुलिस ने पक्ष रखते हुए लिखा कि संजय यदुवंशी नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे का वांछित हैं। जिसकी तलाश में पुलिस टीम द्वारा दबिश की गई थी।

# अखिलेश की गिरफ्तारी पर नाराज सपाइयों ने लगाया जाम

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

संविधान बचाओ आंदोलन से नाराज केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों के सांसदों को दिल्ली पुलिस धरना देते समय हिरासत में ले लिया। दिल्ली के इस आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खड़गे, कांग्रेसी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश सिंह यादव के संयुक्त नेतृत्व संपन्न हुआ। दिल्ली के इस आंदोलन में इंडिया गठबन्धन के सभी दल के सांसद शामिल रहे। इससे नाराज स्थानीय सपाईयों ने प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौराहे पर सपा जिला महासचिव जिलानी के नेतृत्व में धरना और प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजवादी नेता पूर्व विधायक राजकुमार पाल, प्रदेश कार्य कार्यकारिणी सदस्य सपा नेता कमलेश विश्वकर्मा, सपा नेता राजीव विश्वकर्मा एडवोकेट,सपा नेता मनीष पाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदर्शनकारी वोट चोर ज्ञानेश गुप्ता, कुर्सी छोड़ वोट चोरी की सरकार, नहीं चलेगी, नहीं चलेगी आदि नारा घंटों गूंजता रहा।



# राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुआ अभिनंदन कार्यक्रम




समृद्धि न्यूज,रायबरेली।

शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा, संस्कार एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा और संस्कारों से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं सचिव प्रभात श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा एवं संस्कार कार्यों की जानकारी प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई ने दी। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़ एवं हरप्रीत कौर ने किया। डॉ. चम्पा श्रीवास्तव ने गुरु-शिष्य संबंधों और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन और संस्कारों से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता के साथ-साथ अच्छे नागरिक के रूप में भी विकसित होता है। परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अम्बरीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संस्कारवान बने रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा खुशी वर्मा को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वंश यादव तथा खेलकूद के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आराध्या मिश्रा को सम्मानित किया गया।

## लेनदेन के विवाद में डंपर चालक की पीट-पीटकर हत्या

प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर गंगा पुल स्थित जायसवाल ढाबे के पास पैसों के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट में घायल डंपर चालक की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। संग्रामगढ़ निवासी मनोज कुमार सोनकर (35) डंपर चलाने का काम करता था। परिजनों के अनुसार, सोमवार शाम करीब पांच बजे मनोज अपने बकाया मानदेय के 20 हजार रुपये मांगने डंपर मालिक के पास गया था। वहां जायसवाल ढाबे के पास पैसों के लेनदेन को लेकर डंपर मालिक और खलासी से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि बहस के दौरान दबंगों ने मनोज के सीने पर ईंट व लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल मनोज किसी तरह मोटरसाइकिल से घर पहुंचा और पत्नी साक्षी को घटना की जानकारी दी। देर रात हालत बिगड़ने पर परिजन उसे प्रयागराज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की।

# भाजपा हिंदू-मुस्लिम के मुद्दों पर करती है राजनीति : नसीमुद्दीन

▸ सपा की पीडीए महापंचायत संपन्न, हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।

समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में शहर क्षेत्र के जहानाबाद स्थित एक एशिया लॉन में पीडीए महापंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पहुंचे। महापंचायत में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए और नसीमुद्दीन सिद्दीकी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर उनका भाषण सुना। सदर सीट से कई बार विधायक रहे स्वर्गीय अखिलेश सिंह की बहन पूनम सिंह के समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद यह पहला बड़ा कार्यक्रम था, जिसका उन्होंने कार्यक्रम संयोजक के रूप में आयोजन किया। पूनम सिंह की सक्रियता के बीच आयोजित इस पीडीए महापंचायत को जिले की राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। महापंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मंदिर-मस्जिद और हिंदू-मुस्लिम के मुद्दों पर राजनीति करती है। उन्होंने सरकारी विभागों को उद्योगपतियों को सौंपे जाने का भी आरोप लगाया। सिद्दीकी ने कहा कि दलितों और ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहा है तथा सरकार के खिलाफ अधिक बोलने वालों पर बुलडोजर चलाया जाता है। सीट शेयरिंग को लेकर उन्होने कहा की समय आने पर फैसला होगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटाना होना चाहिए। इस अवसर पर इं. वीरेंद्र यादव जिला अध्यक्ष, अरशद खान जिला महासचिव एवं कार्यक्रम संचालक, पूनम सिंह कार्यक्रम संयोजक, प्रदेश सचिव शशिकान्त शर्मा गुलशेर खान, सैयद सिद्दीकी, ओ.पी. यादव, डी.पी. पाल, अखिलेश माही राहुल निर्मल बागी, फहीम अहमद, शुभम लोहिया, डॉ. आई जावेद, शुभम पाल, अजय यादव, योगेश्वर उर्फ कल्लू चौधरी, अज्जू खान, मो. अकील अहमद, ब्रजेंद्र चौधरी, पुतन सिंह यादव, राकेश यादव, जगदेव, सईद सिद्दीकी एडवोकेट, मुमताज अली, मोहम्मद अकील अहमद तौसीफ सिद्दीकी सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# वोट चोरी के सहारे सत्ता में बने रहना चाहती है भाजपा : शिवपाल

- टूट चुकी है बीएसपी, जो बीजेपी कहती वही करती : शिवपाल
- अखिलेश के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी सपा

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी और वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाकर सियासी हमला तेज कर दिया। मंगलवार को कुतलूपुर में भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे शिवपाल ने राज्यसभा चुनाव से लेकर ग्राम पंचायत चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव तक कई मुद्दों पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए वोट की चोरी करती है और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करती है।

सपा नेता जय कुमार तिवारी 'बऊअन' के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे शिवपाल यादव का सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान समेत पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। कथा के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सपा किसी से डरने वाली नहीं है। राज्यसभा चुनाव में भाजपा के दो प्रत्याशी उतारने के सवाल पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी जानते हैं कि भाजपा वोट की चोरी करती है। तंज कसते हुए बोले कि भाजपा वोट की चोरी के साथ भगवान के चढ़ावे का चंदा भी चोरी करती है। ग्राम पंचायत चुनाव टाले जाने के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि बेईमानी के चक्कर में चुनाव टाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव निर्धारित समय पर होने चाहिए और किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जनता अब सड़कों पर है। चुनाव ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्ष तरीके से कराए जाने चाहिए।

आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के चेहरे को लेकर शिवपाल यादव ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि अखिलेश यादव उनके नेता हैं और चुनाव उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जाएगा। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा। सीटों के बंटवारे का फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। बसपा को लेकर शिवपाल यादव ने दावा किया कि अब उसका अस्तित्व खत्म हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा टूट चुकी है और भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। भाजपा जो कहेगी, बसपा वही करेगी।

भागवत कथा में शामिल होने पर शिवपाल ने कहा कि उनका परिवार धार्मिक आयोजनों में आस्था के साथ शामिल होता रहा है और यह उनके परिवार की परंपरा रही है। इस दौरान पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, ताहिर हुसैन सिद्दीकी, अरविंद सिंह यादव, ओम प्रकाश तिवारी, बंटी शर्मा, हुकुम सिंह यादव, हसीब हसन, कुक्कू चौहान, आकाश शाक्य, शशिमा सिंह दोहरे, विवेक पाल, राजेंद्र सिंह यादव, योगेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में सपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मासूम के अंडाशय से निकाली 20 सेंटीमीटर की गांठ

**तिर्वा/कन्नौज।** लंबे समय से पेट दर्द और बेचैनी से परेशान 14 वर्षीय किशोरी को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में जटिल सर्जरी के बाद राहत मिली। डॉक्टरों की टीम ने किशोरी के अंडाशय से करीब 20म20 सेंटीमीटर की बड़ी गांठ सफलतापूर्वक निकाल दी। ऑपरेशन के बाद किशोरी की हालत बेहतर बताई जा रही है।

सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अंशिता पाल काफी समय से पेट दर्द से परेशान थी। परिजनों ने कई जगह उपचार कराया, लेकिन समस्या बनी रही। इसके बाद उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। स्त्री एवं प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सपना सिंह ने जांच की। अल्ट्रासाउंड में अंडाशय में बड़ी गांठ दिखाई दी। आवश्यक जांचों के बाद किशोरी को भर्ती कर ऑपरेशन की तैयारी की गई। मंगलवार को डा. सपना सिंह के नेतृत्व में डा. शिखा भारती, एनेस्थीसिया विभाग के डा. प्रमोद कुमार और सर्जरी टीम ने ऑपरेशन किया।

## तर्पण

### माता-पिता के संघर्ष ने आसान की जीने की राह : वेद प्रकाश राठौर





स्वर्गीय राम बेटी — स्वर्गीय श्री लज्जाराम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में गणपति स्टील के नाम से कारोबार करने वाले वेद प्रकाश राठौर का कहना है कि दिवंगत माता रामबेटी और दिवंगत पिता लज्जाराम राठौर के संघर्ष ने हम सभी भाइयों के जीने की राह आसान कर दी। हम लोग मूल रूप से आगरा के निवासी हैं लेकिन 1975 -76 में यहां आकर पिताजी ने व्यवसाय शुरू किया। 28 नवंबर 2011 को माताजी और 2 अगस्त 2017 को पिताजी मोक्ष धाम को प्राप्त हुए। उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर मैंने गणपति स्टील के नाम से बिल्डिंग मटेरियल में काम आने वाली सरिया का काम शुरू किया। छोटे भाई नेमीचंद राठौर ने सर्राफा व्यवसाय के साथ कपड़ों का और सबसे छोटे भाई विनोद कुमार राठौर ने पश्चिमी बाईपास पर नवीन मंडी के आगे अक्षरधाम गेस्ट हाउस और बांके बिहारी यामाहा शोरूम का काम शुरू किया। माता-पिता के आशीर्वाद से हम तीनों भाइयों के कार्य सफलतापूर्वक चल रहे हैं। हम तीनों भाई आज भी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए परिवार और समाज दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी यादें हमें शक्ति देती हैं और उनके आदर्श हमें प्रेरित करते हैं कि जीवन को सार्थक बनाया जाए। माता पिता की यह अमूल्य विरासत हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। पितृ पक्ष में दोनों महान आत्माओं को हम सादर नमन करते हैं।

## मां भगवती महाविद्यालय में एआई एवं साइबर जागरूकता शिविर आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के तत्वावधान में मां भगवती महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक बनाना था। शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग, साइबर सुरक्षा के महत्व, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय तथा सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सतर्क रहने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को बताया गया कि कैसे एआई का सदुपयोग शिक्षा और करियर में सहायक हो सकता है, साथ ही साइबर अपराधों से बचने के लिए किन सावधानियों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने सक्रियता से भाग लिया और अपने प्रश्न पूछे। महाविद्यालय के प्रबंधक सचिन दुबे ने अतिथि प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता शिविर विद्यार्थियों को डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## 21 दिन में जन्म-मृत्यु का पंजीकरण कराएं वरना बढ़ेगी परेशानी

**कन्नौज।** जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के भीतर कराना जरूरी है। सीएमओ डॉ. विकास चंद्र ने बताया कि इस अवधि में पंजीकरण निःशुल्क है। 30 दिन बाद एक साल तक 20, एक साल बाद 50 और दो साल से अधिक देरी पर 100 शुल्क लगेगा। जन्म-मृत्यु का पंजीकरण घटना स्थल के स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के कार्यालय में कराया जा सकता है। जन्म पंजीकरण की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। 21 दिन के भीतर अभिभावक पोर्टल से स्वयं आवेदन कर सकते हैं। एक साल बाद सक्षम मजिस्ट्रेट के आदेश की जरूरत होगी। जन्म प्रमाण-पत्र सरकारी योजनाओं और सेवाओं में जरूरी दस्तावेज है।

देरी पर शुल्क, एक साल बाद मजिस्ट्रेट के आदेश की जरूरत

## खटिक समाज के जाति प्रमाणपत्र विवादों की हो निष्पक्ष जांच

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**





खटिक समाज के प्रतिनिधियों ने जाति प्रमाणपत्रों से संबंधित विवादित मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार राम प्रकाश को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि तहसील क्षेत्र में खटिक समाज के पात्र लोगों के जाति प्रमाणपत्र जारी कराने में दिक्कत आ रही है। कई मामलों में लेखपाल की जांच रिपोर्ट में आवेदकों को चिक या चिकवा अन्य पिछड़ा वर्ग का बताया जा रहा है, जिससे प्रमाणपत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि मामला तहसील और उपजिलाधिकारी स्तर पर भी संज्ञान में आ चुका है। उन्होंने विवादित प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर बार-बार सत्यापन कराने के बजाय सक्षम स्तर से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

ज्ञापन में जाति प्रमाणपत्र प्रकरणों के परीक्षण के लिए सक्षम जांच समिति गठित करने, आवश्यकता पड़ने पर सतर्कता प्रकोष्ठ से जांच कराने और केवल लेखपाल की रिपोर्ट को अंतिम आधार नहीं मानने की मांग की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि उनकी मांग किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नहीं है। उद्देश्य पात्र लोगों के प्रमाणपत्र संबंधी विवादों का पारदर्शी और नियमानुसार समाधान कराना है। इस दौरान नेम कुमार खटिक, सोमेश कुमार खटिक, रामकुमार खटिक, नितिन कुमार खटिक, राजा खटिक, श्याम कुमार खटिक, प्रदीप कुमार खटिक, विकास कुमार खटिक, शालिनी, विकास, ऋषभ, सुनीता, कुमकुम, रचना सहित खटिक समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## शबरी की भक्ति ने सिखाया प्रेम और समर्पण का मार्ग



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

नगर के गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत श्री किशन दास जी महाराज ने शबरी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कथा व्यास श्री किशन दास जी महाराज ने कहा कि शबरी भगवान श्रीराम की अनन्य भक्त थीं। उन्होंने वर्षों तक प्रभु के आगमन की प्रतीक्षा की। भगवान श्रीराम जब लक्ष्मण के साथ उनकी कुटिया पहुंचे तो शबरी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने प्रेमपूर्वक बेर अर्पित किए। प्रत्येक बेर को चखकर मीठा बेर ही प्रभु को खिलाया। भगवान श्रीराम ने भी उनके निश्छल प्रेम और भक्ति को सहर्ष स्वीकार किया। महाराज ने कहा कि भगवान को धन-दौलत और वैभव नहीं, बल्कि सच्चे मन से की गई भक्ति और प्रेम प्रिय है। शबरी का जीवन श्रद्धा, धैर्य और समर्पण का संदेश देता है। कथा में पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे भी मौजूद रहे। वहीं कथा प्रांगण में श्री गोविन्द सत् साहित्य प्रचार समिति के दिवंगत सदस्य विमल शर्मा के चित्र पर समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबरें एक नजर में

### वोट बचाओ-देश बचाओ के तहत कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला इब्राहीमगंज स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय अमोल दीक्षित के आवास पर प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट ने कहा केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर वोट बचाओ देश बचाओ के तहत जनपद की तीनों तहसीलों में पार्टी के विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी ने तीन मांगों मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तत्काल इस्तीफा दे, एसआईआर प्रक्रिया रद्द की जाए व आगामी चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए को लेकर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। जब तक यह मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक कांग्रेस प्रदर्शन करती रहेगी। इसी कड़ी में 6 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक का मार्च संसद भवन से केंद्रीय निर्वाचन कार्यालय तक किया गया। प्रेस वार्ता में जिला महासचिव अमोल दीक्षि,त जिला महासचिव मेराज वारसी, जिला सचिव छुट्टन नंबरदार, खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रबल प्रताप, नगर अध्यक्ष आशीष सिंह चौहान, सोहेल खान शेरा, बहार कुरैशी, राजकुमार यादव, मो आशिफ सिद्दीकी, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आराधना मिश्रा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आराधना मिश्रा उर्फ मोना के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय जन आंदोलन फंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने कहा कि आराधना मिश्रा जैसे ऊर्जावान और जनप्रिय नेतृत्व के प्रदेश अध्यक्ष बनने से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी की नींव मजबूत होगी और जन आंदोलनों को नई दिशा मिलेगी। स्थानीय स्तर पर भी कांग्रेस की सक्रियता बढ़ेगी। सभी ने आराधना मिश्रा के सफल कार्यकाल की कामना की और पार्टी को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान देवकीनंदन दुबे मुन्ना, महेश चंद्र दीक्षित, आसाराम यादव, श्रीकांत तिवारी, सुरेश सिंह तोमर, अजय दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेलवे की लापरवाही से यात्री परेशान, 54156 रोजाना लेट





**गुरसहायगंज कन्नौज।** फर्रूखाबाद से बनकर कानपुर सेंट्रल तक जाने वाली गाड़ी संख्या 54156 के प्रतिदिन देरी से चलने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह गाड़ी अपने निर्धारित समय से घंटों लेट चल रही है, जिससे नौकरी, पढ़ाई और जरूरी काम से जाने वाले यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है। मोहल्ला गांधी निवासी ओम नारायण कुशवाहा ने बताया कि यह ट्रेन रोजाना लेट छोड़ी जाती है। समय से स्टेशन पहुंचने के बाद भी यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को प्लेटफार्म पर परेशान होना पड़ता है। रेलवे प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि आम जनता की परेशानी को देखते हुए गाड़ी संख्या 54156 को समय से चलवाया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## सीओपी धारक अधिवक्ताओं को दिया जाए आर्थिक सहयोग

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



महादेव सेवक संघ ने एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी को ज्ञापन देकर सीओपी धारक अधिवक्ताओं को आर्थिक सहयोग राशि दिए जाने की मांग उठाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत त्रिपाठी एडवोकेट द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने, राष्ट्रहित, जनहित एवं संविधान हित में अधिवक्ता सदैव तत्पर रहते हैं। अधिवक्ता प्रतिकूल मौसम और सभी ऋतुओं में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए न्यायालयों में विधिक सेवाएं प्रदान करते हैं। कृषि प्रधान देश होने के कारण न्यायालय आने वाले वादकारियों से अधिवक्ताओं को उचित मेहनताना नहीं मिल पाता, जिससे उनका पारिवारिक खर्च चलाना कठिन हो गया है और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। आर्थिक तंगी को देखते हुए संघ ने अधिवक्ताओं को 15,000 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि देने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महादेव सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत त्रिपाठी एडवोकेट सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अखिलेश की गिरफ्तारी के विरोध में सड़क पर उतरे सपाई

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में 19 विपक्षी दलों के 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' को पुलिस द्वारा रोके जाने और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को हिरासत में लिए जाने के विरोध में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। वरिष्ठ सपा नेता दीपू चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। घायल होने के बावजूद दीपू चौहान के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे कार्यकर्ताओं ने वोट चोर इस्तीफा दो÷ और ÷दिल्ली पुलिस मुर्दाबाद÷ के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी की मांग भी की। इस अवसर पर दीपू चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का सभी को अधिकार है। विपक्ष की आवाज को दबाने और जनप्रतिनिधियों को हिरासत में लेने की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जितेंद्र पाल, राजन गुप्ता, बबल शर्मा, अयान, आशीष यादव व अंकित यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोतवाली में किया प्रदर्शन


## सूचना

मैंने अपने पुत्र अंशुल कुमार को उनके कार्यों व गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **दयानन्द पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम हरकरनपुर, थाना कम्पिल, जिला फर्रु०**

## INFORMATION

I, HARSHPREET SINGH, student of Modern Public School, Farrukhabad, U.P. (Unique ID: 8637665), hereby inform the public that my mother's name has been wrongly recorded as 'Kajal Singh' in my school records and official documents. Her correct and real name is 'Chatar Kaur'. In future, she should be known and addressed as Chatar Kaur for all official and educational purposes.


## जयंती पर याद किए गए महेंद्र सिंह टिकैत

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।**



चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी।

किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसान जागृति दिवस के रूप में हवन-पूजन कर मनाया। प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिले भर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

मंगलवार को जिला कार्यालय इस्माइलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने किसान मसीहा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि बाबा टिकैत ने किसानों की आवाज को हमेशा बुलंद किया। आज उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम किसानों के अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें और महात्मा टिकैत की नीतियों को किसानों तक पहुंचाएं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम चौहान, जिला सचिव धर्मेंद्र सिंह राजपूत, बबलू ठाकुर, प्रमोद तिवारी उर्फ बबलू नेता, सुरेश यादव, जिला चिकित्सा प्रभारी रिजवान अहमद, सत्यम प्रजापति, अशोक कुमार, मो. शहराज अहमद, असगर खान, डब्लू ठाकुर, राहुल कुमार, राजा गजेंद्र सिंह चौहान, अजय शेर, मतीन खान, कुशल पाल सिंह, कुलदीप कुमार, सरमन अवस्थी, मुशर्रफ सहित आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईसीसीई एजुकेटर की परीक्षा से वंचित करने का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आउटसोर्सिंग के तहत ईसीसीई एजुकेटर पदों पर भर्ती के लिए सेवायोजन पोर्टल से आवेदन करने वाली महिलाओं ने लिखित परीक्षा से वंचित किए जाने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मामले की जांच कराने और परीक्षा में शामिल होने का अवसर देने की मांग की है। नगला गांगिन निवासी चित्रा ने बताया कि उनका नाम इंटरव्यू सूची में क्रमांक 14 पर था। चयनित कंपनी ट्रोम्सो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने 30 अगस्त को लखनऊ में इंटरव्यू लिया था। इंटरव्यू में शामिल होने के बाद उन्हें लिखित परीक्षा की कोई सूचना नहीं दी गई। पांच अक्टूबर को प्रकाशित खबर से पता चला कि परीक्षा चार अक्टूबर को हो चुकी है। चित्रा, राखी यादव निवासी वल्देव नगला और शिवानी सहित अन्य महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। बीईओ आनंद दुबे ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से परीक्षार्थियों को परीक्षा की जानकारी दी गई थी। सभी को बुलाया गया था। किसी स्तर पर त्रुटि हुई है तो जिले से जानकारी ली जाएगी।


## कार्यालय ग्रा0पं0 नगला सेठ वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ अनुदान संख्या-14 एवं एफ.एफ.सी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 — दिनांक 04/10/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

अनुदान संख्या-14 एवं एफ.एफ.सी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत नगला सेठ विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 05/10/2026 से दिनांक 10/10/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 10/10/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 05/10/2026 से दिनांक 10/10/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अंत्येष्टि-स्थल निर्माण कार्य | अनुमानित लागत- 28.12 लाख अनुदान संख्या-14 ( 27.57 लाख) एफ.एफ.सी.- (0.55 लाख) | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रजनी) ग्राम पंचायत नगला सेठ, शमशाबाद सचिव (जयवीर सिंह)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 फरीदपुर मंगलीपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ अनुदान संख्या-14 एवं एफ.एफ.सी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 — दिनांक 04/10/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

अनुदान संख्या-14 एवं एफ.एफ.सी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत फरीदपुर मंगलीपुर विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 05/10/2026 से दिनांक 10/10/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 10/10/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 05/10/2026 से दिनांक 10/10/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अंत्येष्टि-स्थल निर्माण कार्य | अनुमानित लागत- 28.12 लाख अनुदान संख्या-14 ( 27.57 लाख) एफ.एफ.सी.- (0.55 लाख) | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (ओमप्रकाश) ग्राम पंचायत फरीदपुर मंगलीपुर, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)**


## पूर्व विधायक ने सेक्टर प्रभारी के कार्यक्रम में की शिरकत

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।**



विधानसभा 196 छिबरामऊ के पूर्व विधायक ए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी गुरसहायगंज निवासी सेक्टर प्रभारी अजीम सिद्दीकी के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान पूर्व विधायक ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, मजदूर, किसान और नौजवानों की आवाज रही है। 2027 का चुनाव उत्तर प्रदेश के भविष्य का चुनाव होगा। हमें अभी से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। जनता समाजवादी पार्टी की नीतियों पर भरोसा करती है और आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। इस मौके पर पूर्व सभासद नफीस खान पिंटू यादव शिल्पी यादव मुजफ्फर खान अजीम सिद्दीकी सभासद अयूब सिद्दीकी मोनू यादव शहनवाज सिद्दीकी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधूरे निर्माण पर सीडीओ सख्त सात परियोजनाओं की होगी जांच

- इंजीनियरिंग कालेज की लैब के कार्य को इसी माह पूरा कराने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**

निर्माण कार्यों में सुस्ती पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने सख्ती दिखाई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 83 परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीएचसी उमर्दा समेत सात परियोजनाओं की टीम गठित कर स्थलीय जांच कराने के निर्देश दिए। टीम गुणवत्ता, मानकों और वास्तविक प्रगति की जांच करेगी। 24.67 करोड़ रुपये की मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय परियोजना की 38 प्रतिशत प्रगति पर कार्य में तेजी लाने को कहा। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में 4.44 करोड़ रुपये से चल रहे सिविल इंजीनियरिंग लैब उच्चीकरण कार्य की 73 प्रतिशत प्रगति पर शेष काम अक्टूबर में पूरा कराने के निर्देश दिए। आइटीआई, राजकीय औद्योगिक चिकित्सालय और बाल संग्रहालय समेत लंबित परियोजनाओं की भी समीक्षा हुई।

सीडीओ ने कहा कि जनहित के कार्यों में देरी और गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।


## सूचना

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश घरेलू नाम रानू पुत्र श्याम सिंह दर्ज हो गया है। जिसका आधार नंबर 9742 4549 6380 है। जबकि शैक्षिक अभिलेखों में अभय सिंह पुत्र श्याम सिंह अंकित है। रानू एवं अभय सिंह एक ही नाम है। आधार कार्ड में रानू की जगह अभय सिंह दर्ज किया जाए।

**श्याम सिंह पुत्र अवधेश सिंह ग्राम उमरायपुर्वा पोस्ट गागेमऊ जनपद कन्नौज।**

## आवश्यकता है

### चौधरी बनवारी लाल महाविद्यालय हसरेन, कन्नौज

कला स्नातक/परास्नातक - भूगोल, अंग्रेजी, हिन्दी, शिक्षाशास्त्र , इतिहास, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं संस्कृत प्रवक्ता। विज्ञान स्नातक/परास्नातक - जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित एवं रसायन विज्ञान प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता/वेतन - यू.जी.सी विश्वविद्यालय व उ.प्र. शासन के मानको के अनुसार। नीट/पीएचडी धारकों को प्राथमिकता। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 22.10.2026 (15 दिन के अन्दर) तक पोस्ट द्वारा एवं स्वयं महाविद्यालय कार्यालय के आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

**प्रबंधक**

**मो.नंबर: 7398659999, 8528879697**




# वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत सपा कार्यकर्ताओं ने निकाला पैदल मार्च

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका, पुलिस देखती रही
- कार्यक्रम प्रभारी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर बड़ी संख्या में उमड़े कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिले में वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम के तहत सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाए जाने की मांग की। सपा के नि0 प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव पैदल मार्च यात्रा के प्रभारी थे। उनके निर्देश पर बड़ी संख्या में समर्थक हाथ में वोट चोर गद्दी छोड़, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो जैसे नारे लिखे तख्ती थीं। कार्यकर्ताओं ने वोट बचाओ, देश बचाओ और निर्वाचन आयुक्त को हटाओ के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रुप से कहा कि तमाम अधिकारी निर्वाचन प्रक्रियाओं से जुड़े हुए लोगों के कथन और चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुई लाइव धांधली की घटना निश्चित तौर पर चुनाव आयुक्त की निष्पक्ष भूमिका और उसकी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करती है। देश की जो संवैधानिक संस्थाएं हैं उनका निष्पक्ष होने के साथ निष्पक्ष दिखना भी जरूरी है, यदि ऐसा नहीं होगा तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो जाएंगी और जनता का विश्वास संवैधानिक व्यवस्थाओं से उठ जाएगा। अनेकों पार्टियों की सरकारें रहीं, लगातार कई वर्षों तक एक ही दल की सरकार रही, लेकिन कभी इस तरह से निर्वाचन आयुक्त की भूमिका पर सवाल खड़े नहीं हुए जिस तरह से पिछले 10 वर्षों से सवाल खड़े हो रहे हैं, यह देश के लिए बहुत ही चिंतनीय विषय है। देश में पहले जन-आक्रोश के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग यादव भी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को लेकर शामिल हुए। यह पदयात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए जय नारायण वर्मा रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सपा नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के एक नहीं तीन-तीन पुतले फूंके और उनके इस्तीफे के साथ-साथ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पुलिस खड़ी देखती रही। वहीं सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में वोट बचाओ देश बचाओ यात्रा निकाली। भोलेपुर ओवरब्रिज के नीचे एकत्र होकर दर्जनों नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी करते हुए जेएनवी तिराहा स्थित अंबेडकर मूर्ति तक पैदल मार्च किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संविधान के अनुच्छेद 326 (मतदान का अधिकार) को पढ़कर सुनाया और राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने आरोप लगाया कि देश में संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता खतरे में है और लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, इलियास मंसूरी, सर्वेश अंबेडकर, राशिद जमाल सिद्दीकी, डॉ0 जेपी वर्मा, सरल दुबे, अजीत यादव, सौरभ कटियार, केके यादव, उदय प्रताप सिंह भोला, नरेंद्र सिंह यादव, पवन कठेरिया, सलाउद्दीन पहलवान, साजिद अली, विकास गुप्ता, रजत क्रांतिकारी, विवेक यादव, राजन यादव, शिवम यादव, विमल यादव, पुष्पेन्द्र यादव, रामपाल सिंह यादव, शिव शंकर शर्मा, अरविंद कश्यप, कमल हसन, माजिद अली, सुलक्षणा सिंह, नवरंग सिंह यादव, ओमप्रकाश शर्मा, प्रभात यादव, अमित यादव, शशांक सक्सेना, मुजाहिद अंसारी, रोमित सक्सेना, आनन्द यादव, मनोज यादव, बिट्टू श्रीवास्तव, आफाक अली, रवि यादव, शिवम पटेल, इरफान खां, अंश दुबे, विनय यादव, संजय यादव, रुकमंगल सिंह यादव, नवाब सिंह यादव, शाहरुख खान, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव, हनी यादव, गौरव यादव, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।


पदयात्रा में शामिल सपा नेता


पुतला फूंकते कार्यकर्ता

## न.पं.खिमसेपुर में सफाईमित्रों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़,खिमसेपुर।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने क्षेत्र के लोगों का दिल जीत लिया। नगर पंचायत ने सामाजिक समरसता, कृतज्ञता और सेवा भावना का एक अनोखा संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के असली नायकों सफाई मित्रों के सम्मान से हुई। मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों ने फूल-माला, अंगवस्त्र एवं सम्मान चिह्न भेंट किए।

सफाई मित्रों और स्थानीय वार्डवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के प्रभारी डॉ. गौरव यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर लगाया गया। सफाई कर्मचारियों और नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समरसता भोज का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष से लेकर आम नागरिक और सफाई मित्र सभी ने एक साथ, एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन ग्रहण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह का मार्गदर्शन तथा अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह का योगदान रहा। मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह राठौर और भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा ने नगर पंचायत की पूरी टीम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में समस्त सभासद, नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।


सफाई मित्रों को सम्मानित करते ईओ व अध्यक्ष

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद शिविर का हुआ शुभारम्भ

- छह माह तक हर मंगलवार को मिलेगी सुविधा

समृद्धि न्यूज़,कंपिल।

आंखों से संबंधित उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कंपिल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं संपूर्ण नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया और मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

मंगलवार दोपहर शिविर का आयोजन श्री विमलनाथ दिगंबर जैन अतिथि भवन, कंपिल में जिला आयुष्मान नियंत्रण कार्यक्रम तथा शंकरा आई हॉस्पिटल, कानपुर के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उदयपाल सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और मरीज मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण के साथ मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जरूरतमंद मरीजों को जांच के बाद आगे के उपचार के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल भेजे जाने की व्यवस्था भी की गई है।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि क्षेत्र के लोगों की सुविधा को देखते हुए छः माह तक प्रत्येक मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आंखों की जांच और मोतियाबिंद के उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान चुन्नू मिश्रा, अंकज सक्सेना, अंकज शर्मा, अनुराग जैन, कुलदीप सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


शिविर का शुभारम्भ करते उदयपाल सिंह यादव

## नाराज होकर कानपुर जा रही नाबालिग को जीआरपी ने परिजनों को सौंपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। कासगंज जिले के गंजडुंडवारा की निवासी 15 वर्षीय अनाथ बालिका घर वालों की डांट से नाराज होकर बिना बताए ट्रेन कासगंज-फर्रुखाबाद पैसेंजर से कानपुर जा रही थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जीआरपी फर्रुखाबाद पुलिस टीम ने स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही तलाशी ली और बालिका को सकुशल बरामद कर महिला हेल्प डेस्क पहुँचाया। पूछताछ के बाद पुलिस ने बालिका के परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया और सभी विधिक औपचारिकताएं पूरी कर बालिका को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### रामलीला महोत्सव में पूजन के साथ निकली गणेश शोभायात्रा


हवन-पूजन में भाग लेते लोग

कंपिल, समृद्धि न्यूज़। श्रीरामलीला महोत्सव के शुभारंभ पर गणेश पूजन और हवन के साथ धार्मिक आयोजन शुरू हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद निकली गणेश शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे की धुन पर गूंजते जय श्रीराम और भगवान गणेश के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंगलवार सायंकाल श्रीरामलीला मैदान के समीप स्थित अस्तल वाले मंदिर में हवन-पूजन कर भगवान गणेश की आराधना की गई। इसके साथ गाय का पूजन भी किया गया। पूजन के बाद गणेश जी के स्वरूप के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर मुख्य मार्ग, मैन चौराहा और गंगा तिराहा होते हुए श्रीरामेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। यहां पूजा-अर्चना के बाद यात्रा रामलीला मैदान लौटकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। गणेश स्वरूप बने बच्चे को देखने के लिए भी लोगों की भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा और पूरे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा। इस दौरान रामलीला कमेटी के संरक्षक पुखराज डागा, अध्यक्ष नीरज कुमार पांडेय, महामंत्री आर्येंद्र सिंह यादव, कोषाध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला, प्रबंधक ऋषभ गुप्ता, मीडिया प्रभारी ओम शक्ति सैनी, संयोजक उपेंद्र सिंह लोधी, उपाध्यक्ष आदेश वर्मा, नितिन मिश्रा, संयुक्त महामंत्री महेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष रामेत वर्मा सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### आवारा कुत्तों का आतंक, मासूम पर हमला, घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़। आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर और आसपास के इलाकों में बेकाबू हो चुके आवारा कुत्ते मासूम बच्चों और राहगीरों को निशाना बना रहे हैं। कायमगंज क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमनगर से सामने आया है, जहाँ एक आवारा कुत्ते ने 13 वर्षीय किशोर पर अचानक हमला कर उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल किशोर करन पुत्र महेश कोरी मूल रूप से जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला होली का निवासी है। वह अपनी मां ममता के साथ प्रेमनगर स्थित अपने नाना गोदाराम के घर आया हुआ था।घटना के समय करन घर से कुछ ही दूरी पर खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। कुत्ते के हमले से चीख-पुकार सुनकर आसपास के स्थानीय लोग मौके की ओर दौड़े और काफी मशक्कत के बाद बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

## मासूम को खोजकर जीआरपी पुलिस ने परिजनों को सौंपा

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर अकेले भटकते मिले 07 वर्षीय मासूम बालक को जीआरपी पुलिस ने सतर्कता और सी-प्लान एप की मदद से सुरक्षित उसके परिवार से मिला दिया। बच्चे को पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए और उन्होंने पुलिस टीम का सहृदय आभार व्यक्त किया। गश्त के दौरान ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी हेड कांस्टेबल अभिषेक कुमार और जयवीर सिंह की नजर एक 7 साल के बच्चे पर पड़ी, जो अकेला घूम रहा था। जीआरपी जवानों ने बालक को थाना कार्यालय स्थित महिला हेल्प डेस्क पर लाया गया। पूछने पर बालक ने अपना नाम व पता बताया, लेकिन वह परिजनों का मोबाइल नंबर नहीं बता सका। पुलिस टीम ने बच्चे की फोटो सिटी कंट्रोल रूम और सोशल मीडिया ग्रुप्स में प्रसारित कराई। तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए सी-प्लान एप के जरिए बच्चे के पिता का मोबाइल नंबर खोज निकाला। जब पिता से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बच्चा कायमगंज में अपनी दादी के पास रह रहा था। सुबह ताऊ की डांट से नाराज होकर वह किसी को बिना बताए ट्रेन में बैठकर फर्रुखाबाद आ गया था। सूचना मिलते ही बालक के पिता अपनी पत्नी और सास के साथ तत्काल जीआरपी थाना पहुंचे। बच्चे को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### विद्युत उपकेंद्र बबना : आज सुबह 11 से शाम 3 बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बबना से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। कानपुर सेकेंडरी के अवर अभियंता लक्ष्मीकांत द्वारा निशाई से साहबगंज तक जाने वाली नई 33 केवी लाइन की टैपिंग का कार्य किया जाना है। इस कार्य के दौरान उपकेंद्र बबना की 33 केवी लाइन को क्रॉस कराया जाएगा।

इसी निर्माण और रखरखाव कार्य के चलते 07 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक 4 घंटे 33 केवी बबना लाइन का शटडाउन रहेगा। इस दौरान उपकेंद्र से जुड़े सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी।

## लेखपालों के चार्ज छोड़ने से जाति प्रमाणपत्र अटके

समृद्धि न्यूज़,कंपिल।

शिक्षक भर्ती की उम्मीद लगाए बैठे अभ्यर्थियों के सामने अब जाति प्रमाण पत्र की अड़चन खड़ी हो गई है। कंपिल क्षेत्र में अतिरिक्त चार्ज छोड़ने के बाद लेखपालों की रिपोर्ट न लगने से कई जाति प्रमाण पत्र के आवेदन अटक गए हैं। सुपर टेट के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। ऐसे में प्रमाण पत्र बनने का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ती जा रही है। समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्रमाण पत्र के अभाव में कई अभ्यर्थियों के आवेदन छूटने की आशंका है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर लेखपालों ने अतिरिक्त क्षेत्र का चार्ज छोड़कर अपने रिकॉर्ड संबंधित कार्यालयों में जमा कर दिए हैं। इसके चलते जाति, आय, मूल निवास, ईडब्ल्यूएस, विरासत, हिस्सा और पैमाइश समेत कई कार्य प्रभावित हुए हैं। कंपिल कस्बे का अतिरिक्त चार्ज लेखपाल धर्मेंद्र कुमार के पास था, जबकि उनका मूल क्षेत्र कटिया है। अतिरिक्त चार्ज छोड़े जाने के बाद कस्बे से भेजे जा रहे प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने का काम प्रभावित है और कुछ आवेदन बिना रिपोर्ट के वापस किए जा रहे हैं। इसका असर शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों पर सीधे पड़ रहा है। सुपर टेट के ऑनलाइन आवेदन में जाति प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति लगानी है। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर रखा है, वे प्रमाण पत्र जारी होने की प्रतीक्षा में आवेदन पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अभ्यर्थियों के मुताबिक पिछले चार दिनों से समस्या बनी हुई है, जबकि अंतिम तिथि लगातार नजदीक आ रही है। वेबसाइट भी धीमी चलने से उनकी चिंता और बढ़ गई है। अंतिम दिनों में आवेदन का दबाव बढ़ने पर सर्वर संबंधी परेशानी हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अभ्यर्थियों के सामने यह सवाल भी है कि जिन लोगों ने पहले ही जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर दिया था, लेकिन अतिरिक्त प्रभार वाले लेखपाल ने रिपोर्ट लगाए बिना आवेदन तहसीलदार अथवा उपजिलाधिकारी को वापस कर दिया, क्या उसी आवेदन पर दूसरे लेखपाल से रिपोर्ट लगाकर प्रमाण पत्र जारी होगा या अभ्यर्थी को दोबारा आवेदन करना पड़ेगा। दोबारा आवेदन की स्थिति में समय और प्रक्रिया को लेकर भी अभ्यर्थी असमंजस में हैं। सुपर टेट के अलावा छात्रवृत्ति के आवेदन भी किए जा रहे हैं। इनमें जाति और आय प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ने से छात्र-छात्राओं को भी परेशानी हो रही है। अभ्यर्थियों और विद्यार्थियों ने मांग की है कि 15 अक्टूबर की अंतिम तिथि को देखते हुए लंबित प्रमाण पत्रों के निस्तारण की स्पष्ट व्यवस्था की जाए, ताकि किसी को दस्तावेज के अभाव में आवेदन से वंचित न होना पड़े। तहसीलदार अरविंद कुमार ने बताया कि प्रशासन की तरफसे सभी के प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। लेखपालों को छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मांगों को लेकर आशा संगिनियों का धरना जारी

समृद्धि न्यूज़,कायमगंज।

अपनी मांगों को लेकर आशा और आशा संगिनियों का धरना जारी रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में धरने पर बैठी कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ाने और स्वास्थ्य बीमा समेत अपनी मांगों को लेकर जमकर आवाज उठाई। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक को मांग पत्र भी सौंपा। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने जच्चा-बच्चा छोड़ के, आशा आई रोड पे जैसे नारे लगाकर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।

महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से काम करने के बावजूद उनके मानदेय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इन जिम्मेदारियों के बावजूद मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने मानदेय बढ़ाने के साथ स्वास्थ्य बीमा की सुविधा देने की भी मांग की है। संगठन ने मांगों को लेकर 1 से 15 अक्टूबर तक कायमगंज क्षेत्र की सभी 216 आशा और 11 आशा संगिनियों ने काम बंद रखने का फैसला किया है। मौजूद धरने में शिप्रा सक्सेना, गंगोत्री, करिश्मा, सुनीता, शीतला, रीमा, रंजना देवी और रामकुमारी समेत कई आशा कार्यकर्ता और आशा संगिनियां मौजूद रहीं।


धरने पर बैठीं आशा कार्यकर्त्री

## दो महिलाओं सहित नौ लोगों पर जवाबी मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज़,संकिसा।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी दुर्वीन सिंह की पत्नी आशा देवी ने गांव के ही रामरहीश, हर्वेश, तिलक सिंह, सौरभ व तिलक सिंह की पत्नी गीता के विरुद्ध घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 5 अक्टूबर सुबह 6:30 बजे उपरोक्त सभी आरोपित गाली-गलौज करते हुए मेरे घर में घुस और मेरे साथ लाठी डंडों एवं कुल्हाड़ी से मारपीट की। जिससे मेरे सिर व शरीर में गम्भीर चोटें आई उपरोक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। वहीं दूसरे पक्ष के तिलक सिंह की पत्नी विनीता देवी ने गांव के ही दुर्वीन सिंह, दीपेंद्र जनवीर व दुर्वीन सिंह की पत्नी आशा देवी के विरुद्ध मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा कराया है। इनकी तहरीर के अनुसार 5 अक्टूबर सुबह 6 बजे मैं और मेरी पुत्री अर्चना अपने जानवरों को चारा पानी देने के लिए जा रही थी, इसी समय उपरोक्त आरोपितों ने रास्ता रोककर मेरे व मेरी पुत्री के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट किए जाने से मेरे व मेरी पुत्री के गुम चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जवाबी मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## पन्नी डालकर बैठे युवक पर गिरी दीवार, मौत

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।

नगर के मोहल्ला नगला जाटवान में दीवार गिरने से एक युवक मलबे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही एक युवक पर जानबूझकर दीवार गिराने का आरोप लगाते हुए थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला नगला जाटवान निवासी मंजू पुत्री कैलाश के भाई धर्मेंद्र ने गांव में स्थित एक सरकारी जमीन पर बैठने के लिए पन्नी डाल रखी थी। इस पन्नी के ठीक पास में गांव के ही एक युवक की दीवार मौजूद थी। आरोप है कि उक्त युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी दीवार को गिरा दिया, जिसकी चपेट में आकर धर्मेंद्र मलबे के नीचे दब गए। परिजन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर मलबे को हटाकर धर्मेंद्र को बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाद मृतक की बहन मंजू देवी ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

## जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

- खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

माध्यमिक विद्यालयी जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड फतेहगढ़ में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रतियोगिता के संयोजक प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश वर्मा एवं सह-संयोजक रजिन्दर सिंह कुशवाहा ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने जिलाधिकारी को बैच एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। चंदेल गुट के जिलाध्यक्ष प्रवेश रतन शाक्य ने सभी अतिथियों का कैप पहनाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर फर्रुखाबाद जोन के 84, फतेहगढ़ जोन के 70 और कायमगंज जोन के 85 छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी के समक्ष आकर्षक मार्च पास्ट कर सलामी दी। मदन मोहन कनोडिया बालिका विद्यालय और रखा बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संयोजक एवं सह-संयोजक ने आए हुए माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का बैच और माला पहनाकर स्वागत किया। डीएम ने छात्राओं की 100 मीटर रेस को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। प्रथम दिवस के प्रतियोगिता परिणाम सीनियर बालिका वर्ग 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान शिवांकी, द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी, तृतीय स्थान पर तनुष्का रहीं। जूनियर बालक वर्ग (अंडर-17) में 1500 मीटर रेस प्रथम स्थान राघवेन्द्र, द्वितीय स्थान अनिकेत व तृतीय स्थान पर कृष्णा रहे। अंडर-19 बालक वर्ग-1500 मीटर रेस में प्रथम स्थान निखिल राजपूत, द्वितीय स्थान अनूप कुमार, तृतीय स्थान आलोक रहे। डिस्कश थ्रो सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान अंकित, द्वितीय स्थान रुद्रप्रताप सिंह व तृतीय स्थान शीलू रहे। सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्रतीक्षा, द्वितीय स्थान रागिनी, तृतीय स्थान रिद्धि रहीं। सीनियर बालिका वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम स्थान शोभा पाल, द्वितीय स्थान कीर्ती व तृतीय स्थान अन्वी रही। जूनियर गोला फेंक बालिका वर्ग अंडर-17 प्रथम स्थान पूनम, द्वितीय स्थान रामसुरती, तृतीय स्थान अनुष्का रहीं। निर्णायक मंडल के रूप में जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास, रजनीश शिवा, सतेन्द्र सिंह, दीपावली कुमार, नीता दुबे, शोभा यादव, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, कुलदीप सिंह, देवेश यादव, सुनील कुमार, राकेश कुमार, अनिकेत कुमार आदि ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर नेहा भारद्वाज भी उपस्थित रहीं। शिक्षकों प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार, धर्मेन्द्र रघुवंशी, ओमपाल सिंह, अनिल कुमार मिश्रा, सुमन त्रिपाठी, आशुतोष पाण्डेय, प्रमोद कुमार गंगवार, राघवेन्द्र मिश्रा, विनीत चौहान तथा शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, संतोष दुबे, मयंक रस्तोगी, प्रदीप कुमार जायसवाल इसके अलावा लेखा विभाग से प्रफुल्ल कुमार, उमाकान्त शाक्य, रोहित सरोज, अमित गुप्ता, दीपा शुक्ला, हेमप्रभा द्विवेदी, नीलम वर्मा, डॉ0 आशीष शाक्य, अनिल कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।


दौड़ प्रतियोगिता को हरी झण्डी दिखाती डीएम


मार्चपास्ट के दौरान डीएम व शिक्षकगण

# गुणवत्तायुक्त भोजन न मिलने पर शिक्षकों ने किया विरोध

- ठेकेदार द्वारा की गई अभद्रता पर कार्यवाही की मांग
- दोपहर के भोजन के समय भी हर चीज पड़ी कम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई में वर्तमान में संचालित सक्षम आनंदम एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शिक्षकों ने घटिया भोजन और ठेकेदार के अभद्र व्यवहार को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया है। संस्थान में प्रतिदिन लगभग 200 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने आते हैं, लेकिन भोजन और नाश्ते के प्रबंधन में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं।



अपूर्ण भोजन दिखाते शिक्षक

नाश्ता कम और मानकों के विपरीत शिक्षकों का आरोप है कि संस्थान में ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन एवं नाश्ते में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। हर बैच में खाना और नाश्ता कम पड़ जाता है। जो नाश्ता दिया भी जा रहा है, वह तय मानकों के अनुरूप नहीं है। शिक्षकों ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन खाने में केवल पूरी और सब्जी ही परोसी जा रही है।

मंगलवार सुबह नाश्ते के समय स्थिति तब बिगड़ गई जब कुछ शिक्षिकाओं ने ठंडी पकोड़ी परोसे जाने पर आपत्ति जताई। इस पर ठेकेदार ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा अगर गर्म चाहिए तो जाओ और खुद बनाकर खा लो। ठेकेदार के इस असंवेदनशील और अभद्र रवैये से प्रशिक्षण ले रहे सभी शिक्षक आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू हो गया। मामला बढ़ता देख प्रशिक्षण प्रभारी ने हस्तक्षेप किया और ठेकेदार को बुलाकर शिक्षिकाओं से माफी मंगवाई।

माफी मांगने के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। दोपहर के भोजन के समय भी वही कहानी दोहराई गई और हर चीज फिर से कम पड़ती नज़र आई।

शिक्षकों ने बताया कि इससे पूर्व सोमवार को भी ठेकेदार ने ऐसी ही हरकत की थी। आधे-अधूरे शिक्षकों को नाश्ता देने के बाद ठेकेदार ने भवन का दरवाजा बंद कर दिया था। इस बात को लेकर सोमवार को भी शिक्षकों और ठेकेदार के बीच तीखी कहासुनी हुई थी। शिक्षकों ने मांग की है कि भोजन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार किया जाए और जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# लंपी वायरस टीकाकरण अभियान की निकली हवा

**विभाग की अनदेखी से आधे पशु छूटे, आवारा गोवंश में लक्षण मिलने से ग्रामीण चिंतित**

**समृद्धि न्यूज,कम्पिल।**

पशु पालन विभाग की अनदेखी से लंपी वायरस बीमारी बचाव अभियान में आधे पशु टीकाकरण से वंचित रह गए। जिससे पशु पालक चिंतित हैं। वही अभी तक आवारा पशुओं मे लंपी वायरस जैसे लक्षण दिखने से ग्रामीण चिंतित हैं। लंपी वायरस बीमारी से बचाव के लिए, पशु पालन विभाग ने प्रत्येक जिले मे 8 से 23 सितंबर तक विशेष टीकाकरण चलाया गया। विभाग के अनुसार वर्तमान मे जिले मे 97 हजार पशुओं मे लंपी वायरस बीमारी का टीकाकरण होना था। इसके लिए 16 दिवसीय विशेष टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। मगर पशु पालन विभाग की लापरवाही से विशेष दिवसीय अभियान मे भी आधे पशु टीकाकरण से वंचित रह गए। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 22 दिन बाद भी 97 हजार पशुओं के सापेक्ष सिर्फ 48 हजार पशुओं का ही टीकाकरण हुआ हैं। जिससे ग्रामीणों मे पशु पालन विभाग की तरफ से नाराजगी हैं। वही गोवंशी मे भी लंपी वायरस बीमारी जैसे लक्षण दिखाई पड़ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व गांव शाहपुर गांव क्षेत्र में एक संभावित लंपी वायरस से पीड़ित एक आवारा गोवंश की मौत हो चुकी है। जिससे कई पशु पालक चिंतित हैं। मुख्य पशु अधिकारी धीरज कुमार शर्मा ने बताया टीकाकरण कार्य अभी चल रहा है, कितने पशुओं की डोज आयी है फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है।



लंपी वायरस से पीड़ित गाय

## बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के सिद्धांतों पर चलें किसान : अजय कटियार

**फर्रुखाबाद।** किसानों के मसीहा किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती भाकियू टिकैत के कार्यालय पर हवन पूजन कर मनाया गया। हवन में सभी किसानों ने आहुतियां दीं। बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर सभी किसानों ने पुष्प अर्पित करने के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। संगठन ने जिलाधिकारी के नाम 9 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार सदर विक्रम सिंह चाहर को दिया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा किसान ही इस देश का अन्नदाता है। आज की सरकारें किसानों उनकी लागत का भी मूल्य नहीं दे पा रही एक तरफ दुगनी आय का भरोसा दिया था, लेकिन किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 730सी पर जो ब्लेक स्पॉट बने हुये है, उन जगहों पर यातायात विभाग द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपए के चालान किये जाते है जो कि नितांत गलत है। बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के सिद्धांत पर चले, तभी जीवन में तरक्की कर सकेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी ने वक्तव रखे।

# कांग्रेस नेता शिवाशीष तिवारी हाउस अरेस्ट



नजरबंदी के दौरान शिवाशीष तिवारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

चुनाव आयोग की भूमिका और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में आयोजित होने वाले वोट चोर-गद्दी छोड़ शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। जिस पर पुलिस ने उन्हें उनके निवास पर पहुंचकर नजर बंद किया। कांग्रेस नेता शिवाशीष तिवारी ने स्थानीय प्रशासन और खुफिया एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिवाशीष तिवारी और उनके समर्थकों को दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने से रोकने के लिए ही उनके घर के अंदर और बाहर अघोषित रूप से पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन की निगरानी लगा दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें घर से बाहर निकलने से रोका जा रहा है, ताकि वे अपनी पार्टी के आधिकारिक आह्वान पर दिल्ली न पहुंच सकें।

शिवाशीष तिवारी ने बताया कि उनकी दिल्ली जाने की योजना कालिंदी एक्सप्रेस से थी, लेकिन प्रशासन और खुफिया एजेंसियों द्वारा उनकी लाइव लोकेशन ट्रेस की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि रेलवे के अधिकारियों द्वारा उन्हें बार-बार फोन करके उनकी मौजूदा लोकेशन पूछी जा रही है और विभिन्न इंटेलिजेंस एजेंसियों को उनके पीछे सक्रिय कर दिया गया है और उनके साथ दिल्ली जाने वाले अन्य साथियों को भी अलग-अलग स्थानों पर रोका गया और डराया-धमकाया गया है। देर रात तक पुलिस उनके निवास पर डटी रही, जिससे वह दिल्ली नहीं जा सके।

## पुलिस ने छात्रों को बताए ऑनलाइन सुरक्षा के तरीके



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के वीआरएम एजुकेशन इंटर कॉलेज में मंगलवार को पुलिस टीम द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी देना रहा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठग फोन कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंकिंग संबंधी संदेश और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम/बैंक संबंधी जानकारी अथवा निजी जानकारी साझा न करने की अपील की गई। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और सोशल मीडिया अकाउंट के पासवर्ड मजबूत रखें। साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन गौरव दुबे, पुलिस कर्मी, विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**




रैली में भाग लेते विद्यार्थी

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाने के साथ ही एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र मिश्रा ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी छात्राओं को गोल्डन ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा जीवन अनमोल है, इसे सुरक्षित रखना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सड़क पर थोड़ी सी सावधानी और अनुशासन बड़े हादसों को टाल सकता है। दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन हमेशा निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं।

ड्राइविंग के दौरान फोन का इस्तेमाल ध्यान भटकाता है और जानलेवा हो सकता है। शराब या किसी भी नशीले पदार्थ के सेवन के बाद गाड़ी न चलाएं। रेड लाइट जंप न करें और ट्रैफिक सिग्नल का अनिवार्य रूप से पालन करें। सड़क पर गलत दिशा में वाहन न चलाएं और अनुशासन बनाए रखें। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तुरंत मदद करें और उसे निकटतम अस्पताल पहुंचाएं। बारात, धार्मिक जुलूस या अन्य आयोजनों के दौरान सड़क और यातायात को बाधित न करें। वाहन चलाते समय हमेशा सतर्क रहें और धैर्यपूर्वक नियमों का पालन करें। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर से लेकर ट्रांसपोर्ट चौराहे तक विशाल सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई।

# खबरें एक नजर में

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत,कोहराम



**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र में कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गाँवो के आसपास तालाब लबालाब भरे हुए हैं । तालाब में भरे पानी में डूबकर 10 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के डहन गांव निवासी पूरन का 10 वर्षीय पुत्र ऋतिक अपने 12 वर्षीय भाई नितिन और हर्षित 5 वर्ष के साथ गांव के पास तालाब में नहाने गया था । तभी वह गहरे पानी में चला गया। ऋतिक को पानी में डूबता देख वह रोते हुए चिल्लाने लगा। तभी वहां आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुँचे परिजन व ग्रामीणों ने तालाब में ऋतिक की तलाश शुरू कर दी। लगभग आधा घण्टे की खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने ऋतिक को पानी से बाहर निकाला। मरणासन्न हालत में परिजन उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही मां सरोजिनी, बड़ा भाई नितिन और छोटा भाई हर्षित समेत अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## झूले से गिरकर छात्र गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के प्रेमगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार सुबह झूले से गिरकर कक्षा दो का छात्र आयुष 8 पुत्र लेखपाल निवासी साईपुर सगौड़ा हाल मुकाम मोहल्ला गणेशगंज बांगरमऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल छात्र को इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए। वहीं बताया जाता है कि पूर्व में बच्चा ऊंचाई से गिर चुका है। जिसका काफी समय से इलाज भी चल रहा था।

## विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश



**उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम रुस्तमपुर के बाबू खेड़ा एवं रमनगरिया (शिव कुटी) दण्डी आश्रम में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, विद्युत, राजस्व सहित स्थानीय स्तर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।सदर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।विधायक ने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को उनके बीच पहुंचकर सुनना और संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को समाधान की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।इस अवसर पर महेश तिवारी, अनुपम साहू, रजत तिवारी, हीरालाल, अजय सोनकर, सचिन, सुरेंद्र त्रिवेदी, सूर्यकांत पांडे, अजय बाजपेई, सूरजपाल यादव, शिव शंकर शुक्ला, तेज शंकर शुक्ला, संतोष त्रिवेदी, अनिल यादव, सुनील शर्मा, शिवांक त्रिपाठी, आशुतोष त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## नाराज किसान ने तहसील के मुख्य गेट में डाला ताला

**बांगरमऊ, उन्नाव।** चल रहे मुकदमे में आदेश होने के बावजूद छह माह से जमीन की नाप न होने से नाराज किसान मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे तहसील पहुंच गया। वहां उसने मुख्य गेट में ताला डाल दिया और पानी की टंकी पर चढ़कर आत्मदाह की धमकी देने लगा । खबर मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया लिए बताया जाता है कि थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम मन्ना नगरी निवासी संदीप निषाद पुत्र प्यारेलाल निषाद ने पहले तहसील के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। इसके बाद पेट्रोल लेकर परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया और आत्मदाह की धमकी देने लगा। सुबह का समय होने के कारण तहसील परिसर में सन्नाटा था। कुछ कर्मचारियों की नजर किसान पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना अधिकारियों को दी। मामला संज्ञान में आते ही उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

## बाढ़ में घिरे परिवारों को बांटा 500 लंच पैकेट



**समृद्धि न्यूज, सण्डीला, हरदोई।** गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की चपेट में आए गांवों में मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित है और कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों के साथ भोजन जुटाने की चुनौती खड़ी हो गई है। ऐसे में समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता अवध कुमार 'बागी' मंगलवार को कटाया बाजार पहुंचे और बाढ़ प्रभावितों के बीच 500 लंच पैकेट वितरित किए। भोजन के पैकेट मिलने पर प्रभावित परिवारों ने राहत महसूस की। क्षेत्र में करीब 30 गांव बाढ़ से प्रभावित बताए जा रहे हैं। कई गांवों के रास्ते जलमग्न होने के साथ खेतों में खड़ी धान, उड़द और गन्ने की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। तुलसीपुर के मजरा शिवपुरी में बाढ़ के कारण 106 परिवार सड़क किनारे तिरपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं। पानी से घिरे इन परिवारों के लिए भोजन और अन्य जरूरी सामान की व्यवस्था चुनौती बनी हुई है। बाढ़ प्रभावितों ने राहत और सहायता की जरूरत बताई। अवध कुमार 'बागी' ने कहा कि आपदा के समय प्रभावित परिवारों की मदद करना सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में वह प्रभावित लोगों के साथ खड़े हैं और जरूरत के अनुसार आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

# बाढ़ प्रभावितों से मिलकर जाना हाल, सौंपी राहत सामग्री

**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।**



भटपुर-कटका क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों का हाल जानने के लिए मंगलवार को सांसद अशोक रावत, एमएलसी अशोक अग्रवाल और भाजपा नेता संचित अग्रवाल पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और राहत सामग्री वितरित की।

ग्रामीणों ने जलभराव, फसल बर्बादी और राहत कार्यों में आ रही दिक्कतों से उन्हें अवगत कराया।

सांसद अशोक रावत ने कहा कि जनता उनका परिवार है और परिवार के किसी भी सदस्य को संकट के समय अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। बाढ़ से प्रभावित लोगों की परेशानी को गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित परिवारों का तत्काल सर्वे कर नुकसान का आकलन कराया जाए और सरकारी सहायता पहुंचाने में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि राहत कार्य में लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी एमएलसी अशोक अग्रवाल ने कहा कि मोदी और योगी सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। संकट की इस घड़ी में सरकार और जनप्रतिनिधि प्रभावितों के साथ खड़े हैं। भाजपा नेता संचित अग्रवाल ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की तत्काल जरूरतों को देखते हुए उन्हें राहत पोटली उपलब्ध कराने के साथ ही खाते में चार हजार रुपये की सहायता दिलाई जाएगी। इस दौरान राजेश अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई, प्रधान सुनील तिवारी, विशाल शुक्ला, अशोक तिवारी, मानू सिंह, अतुल मिश्रा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**असोथर में चेक प्वाइंट से चेकिंग व्यवस्था पर उठे सवाल**

# टास्क फोर्स की गैरमौजूदगी में गुजरे ओवरलोड वाहन

**समृद्धि न्यूज,असोथर, फतेहपुर।**

अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे 24 घंटे के चेकिंग अभियान के बीच असोथर में व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। थाना असोथर से करीब 100 मीटर पहले बनाए गए अस्थायी चेक प्वाइंट पर मंगलवार को सुबह निर्धारित समय पर टास्क फोर्स के अधिकारी के नहीं पहुंचने का मामला सामने आया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर करीब आधा सैकड़ा ओवरलोड वाहनों के चेक प्वाइंट से होकर गुजरने का दावा किया गया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक



अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर खनिज अनुभाग के पत्रांक 1624/खनिज-प्रवर्तन (2026-27) के तहत एक से 31 अक्तूबर तक 24 घंटे सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आदेश में चेक प्वाइंट पर अधिकारियों के साथ

- सुबह आठ बजे से ड्यूटी, दस बजे तक नहीं पहुंचे अधिकारी

पुलिस बल की तैनाती और प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चेक प्वाइंट पर टास्क फोर्स में ग्राम पंचायत अधिकारी गुलाब सिंह तेलियानी ब्लॉक की ड्यूटी लगाई गई थी।

आरोप है कि सुबह निर्धारित समय तक उनके मौके पर नहीं पहुंचने के कारण चेकिंग व्यवस्था प्रभावित रही और कई ओवरलोड वाहन निकल गए। सुबह करीब दस बजे जब गुलाब सिंह से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने तबीयत खराब होने और बारिश के कारण देर होने की बात कही।

वहीं, सवाल यह भी उठ रहा है कि संबंधित अधिकारी के समय पर नहीं पहुंचने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई। आदेश में संबंधित थानाध्यक्ष को भी अपने स्तर से चार पुलिसकर्मियों की तैनाती कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय स्तर पर लाइव लोकेशन कैमरे से बनाए गए वीडियो में भी ओवरलोड वाहनों के गुजरने का दावा किया गया है। अब मामला सामने आने के बाद निगरानी व्यवस्था और ड्यूटी में अनुपस्थिति को लेकर जिला प्रशासन की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है, इस पर नजर है।

## पटेल सेवा संस्थान के नवमनोनीत अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान के नवमनोनीत अध्यक्ष जगनायक सचान का दीवानी परिसर में अधिवक्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जगनायक सचान ने कहा की पटेल सेवा संस्थान की चयन कमेटी का वह आभार व्यक्त करते हैं कि उनके नाम पर आम सहमति बनी और उन्हें मनोनीत किया गया। उनकी कोशिश होगी कि वह अपने कार्यकाल में पटेल सेवा संस्थान के भवन का जीर्णोद्धार करें। इसके साथ-साथ तमाम समाज के वह लोग जिनकी वह मदद कर सकते हैं या जिनको आवश्यकता है उनके वह काम आएंगे और पटेल सेवा संस्थान के माध्यम से जितने भी पटेल सेवा संस्थान के जुड़े हुए लोग हैं उनके साथ बैठक करके उनके हितार्थ काम करेंगे। इसके साथी उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उनका एक बड़ा स्वागत सम्मान व शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राजा रंजीत सिंह पटेल एडवोकेट, सुरेश पटेल, संतोष सचान, पीके उमराव, डॉ0 रामकेश सचान, हरिवंश सचान, अजय पटेल, राजू कुर्मी, जयप्रकाश, रामसागर पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अखिलेश की गिरफ्तारी के विरोध में सपाइयों का उग्र प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को नई दिल्ली में पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में आज दोपहर ठीक 2:00 बजे समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर इकाई ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता परेड चौराहे पर एकत्र हुए और वहां से बड़ा चौराहा की ओर पैदल मार्च प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ संसद भवन के मकर द्वार से निर्वाचन सदन (केंद्रीय चुनाव आयोग मुख्यालय) तक पूरी तरह शांतिपूर्ण पैदल मार्च कर रहे थे। इस मार्च का उद्देश्य हाल ही में हुए चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में आई कथित विसंगतियों, मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर वैध वोटरों के नाम काटे जाने और चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण आचरण के खिलाफ आयोग को औपचारिक ज्ञापन सौंपना और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करना था। पुलिस की बसों में जबरन बैठाए जाते वक्त भी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं और सपा का ये संघर्ष जारी रहेगा के नारे लगाते हुए दो टूक संदेश दिया कि जेल की सलाखें और पुलिस की लाठियां समाजवादियों के हौसलों को डिगा नहीं सकतीं।

# पीड़िता ने डीएम से लगाई अपनी जमीन बचाने की गुहार

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

असोथर थाना अंतर्गत की रहने वाली सरोज देवी पत्नी स्वर्गीय संत कुमार तिवारी ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया की 15 जुलाई 2024 से उनके करीबी रिश्तेदार अवैध तरीके से उनकी जमीन में कब्जा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया की राजस्व टीम से मिलकर रोड साइड की जमीन नपा ली गई तथा 2006 में बिकी हुई रजिस्ट्री को भी नपवा दिया गया प्रार्थिनी ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी गैर मौजूदगी में नपाई कराकर कब्जा ले लिया गया। इन लोगों ने मांग किया की जो लोग अवैध तरीके से कब्जा किए हैं उनका कब्जा



रोका जाना आवश्यक है। गाटा संख्या 1267 व 1268 पर उन लोगों को कब्जा करने से रोका जाए। इस दौरान जिलाधिकारी से इन लोगों ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा की पूरी जमीन की निष्पक्ष जांच करा ली जाए और जो उनकी जमीन है वह उन्हें दी जाए उन्होंने कहा उन्हें किसी और की जमीन नहीं चाहिए। उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा है लिहाजा निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया जाए और उन्हें उनकी जमीन दी जाए इस अवसर पर लक्ष्मी दीक्षित भी मौजूद रही।

# एमडीआर शुल्क वापस लेने की मांग को लेकर हुआ हनुमान चालीसा पाठ

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



प्रदेश व्यापी अभियान के तहत यूपीआई पर पर्सन टू मर्चेंट प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क को वापस लेने की मांग को लेकर संकटमोचन हनुमान मंदिर, किदवईनगर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया आगामी 15 अक्टूबर से 2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाए जाने तथा उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ने से कुल प्रभावी शुल्क 0.472 प्रतिशत होने की प्रस्तावित व्यवस्था के विरोध में व्यापारियों ने आज प्रदेश के पचास से अधिक जिलों में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया आज भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, बुन्देलखण्ड से आए प्रदेश संगठन महामंत्री बनवारीलाल गुप्ता , किदवईनगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक शुक्ला के नेतृत्व मेंप्रदेश व्यापी अभियान के तहत यूपीआई पर पर्सन टु मर्चेंट प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क को वापस लेने की मांग को लेकर संकटमोचन हनुमान मंदिर, किदवईनगर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। आगामी 15 अक्टूबर से 2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाए जाने तथा उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ने से कुल प्रभावी शुल्क 0.472 प्रतिशत होने की प्रस्तावित व्यवस्था के विरोध में व्यापारियों ने आज प्रदेश के पचास से अधिक जिलों में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# मृतक आश्रित को बैंक ने प्रदान किया दो लाख रुपये का चेक

समृद्धि न्यूज, बबेरू, बांदा।



मृतक आश्रित परिवार के सदस्य को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का चेक दिया गया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बबेरू शाखा क्षेत्रीय प्रबंधक, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक व शाखा प्रबंधक ने संयुक्त रूप से मृतक के पुत्र को चेक सौंपा। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने बैंक में संचालित योजनाओं मोबाइल बैंकिंग, नए खाता खोलना, स्वयं सहायता समूह से संबंधित ऋण आदि की जानकारी दी। बबेरू तहसील क्षेत्र के कायल गांव निवासी राजन मौर्य पुत्र हीरालाल ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बबेरू शाखा से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। योजना के तहत खाताधारक की मृत्यु होने के बाद आश्रित को दो लाख रुपए का चेक दिया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नदीमुल इस्लाम और वरिष्ठ प्रबंधक विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से मृतक के पुत्र अखिलेश को बैंक शाखा में दो लाख का चेक प्रदान किया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने ने बैंक खाताधारकों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना का लाभ उठने का आह्वान किया। शाखा प्रबंधक ने बैंक में चल रही सभी योजनाओं मोबाइल बैंकिंग, नए खाता खोलना, स्वयं सहायता समूह से संबंधित ऋण की जानकारी दी। इस मौके पर वित्तीय साक्षरता केंद्र आरोह फाउंडेशन की संतोष कुमारी सहित सहायक प्रबंधक जयदेव राणा, साक्षी, रश्मि, संतराम, दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गोविंद कुमार, रामबाबू, समूह सखी ऊषा, पूनम व तमाम खाताधारक उपस्थित रहे।

## डीलिट मानद उपाधि से सम्मानित हुए साहित्यविद् मेवादेव

बांदा। साहित्य, शिक्षा, कला एवं संस्कृति के साथ मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन व मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कस्बा स्थित सुकदेव सिंह लवकुश महाविद्यालय प्राचार्य व साहित्यकार डा.बृजेश कुमार गुप्ता 'मेवादेव' को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डीलिट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान बिहार की सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन एवं मदर ताहिरा चौरिटेबल ट्रस्ट बेतिया पश्चिम चंपारण ने प्रदान किया। पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, डा.प्रमोद सैराहा, डा.दीपाली गुप्ता, अशोक त्रिपाठी 'जीतू', अमित सेठ भोलू, दिनेश दीक्षित, सुरेंद्र पाठक सहित साहित्यकारों व शिक्षाविदों ने बधाई दी।

# दौड़ में राजीव, ऊंची कूद में तेजस व राधा, भाला फेंक में साक्षी अव्वल

▸ तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, अतर्रा, बांदा।



तीन दिवसीय 70वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। विद्यार्थी खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों की दौड़, रिले, डिस्कस थ्रो, ऊंची कूद व चक्का फेंक प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया। कस्बा स्थित सरस्वती इंटर कॉलेज के तत्वाधान में झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे स्थित हिंदू इंटर कालेज में 70वीं तीन दिवसीय क्षेत्रीय एथलेटिक्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को 400 मीटर, 600 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर पैदल पैदल, डिस्कस थ्रो, शाटपुट थ्रो, बाधा दौड़, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में राजीव ने बाजी मारी. उमेश द्वितीय और अजय तृतीय रहे। बालक वर्ग ऊंची कूद में तेजस व बालिका वर्ग में राधा त्रिपाठी प्रथम रहे। भाला फेंक में साक्षी गुप्ता अव्वल रहीं। प्रतियोगिता में कस्बा के सरस्वती इंटर कालेज, ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज, हिंदू इंटर कालेज सहित राजकीय हाईस्कूल पौहार, राजकुमार इंटर कालेज नरैनी, तथागत इंटर कालेज अतर्रा, उच्च प्राथमिक फैजदार का पुरवा, किसान इंटर कालेज नौहाई आदि विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सरस्वती इंटर कालेज प्रधानाचार्य गोपाल कृष्ण पांडेय, रमेशचंद्र द्विवेदी (पूर्व प्रधानाचार्य), ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, राजकुमार इंटर कालेज नरैनी प्रधानाचार्य राकेश पटेल, वीरेंद्र सिंह चंदेल, सत्यप्रकाश यादव, रामप्रकाश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक आशीष पांडेय ने सभी का आभार जताया।

## खबरें एक नजर में

### 325 श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



महाराजगंज। शासन के निर्देशानुसार दिनांक-6 अक्टूबर 2026 को निर्माणाधीन कैपमसी मेडिकल कालेज, रम्हौली पोस्ट-पकड़ी नौनिया जिला-महाराजगंज में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल टीम द्वारा 325 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान धीरज सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी आनन्दनगर व गणेश सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी महाराजगंज द्वारा श्रम विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

### एनएचएम संविदाकर्मी ने दूसरे दिन भी काला फीता बांध किया कार्य

कुशीनगर। उ0 प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (रजि.) प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जनपद शाखा कुशीनगर द्वारा नियमितीकरण व समान कार्य-समान वेतन समेत 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला अस्पताल सहित समस्त सीएचसी, पीएचसी में कार्यरत एनएचएम के सभी संवर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों ने द्वितीय चरण के दूसरे दिन भी आंदोलन के तहत कार्य स्थल पर काला फीता बाँध कर जोरदार प्रदर्शन किये। संघ के कर्मचारियों मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल पर प्रदर्शन व काली पट्टी बाँधकर कार्य किए। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि यदि 7 अक्टूबर तक हमारी मांगे नही मानी गई तो तृतीय चरण में 08, 09 व 10 अक्टूबर को पूर्ण कार्य बहिष्कार कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जायेगा और 12 अक्टूबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन शुरू होगा। जिले के समस्त कर्मचारी आर-पार के संघर्ष के मूड में दिखाई दे रहे हैं।

### मारपीट के मामले में चार साल की सजा

बांदा। मारपीट के छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती प्रभावित क्षेत्र गगन कुमार भारती ने एक अभियुक्त चार साल कारावास और सात हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बता दें कि 28 अप्रैल 2026 को थाना कालिंजर के नीबी गांव निवासी रामफल पुत्र रामसजीवन व उसके पुत्र ढीलचंद ने गांव के ही रमाकांत पुत्र शिवकुमार के साथ मारपीट और गाली गलौज की घटना कारित की थी। जिसे लेकर वादी रमाकांत ने तहरीर देकर थाना कालिंजर में धारा 308, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया और मामले की विवेचना करते हुए विवेचक उपनिरीक्षक राकेश कुमार यादव ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई करते हुए डकैती कोर्ट के जज श्री भारती ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध दोषसिद्ध पाया। हालांकि अभियुक्त रामफल की दौरान मुकदमा मृत्यु हो जाने से उसे उपशमित माना गया और अदालत ने उसके पुत्र ढीलचंद को चार वर्ष का कारावास और 7 हजार रुपए का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। मामले में पीड़ित रमाकांत की ओर से एडीजीसी देवदत्त मिश्र ने पक्ष रखा, जबकि बचाव पक्ष की पैरवी अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह भदौरिया ने की।

### एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने धरना देकर किया कार्य बहिष्कार

बांदा। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारियों की पांच सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में धरना देकर कार्य बहिष्कार किया। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी मंगलवार को विरोध में उतर आए। एनएचएम कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। इससे स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित काम और ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रभावित रही। संघर्ष समिति से जुड़े संविदा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार के दौरान कर्मचारियों ने कोई भौतिक या ऑनलाइन कार्य नहीं किया। इसके अलावा समूचे जनपद की पीएचसी व सीएचसी और स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों से कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन में शामिल हुए। धरना के दौरान कर्मचारियों ने समान कार्य समान वेतन, नियमितीकरण करने, रिक्त पदों पर पारदर्शी स्थानांतरण, संविदा कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश मंत्री लवलेश यादव, हिमांशु श्रीवास्तव, राजेश कुमार, पुष्पा सचान, सुजान सिंह, दिनेश यादव, इशरत हुसैन सहित तमाम एनएचएम संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाकियू संस्थापक को जयंती पर याद कर दी श्रद्धांजलि

बांदा। भारतीय किसान यूनियन ने संगठन संस्थापक व किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती धूमधाम से मनाते हुए उन्हें याद किया। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए पदाधिकारियों व किसानों ने श्रद्धांजलि दी। उनके आदर्शों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल की अगुवाई में पदाधिकारियों व किसानों ने मंगलवार को समारोह के बीच संगठन संस्थापक को जयंती पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने किसानों की आवाज को हुंकार में बदलने का काम किया था। खबरदार किया कि किसानों का शोषण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वर्तमान समय में प्रत्येक किसान को महेंद्र सिंह टिकैत बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनरूप सिंह परिहार, जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, जोनल प्रवक्ता बलराम तिवारी, संदीप सिंह, सरोज कुशवाहा, राजाबाई, रामदास साहू, करन सिंह, राजेंद्र शुक्ला, अनीता सोनी, आरती प्रजापति आदि शामिल रहे।

# देवी प्रतिमा आगमन पर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

▸ शहर में आकर्षक पंडालों के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार
▸ पूजन सामग्री खरीदने को बाजार में बढ़ी भीड़

समृद्धि न्यूज, बांदा।



शारदीय नवरात्र को लेकर समूचे जनपद में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। शहर के विभिन्न पूजा स्थलों पर आकर्षक पंडालों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। वहीं बाजारों में भी पूजा सामग्री और अन्य सामानों की खरीदारी को लेकर अभी से भीड़ नजर आने लगी है। इसी क्रम में भारतीय नवयुवक बाल समाज के तत्वाधान में जबलपुर से लाई गई दुर्गा प्रतिमा के आगमन पर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया। डीएवी इंटर कालेज के नजदीक भारतीय नवयुवक बाल समाज की अगुवाई में देवी प्रतिमा के आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ। मातृ शक्तियों ने काली देवी मंदिर तक भक्ति भाव में मगन होकर माता रानी को लेकर आईं। दिव्य आगमन पर दुर्गा प्रतिमा की आरती उतारी। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालुओं ने माता रानी की अगुवानी की। उधर, 11 अक्टूबर से शुरू हो रही शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। शहर के विभिन्न पूजा स्थलों पर आकर्षक पंडालों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। पंडालों को भव्य स्वरूप देने के लिए कोलकाता, जबलपुर, कानपुर, कटनी और लखनऊ से आए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पंडाल की आकर्षक सजावट और भव्य संरचना को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्सुकता बनी हुई है। निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के लिए कारीगर लगातार काम में जुटे हैं। इस मौके पर प्रभुता फाउंडेशन सचिव रजनी गुप्ता, उर्मिला, मधु, संगीता, सोनाली, आस्था, ममता, पूजा, माही, दिशा, पलक, रुनझुन, सपना, भूमि, मुकुल, सक्षम, देवांश, हर्ष, किशन आलोक, विक्की, कैलाश रैकवार आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति की बैठक आज

शारदीय नवरात्र को लेकर पंडाल संयोजक ने तैयारियां तेज कर दी हैं। केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति संरक्षक, पदाधिकारियों व समिति सदस्यों की बैठक सात अक्तूबर (बुधवार) को दोपहर 12:30 महेश्वरी देवी मंदिर परिसर में आयोजित होगी। समिति के अमित सेठ भोलू ने बताया कि 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही शारदीय नवदुर्गा महोत्सव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी पंडाल संयोजकों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने को कहा है।

## त्रिमुहानी पुल से छलांग लगायी महिला का तलाश जारी

महाराजगंज। मंगलवार को दिन में करीब 11 बजे रोहिन नदी पर बने त्रिमुहानी पुल से एक महिला ने नदी में छलांग लगा दिया है। जिसकी एस डीआर एफ, गोताखोर टीम तथा नाव से खोज जारी है। समाचार लिखे जाने तक उक्त महिला का पता नहीं चल पाया है।चौकी प्रभारी आई टी एम कोतवाली महाराजगंज अनिकेत सिंह ने इस प्रकरण के बारे में पूछने पर बताया कि गरीबी 11 बजे एक महिला द्वारा नदी में छलांग लगाए जाने की खबर मिली है। तब से उसकी खोज कराई जा रही है। अभी तक कोई अता-पता नहीं चला है।

# नशीली दवा के दो तस्कर गिरफ्तार

▸ कब्जे से नशीली दवाइयां व एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद

समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी निचलौल रविन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना ठूठीबारी पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तो गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाइयां एवं घटना में प्रयुक्त 1 अदद स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस सम्बन्ध में थाना ठूठीबारी पर मुअसं 138/26, धारा 8, 22(सी), 23(सी) एन डी पी एस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को रिमांड हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में दिलीप हरिजन पुत्र नरसिंह, निवासी गांव पालिका हरपुर, वार्ड नं. 2, थाना पिपरहवा, नेपाल व मंजेश गुप्ता पुत्र प्रभुनाथ गुप्ता, निवासी कस्बा सिन्दुरिया, थाना सिन्दुरिया, जनपद महराजगंज शामिल है। इनके पास से 904 अदद प्रॉक्सीमेक स्पास कैप्सूल तथा 160 अदद प्रोक्सीवोन स्पास कैप्सूल व 1 अदद स्पलेंडर मोटरसाइकिल रजि. नं. यूपी 56बीसी0965 बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम में उनि रमेश पुरी थाना ठूठीबारी, मनीष कुमार तिवारी व एसआई/जीडीबाई रेंगमा कम्पनी 22वीं वाहिनी, एएसआई/जीडी मुकुल हजारी कम्पनी 22वीं वाहिनी, कां. दीपक कुमार, अरुण, गौरव पासवान, जीडी बीर सिंह कम्पनी, जीडी चिल्ला कोटेश्वर राव कम्पनी, जीडी नन्दलाल कम्पनी व का/जीडी यशपाल कम्पनी 22वीं वाहिनी एसएसबी ठूठीबारी शामिल रहे।

# साइबर ठगी के शिकार को पुलिस ने लौटाए 75,000रु.

समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।



पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा साइबर अपराध से संबंधित मामलों में पीड़ितों की धनराशि वापस दिलाए जाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में थाना श्यामदेउरवा साइबर सेल टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना श्यामदेउरवा क्षेत्र के धमौली टोला डुमरिया निवासी सुनील पुत्र महेन्द्र सिंह के साथ साइबर ठगी के माध्यम से 75,000 की धनराशि ठगी गई थी। प्रकरण में साइबर सेल टीम द्वारा धनराशि को होल्ड कराते हुए न्यायालय के आदेश के क्रम में संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर 75,000 रुपये की पूरी धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा थाना श्यामदेउरवा साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया गया।साइबर सेल टीम उनि. अक्षय कुमार सिंह - प्रभारी साइबर सेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए ओम प्रकाश, कां. राजकुमार व योगराज शामिल रहे।

# 358.36 कुंतल मिनी किट बीज वितरण हेतु हुआ उपलब्ध

महाराजगंज। दलहन एवं तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा जनपद को 358.56 कुंतल बीज मिनी किट के रुप मे उपलब्ध कराया गया है। जिसका वितरण ऑनलाइन पंजीयन कराए किसानों में जल्द ही शुरू होगा।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा फसल चक्र अपनाने तथा दलहन एवं तिलहन की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मसूर,तोरिया, सरसों, मटर व चना का मिनी किट उपलब्ध कराया गया है। जिन किसानों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर मिनी किट बीज का डिमांड किया है उन्हें निर्धारित कागजात के साथ सभी विकासखंडों के बीज वितरण केंद्र से मिनी किट वितरित किया जाएगा। मिनी किट की उपलब्धता के बारे में पूछने पर बीजीआई सदर सतीश कुमार प्रजापति ने बताया कि शासन द्वारा 136.56 कुंतल मसूर, 6 कुंतल तोरिया, 161.80 कुंतल सरसों,30 कुंतल मटर तथा 24 कुंतल चना बीज का मिनी किट जनपद में वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है। वही सामान्य वितरण हेतु तीन कुंतल तोरिया तथा 34.70 कुंतल सरसों बीज आ चुका है। जिसका वितरण जल्द ही जनपद के सभी 12 विकास खंडो के राजकीय बीज बिक्री केंद्रों से किया जाएगा।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का माइक्रो प्लान करें तैयार : डीएम

▸ राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाएं : जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता मे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे राहत एवं अन्य आवश्यक कार्यों की विभागवार समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की माइक्रो लेवल पर प्लानिंग तैयार कर समय बद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य कैंप लगाने, गांव-गांव जाकर लोगों का उपचार करने तथा आवश्यक दवाओं, क्लोरीन की गोलियों सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों तक लाकर आवश्यक उपचार, टीकाकरण एवं सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित सड़कों, खड़ंजों, नालियों एवं गड्ढों की मरम्मत निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को विद्युत पोल, जर्जर तार एवं ट्रांसफार्मर आदि को दुरुस्त कर प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुचारु एवं सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को प्राथमिकता के आधार पर गन्ना, धान, केला आदि फसलों को हुई क्षति का वास्तविक एवं पारदर्शी सर्वे कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभावित किसानों को आगामी फसलों के लिए सरसों, राई एवं मसूर के बीज उपलब्ध कराने हेतु बुकिंग प्रक्रिया प्रारंभ कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र प्रभावित व्यक्ति तक पूरी निष्पक्षता, ईमानदारी एवं उदारता के साथ पहुंचाया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को अभियान चलाकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए भूसा उपलब्ध कराने, टीकाकरण कराने तथा बीमार पशुओं का समुचित उपचार सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर निकायों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को उप जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रात के समय कार्यस्थलों एवं आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराने को भी कहा। जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यकता के अनुसार प्रभावित परिवारों को राशन का वितरण सुनिश्चित करने तथा अन्नपूर्णा भवनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। डीपीओ/आईसीडीएस को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सैम/मैम श्रेणी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा आवश्यक उपचार एवं पोषण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

▸ सरकारी ऋण योजनाओं में लक्ष्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें : डीएम

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं की प्रगति, बैंकों द्वारा ऋण वितरण तथा लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऋण एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। बैंक इन योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्व पूर्ण भूमिका निभाते है। इसलिए पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने बैंकवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सरकारी ऋण योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा बैंक स्तर पर अनावश्यक आपत्तियां लगाकर अथवा बिना उचित कारण के ऋण आवेदन निरस्त करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों की प्रगति अपेक्षित स्तर से कम है, वे विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि जनपद में माह जून तक जमा-ऋण अनुपात 51.49 प्रतिशत रहा। जिलाधिकारी ने जमा-ऋण अनुपात में अपेक्षित वृद्धि के लिए बैंकों को अधिक सक्रियता से कार्य करने तथा जनपद में उपलब्ध धनराशि का अधिक से अधिक उपयोग स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक द्वारा पात्र व्यक्तियों, छोटे उद्यमियों, किसानों, स्वरोजगार करने वाले युवाओं तथा अन्य जरूरतमंद लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराया जाना आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऋण वितरण बढ़ने से रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ते है। स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और जिले के आर्थिक विकास को गति मिलती है। साथ ही बैंक द्वारा दिए गए ऋण से ब्याज के रूप में आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने अगली बैंकर्स बैठक तक सरकारी ऋण योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में स्पष्ट सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को ऋण संबंधी प्रक्रिया की सही जानकारी उपलब्ध कराएं और पात्र प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सभी संबंधित विभागों एवं बैंकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# प्राकृतिक खेती व देशी बीज संरक्षण के प्रयासों को जमकर सराहा

▸ नीति आयोग टीम ने बोधगम्य एफपीओ का किया भ्रमण

समृद्धि न्यूज, बांदा।



सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग विशेष सचिव की अगुवाई में नीति आयोग की टीम ने बिसंडा ब्लाक के किसान बोधगम्य किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का भ्रमण करते हुए किसानों के साथ मिलकर किए जा रहे प्राकृतिक खेती, देशी बीज संरक्षण, उत्पादन, प्रसंस्करण व विपणन से संबंधित कार्यों की जानकारी हासिल की। विशेष सचिव के साथ टीम ने प्राकृतिक खेती व देशी बीज संरक्षण के प्रयासों को जमकर सराहा। कस्बे के बिसंडा रोड स्थित जैविक ग्राम में संचालित किसान बोधगम्य फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) का मंगलवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग विशेष सचिव रणविजय यादव ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने एफपीओ द्वारा किसानों के साथ मिलकर किए जा रहे प्राकृतिक कृषि, देशी बीज संरक्षण, उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। भ्रमण की शुरुआत एफपीओ के रिटेल स्टोर से हुई। एफपीओ के सीईओ रोहित श्रीवास्तव ने तैयार व विपणन किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी। क्षेत्र का प्रसिद्ध महाचिन्नावर चावल, बुंदेलखंड की अरहर दाल, कठिया गेहूं सहित अन्य पारंपरिक व स्थानीय कृषि उत्पाद प्रमुख रहे। विशेष सचिव ने वर्मी कंपोस्ट यूनिट व जैविक ग्राम के सहयोग से तैयार किए जा रहे देशी धान की विभिन्न प्रजातियों के प्रदर्शन प्लॉट का अवलोकन किया। बताया गया कि एफपीओ किसानों के साथ मिलकर बीज से उत्पादन और उत्पादन से बाजार तक की सहभागी व्यवस्था पर कार्य कर रहा है। इस दौरान एफपीओ द्वारा किसानों के साथ प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने तथा देशी फसलों एवं पारंपरिक बीजों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई। विशेष सचिव ने कानपुर व लखनऊ जैसे बड़े शहरों में एफपीओ का अपना रिटेल स्टोर स्थापित करने का सुझाव दिया। इस मौके पर बीएसए अव्यक्त राम तिवारी, किसान बोधगम्य एफपीओ निदेशक शिवनारायण, हरिमोहन श्रीवास्तव, प्रमोटर राजेंद्र कुमार, लेखाकार अमन तिवारी सहित किसान सदस्य व सहयोगी उपस्थित रहे।

## घायल युवक ने दम तोड़ा

समृद्धि न्यूज, बांदा।

बिसंडा थाना क्षेत्र के कोरही गांव निवासी शिवप्रसाद (40) पुत्र सुमेर वर्मा 20 जून 2025 को बाइक से बिसंडा जाते समय ट्रक की टक्कर से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए कानपुर, लखनऊ, सतना ले जाया गया। इलाज के दौरान उसने अपनी दो बीघा जमीन गिरवी रख दी। इलाज में 14 लाख रुपये खर्च हो गए। इसके बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। रुपया खत्म होने के बाद परिजन नौ माह पहले उसे घर लिवा लाए थे। सोमवार को दोपहर उसकी अचानक हालत खराब हो गई। कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया।